अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 19°C
सेंसेक्स/निफ्टी 72,493.68 / 22,147.90
सोना 73,370 चांदी 84,500

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 17 अप्रैल 2024 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 25 अंक 101 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2081 7 शव्वाल 1445 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**मैक्सवेल ने बीच आईपीएल से लिया ब्रेक**

# यूपीएससी में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव टॉपर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन-2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। 1016 कैंडिडेट्स इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आईएएस), इंडियन पुलिस सर्विस (आईपीएस) और इंडियन फॉरेन सर्विस (आईएफएस) के लिए चुने गए हैं।

180 आईएएस और 200 आईपीएस अफसर बनेंगे। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है। इस साल टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस ऑफिसर हैं। रैंक 1 हासिल करने वाले आदित्य श्रीवास्तव, रैंक 4 पीके सिद्धार्थ रामकुमार और रैंक 5, रूहानी हैदराबाद में नेशनल पुलिस एकेडमी में आईपीएस ट्रेनिंग पूरी कर रहे हैं। पिछले 11 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है कि सर्विस में रहते हुए किसी आईपीएस ने इस एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। इससे पहले 2013 में आईपीएस ऑफिसर गौरव अग्रवाल ने सिविल सर्विसेज एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी। आदित्य श्रीवास्तव का पिछले साल आईपीएस में सिलेक्शन हुआ था, वह अभी हैदराबाद में आईपीएस की ट्रेनिंग ले रहे हैं। उनका यह तीसरा अटेम्प्ट था। पहली बार में उनका प्री में सिलेक्शन नहीं हुआ था। आदित्य ने 2014 में लखनऊ के सीएमएस की अलीगंज ब्रांच से इंटर किया। इंटर में उनके 98.4 फीसदी मार्क्स थे। आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिक में बीटेक किया। वहां भी वह टॉपर रहे। आदित्य के पिता अजय श्रीवास्तव कैग में ऑडिट ऑफिसर हैं। मां आभा श्रीवास्तव ने बताया कि बेटा बचपन से एक्स्ट्रा आर्डिनरी था। आदित्य ने सिलेक्शन के बाद हैदराबाद की आईपीएस एकेडमी में दोस्तों के साथ जश्न मनाया। आदित्य श्रीवास्तव ने रिजल्ट जारी होने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी एक फोटो शेयर की है। इसमें उन्होंने लिखा है कि सपने सच होते हैं। यूपीएससी का ये सफर मैं जिंदगी भर याद रखूंगा और उन लोगों का हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा, जो मेरे साथ खड़े रहे।



- 1016 कैंडिडेट सिलेक्ट, टॉप पांच रैंक में आने वाले तीन कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस अफसर
- 180 आईएएस और 200 आईपीएस अफसर बनेंगे

### जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से 31 कैंडिडेट्स सिलेक्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से 31 कैंडिडेट्स सिलेक्ट हुए हैं। इनमें से 11 लड़कियों का सिलेक्शन हुआ है। इन सभी स्टूडेंट्स ने जेएमआई के रेजिडेंशियल कोचिंग एकेडमी (आरसीए) से पढ़ाई की थी। जेएमआई की स्टूडेंट नौशीन ने ऑल इंडिया रैंक 9 हासिल की है।

### शराब नीति केस में ईडी ने की 17वीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही ईडी ने एक और आरोपी को अरेस्ट किया है। उसकी पहचान चनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। चनप्रीत ने 2022 गोवा इलेक्शन में आम आदमी पार्टी का फंड मैनेज किया था। एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, चनप्रीत को 12 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था और अगले दिन उसे कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने चनप्रीत को 18 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी की इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के. कविता और कई शराब बिजनेसमैन को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। शराब नीति केस में ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था। चनप्रीत सिंह को पहले इसी मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सीबीआई की एफआईआर के बाद सामने आया था। ईडी ने कोर्ट में ऑफिशियल डाक्यूमेंट दाखिल करके बताया कि चनप्रीत सिंह ने 2022 के गोवा इलेक्शन में कैंपेनिंग के लिए पार्टी फंड का इस्तेमाल किया।

# छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर

## 25-25 लाख के दो इनामी भी मारे गए

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के माड़ इलाके में पुलिस ने नक्सली लीडर शंकर राव सहित 29 माओवादियों को ढेर कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक 30 नक्सलियों के मारे जाने की बात कही जा रही है।

मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें 2 डीआरजी के हैं। घायल जवानों को छोटे बेठिया थाने लाया गया है। उन्हें लाने के लिए चॉपर भेजा गया है। मौके से 5 एके-47 बरामद की हैं। एंटी नक्सल ऑपरेशन में निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ अभी भी जारी है, इस मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए हैं। कांकेर एसपी आइके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुठभेड़ में 29 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की एसपी कल्याण एलिसेला ने की पुष्टि की है। एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि दो टॉप नक्सल कमांडर भी मारे गए हैं। शंकर राव व महिला नक्सली ललिता जिन पर 25-25 लाख का इनाम था। मुठभेड़ में चार एके 47 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताए जा रहे हैं। घायल जवानों को लाने के लिए चॉपर भेजा गया है। बता दें कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर में लोकसभा चुनाव होने हैं।



- तीन जवान घायल, सभी नक्सलियों के शव बरामद

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने जारी की 12वीं सूची, सात उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनावों की 12वीं सूची में उत्तर प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल की सात सीटों के लिए उम्मीदवार मंगलवार को घोषित कर दिए। पार्टी ने इसके साथ ही तेलंगाना एवं उत्तर प्रदेश की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव तथा ओडिशा विधानसभा के चुनाव में 21 उम्मीदवारों की मंगलवार को घोषणा की। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा स्वीकृत 12वीं सूची के अनुसार महाराष्ट्र के सातारा में छत्रपति उदयनराजे भोंसले को तथा पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से अभिजीत दास (बॉबी) को उतारा गया है। उत्तर प्रदेश की फिरोज़ाबाद सीट से ठाकुर विश्वजीत सिंह तथा देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

### झेलम में नाव पलटने से छह लोगों की मौत, कई लापता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गंडबल से बटवारा जा रही एक नाव मंगलवार सुबह झेलम नदी में पलट गई, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दुर्घटना प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में हुई है और हादसे के समय स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोगों को लेकर जा रही थी। श्रीनगर के जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने कहा कि वे पता लगा रहे हैं कि नाव में कितने लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि जहां तक शुरुआती जानकारी है, नाव में 15 लोग सवार थे और उनमें से सात नाबालिग थे और बाकी वयस्क थे। हमने 12 लोगों को नदी से निकाला है और उनमें से छह की दुर्भाग्य से मौत हो गई है। घायलों का तीन का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### सीजीएचएस को आयुष्मान से जोड़ने की भ्रामक जानकारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) कार्ड को एबीएचए कार्ड- आयुष्मान भारत से जोड़ने के संबंध में जो जानकारी दी जा रही हैं, वे पूरी तरह से भ्रामक और गलत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सीजीएचएस रिकॉर्ड को एबीएचए नंबर से जोड़ने के बारे में बहुत सी गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। मंत्रालय ने कहा है कि आयुष्मान कार्ड पूरी तरह से आधार संख्या पर आधारित एक अद्वितीय स्वास्थ्य पहचान पत्र (आईडी) है। आयुष्मान कार्ड (अलग स्वास्थ्य आईडी) की आवश्यकता इसलिए पड़ी, क्योंकि आधार नंबर और अन्य सुरक्षा प्रणालियों को लागू किए बिना कोई भी आधार को किसी भी सिस्टम पर सहेज नहीं सकता है।

# बाबा रामदेव और बालकृष्ण एक सप्ताह में माफीनामा प्रकाशित करें

## सुप्रीम कोर्ट ने 23 अप्रैल को व्यक्तिगत तौर पर मौजूद रहने का दिया निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न बीमारियों के इलाज से संबंधित पतंजलि आयुर्वेद के 'भ्रामक' विज्ञापनों और एलोपैथिक चिकित्सा के 'खिलाफ' बयान देने से जुड़े अदालती अवमानना के मामले में बाबा रामदेव और बालकृष्ण को एक सप्ताह के भीतर विज्ञापन के जरिये माफीनामा प्रकाशित करवाने का मंगलवार को मौका दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने योग गुरु बाबा रामदेव और उनके शिष्य बालकृष्ण के अदालत में पेश होकर माफी मांगने और विज्ञापन के जरिये माफीनामा प्रकाशित करने की उनकी पेशकश का संज्ञान लेते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि आपकी माफी स्वीकार की जाए या नहीं। पीठ ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर इस याचिका पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को अगली सुनवाई के दिन भी व्यक्तिगत तौर पर अदालत में मौजूद रहने का निर्देश दिया। बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने अदालत के समक्ष व्यक्तिगत तौर पर पेश होकर माफी मांगी। बाबा रामदेव ने कहा कि हमारी मंशा किसी के अपमान करने की नहीं थी। हमने पहली बार आयुर्वेद से संबंधित 5000 से अधिक शोध किए। साक्ष्य आधारित दवा बनाने का सबसे बड़ा प्रयास किया है। इस पर पीठ ने श्री रामदेव से सवाल करते हुए कहा कि अगर आपकी आयुर्वेद की दवाएं इतनी प्रभावशाली हैं, तो उनके लिए संबंधित विभाग से मंजूरी लेनी चाहिए थी, आपको एलोपैथिक दवाइयों की निंदा करने की क्यों जरूरत पड़ी। यह एक गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार था। इसके बाद रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने माफी मांगते हुए फिर कहा कि हम आगे से इसका ध्यान रखेंगे। रामदेव ने कहा कि मैं आज से कोई बयान देते समय ध्यान रहूंगा। शीर्ष अदालत ने दोनों के पेश होकर बिना शर्त माफी की मांगने का संज्ञान लिया और उन्हें एक सप्ताह के भीतर विज्ञापन के जरिये माफीनामा प्रकाशित करवाने का मौका दिया, ताकि यह पता चल सके कि वे वास्तव में अपनी गलती पर पक्षतावा करना चाहते हैं या नहीं।

- कहा : हमने अभी तक यह तय नहीं किया है आपकी माफी स्वीकार की जाए या नहीं
- बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत तौर पर पेश होकर मांगी थी माफी



# मॉब लिंचिंग को धर्म से जोड़ना गलत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मॉब लिंचिंग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इन घटनाओं को धर्म के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए।

जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच मॉब लिंचिंग से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमन ने पिछले साल यह याचिका लगाई थी। इसमें अल्पसंख्यकों के खिलाफ भीड़ की हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी पर चिंता जताई गई थी। साथ ही मॉब लिंचिंग में जान गंवाने वाले पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग की गई थी। कोर्ट के पूछने पर याचिकाकर्ता ने बताया था कि याचिका में उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड का जिक्र नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सिलेक्टिव मत बनिए, क्योंकि यह मामला सभी राज्यों से जुड़ा है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कई राज्यों से मॉब लिंचिंग मामलों में उनकी कार्रवाई पर 6 हफ्ते में जवाब भी मांगा है। अगली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की गर्मियों की छुट्टियों के बाद होगी।

- कहा: ऐसे मामलों में सिलेक्टिव न हों, याचिका में कन्हैया लाल हत्याकांड का नहीं था जिक्र

# बंगाल घुसपैठियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली: मोदी

बालुरघाट, वार्ता

**पीएम मोदी** ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि पश्चिम बंगाल सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली बन गया है।

पीएम मोदी ने यहां भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं उम्मीदवार सुकांत मजूमदार के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य उन लोगों (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और अन्य) को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है, जो देश के बाहर से आए हैं लेकिन टीएमसी, सीएए के बारे में झूठ फैला रही है। तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों का समर्थन करती है, लेकिन सीएए का विरोध करती है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। श्री मोदी ने दोहराया और जोर दिया कि यह लोकसभा चुनाव 2024 साबित करेगा कि बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में, दलित, वंचित व्यक्ति और आदिवासी तृणमूल कांग्रेस के नियंत्रण में नहीं हैं। पूरे पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए अद्वितीय समर्थन है। लोगों ने तृणमूल कांग्रेस की लूट और भ्रष्टाचार की संस्कृति को खारिज करने का फैसला किया है।



- कहा: तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों का समर्थन करती है, पर शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले सीएए का करती है विरोध

### संविधान का इस्तेमाल 'राजनीतिक हथियार' के रूप में न करे विपक्ष

**गया।** पीएम मोदी ने संविधान को 'राजनीतिक हथियार' के रूप में इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को चेतावनी देते हुए मंगलवार को कहा कि इसे कोई भी नहीं बदल सकता, यहां तक कि खुद डा. भीमराव अंबेडकर भी इसे नहीं बदल सकते, लेकिन इंडिया गठबंधन के नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि यदि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल दिया जाएगा।

### देश की सुरक्षा से समझौते की कोशिश करने वाले सरकार के रडार पर : पीएम

**पूर्णिया।** पीएम मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत मिशन को पूरा करने के लिए सातों दिन 24 घंटे काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए चेतावनी दी कि देश की सुरक्षा के साथ समझौता करने की कोशिश करने वाले तत्व उनकी सरकार के रडार पर हैं। श्री मोदी ने यहां राजग उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के उद्देश्य से घुसपैठ के कारण सीमांचल बिहार का सबसे संवेदनशील क्षेत्र बन गया है।

# सोने का अधिकार बुनियादी जरूरत: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि सोने का अधिकार एक बुनियादी मानवीय जरूरत है, जिसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में आधी रात के बाद वरिष्ठ नागरिक से ईडी की पूछताछ पर यह टिप्पणी की है।

जस्टिस रेवती मोहिते-डेरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की बेंच ने 15 अप्रैल को कहा कि अर्थली अवर्स (दिन में काम करने का वक्त) के दौरान बयान दर्ज किए जाने चाहिए, न कि रात में जब किसी व्यक्ति का मानसिक कौशल कमजोर हो सकता है। दरअसल, कोर्ट की यह टिप्पणी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में आई, जिसमें याचिकाकर्ता ने एजेंसी के जरिये खुद की गिरफ्तारी को कोर्ट में चुनौती दी। मनी लॉन्ड्रिंग के जुड़े मामले में 7 अगस्त 2023 में ईडी ने 64 साल के राम इसरानी को हिरासत में लिया था।



- ईडी ने की सीनियर सिटीजन से आधी रात से 3.30 बजे तक पूछताछ

# सरकार बनते ही रद्द करेंगे अग्निपथ योजना: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना को सैनिकों का अपमान करार देते हुए मंगलवार को फिर इसकी आलोचना की और कहा कि केंद्र में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है, तो अग्निपथ योजना को रद्द किया जाएगा।

राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोप दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।



- कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना को सैनिकों का अपमान बताया

### केजरीवाल ने डाक्टर से मिलने की याचिका दायर की

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अपने डाक्टर से परामर्श करने की परमिशन मांगी। इस पर दिल्ली की अदालत ने मंगलवार को ईडी को निर्देश दिया कि वह अपना जवाब दाखिल करे। स्पेशल जज राकेश सयाल को दिए अपने आवेदन में केजरीवाल ने कहा कि उनके ब्लड शुगर लेवल में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है और वे अपने डाक्टर से परामर्श लेना चाहते हैं। कोर्ट ने ईडी को 18 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, इसी दिन कोर्ट याचिका पर सुनवाई कर सकती है। केजरीवाल 23 अप्रैल तक ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं।

# इंदिरा गांधी के वन रैंक वन पेंशन के वादे को पीएम मोदी ने पूरा किया: शाह



शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उत्तराखंड के कोटद्वार में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। बीजेपी के प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में हुई इस रैली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल थे।

जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के सामने सवाल खड़े किए, साथ ही उत्तराखंड में मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का भी जिक्र किया। इंदिरा गांधी ने वन रैंक वन पेंशन का वादा किया था, लेकिन यह वादा मोदी जी ने पूरा किया और 70 हजार करोड़ रुपये की धनराशि उन्होंने सीधा सेना के जवानों के खाते में डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है विकसित भारत बनाना, विकसित उत्तराखंड बनाना। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं अपने काम का हिसाब देना चाहिए या नहीं, लेकिन कांग्रेसी हिसाब नहीं देते। उन्होंने कहा कि 10 साल तक उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार थी। तब, उत्तराखंड के नेता मंत्री बने बैठे थे, लेकिन कांग्रेस ने 10 साल में महज 53 हजार करोड़ उत्तराखंड को दिए, जबकि मोदी ने 1 लाख 66 हजार करोड़ रुपये सीधे ग्रांट के रूप में दिए। 82 हजार करोड़ इंफ्रा के लिए भेजे, और भी हजारों करोड़ के विभिन्न प्रोजेक्ट चल रहे हैं। कहा कि जब भी धामी मिलने आते हैं तो मांगों की सूची लेकर आते हैं, इसे देखकर बहुत खुशी होती है और आज के विकसित हो रहे उत्तराखंड को देखकर संतोष भी मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पलायन रोकने के लिए पर्यटन को आगे बढ़ाना होगा। कांग्रेस के समय में डोली के सहारे लोग मार्गों तक आने को मजबूर होते थे लेकिन मोदी जी ने आज 12 हजार करोड़ से ऑल वेदर रोड बना दिया है।

- गृह मंत्री ने कांग्रेस पर उठाए सवाल, रैली में शाह के साथ धामी भी रहे मौजूद

# सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग के आरोपी रिमांड पर

मुंबई, वार्ता

**एक्टर सलमान खान** के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने सोमवार देर रात गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया था। उन्हें मंगलवार दोपहर मुंबई लाया गया। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों की पहचान विक्की गुप्ता और सागर पाल के तौर पर हुई है, जो बिहार के रहने वाले हैं।

इन्होंने सलमान खान के घर की तीन बार रेकी की थीं और पांच राउंड फायर किए थे। आरोपियों ने जिस पिस्तौल से फायरिंग की थी, उसे रिकवर नहीं किया जा सका है। पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपी सलमान के पनवेल वाले फार्म हाउस से 10 किमी दूर रुके थे। पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसने एक फेसबुक पोस्ट में इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी। इससे पहले भी लारेंस गैंग ने कई बार सलमान खान को धमकी दी है। इन दोनों आरोपियों ने सलमान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने 14 अप्रैल की सुबह पांच बजे फायरिंग की थी। दोनों बाइक पर सवार होकर आए और 5 राउंड फायर किए। फायरिंग के वक्त सलमान खान अपने घर में ही थे। घटना के बाद सलमान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। मंगलवार को महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, सलमान से मिलने उनके घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सलमान के पिता सलीम खान से भी मुलाकात की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को भुज से गिरफ्तार किया। मुंबई पुलिस ने कोर्ट में दोनों आरोपियों की 14 दिन की कस्टडी मांगी थी। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों ने फायरिंग के बाद रेलवे ट्रैक पार कर कपड़े बदले और भागने की कोशिश की। दोनों आरोपी सलमान खान के पनवेल फार्म हाऊस से 10 किलोमीटर की दूरी पर ही रुके हुए थे। ऐसे में यह सवाल भी खड़ा होता है कि क्या वे फार्म हाउस को ही टारगेट करना चाहते थे। पुलिस ने दलील दी कि यह एक इंटरनेशनल रैकेट है और इनका बिहार और गुजरात से भी कनेक्शन है।



- सलमान के फार्म हाउस के पास ठहरे थे दोनों आरोपी
- एक्टर से मिलने घर पहुंचे महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

# लोकसभा चुनाव: पहला चरण बीजेपी व इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती

## आज बंद हो जाएगा प्रचार, कुल 1625 उम्मीदवार मैदान में

नई दिल्ली, वार्ता

- पहले चरण में साफ हो जाएगा कि किसका पलड़ा है भारी
- 134 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं तो 1491 पुरुष कैंडिडेट



लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 102 सीटों पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। यहां चुनाव प्रचार बुधवार शाम रुक जाएगा। दिल्ली की सत्ता फतह करने के लिए पहले चरण के सियासी चक्रव्यूह को भेदना बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती है। यह चरण 2024 चुनाव की दिशा तय करने में अहम भूमिका अदा करेगा, क्योंकि बीजेपी के लिए अपनी सीटें बचाए रखने की चुनौती होगी, तो कांग्रेस पर अपनी सीटें बढ़ाने का दारोदमार टिका हुआ है। इतना ही नहीं, इंडिया गठबंधन के अहम हिस्सा डीएमके की साख भी दांव पर लगी है।

राजस्थान और उत्तराखंड में बीजेपी को लगातार दो बार 2014 और 2019 में शत-प्रतिशत सीटें मिली हैं। बीजेपी इस बार के चुनाव में भी फिर इसे दोहराने की कोशिश में है। पूर्वोत्तर भारत में भाजपा और दक्षिण भारत में विपक्ष का दबदबा था। उत्तर प्रदेश में बीजेपी के लिए सीटों की संख्या बढ़ाने की चुनौती रहेगी।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण की जिन 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग है, उनमें अरुणाचल की 2, बिहार की 4, असम की 4, छत्तीसगढ़ की 1, एमपी की 6, महाराष्ट्र की 5, मणिपुर की 2, मेघालय की 2, मिजोरम की 1, नागालैंड की 1, राजस्थान की 12, सिक्किम की एक, तमिलनाडु की 39, त्रिपुरा की एक, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की 5, पश्चिम बंगाल की 3, अंडमान एंड निकोबार की 1, जम्मू-कश्मीर की 1, लक्षद्वीप की 1 और पुडुचेरी की 1 लोकसभा सीट पर मतदान है। इसके लिए बुधवार को इन सीटों पर प्रचार थम जाएगा। पहले चरण की जिन 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उस पर कुल 1625 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें 134 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं तो 1491 पुरुष कैंडिडेट हैं। पहला चरण का चुनाव बीजेपी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। राजस्थान की जिन 12 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग है, उसमें से 11 सीटों पर बीजेपी का कब्जा है और एक सीट आरएलपी को मिली थी। उत्तर प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव है। इस बार समीकरण बदल चुके हैं। पिछली बार सपा के साथ रहने वाला आरएलडी इस बार बीजेपी के साथ है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी समीकरण 2019 से अलग हैं, लेकिन सपा-बसपा ने जिस तरह का तानाबाना बुना है, उससे बीजेपी के लिए कड़ी चुनौती है। क्षत्रीय समुदाय की नाराजगी अगर ऐसी ही बरकरार रही है तो बीजेपी के लिए अपनी सीटें बचाए रखना मुश्किल होगा।

### महाराष्ट्र-एमपी-पूर्वोत्तर में घमासान

महाराष्ट्र की पांच, मध्य प्रदेश की छह और पूर्वोत्तर भारत की 13 सीटों पर भाजपा को अपना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती होगी। महाराष्ट्र की जिन पांच सीटों पर शुक्रवार को मतदान हैं, वहां बीजेपी चार सीटों पर 2019 में जीती थी। शिवसेना और एनसीपी में टूट और अजित पवार और एकनाथ शिंदे के बीजेपी के पाले में जाने, शरद पवार और उद्धव ठाकरे के कांग्रेस से साथ रहने के बाद सियासी समीकरण उलझा है। महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन के बीच कांटे का मुकाबला है। पहले चरण में ही साफ हो जाएगा कि किसका पलड़ा भारी है। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम में वोटिंग होगी। इसके अलावा असम की चार लोकसभा सीट पर पहले ही चरण में चुनाव है और त्रिपुरा की एक सीट पर भी पहले चरण में चुनाव है, जहां पर बीजेपी का कब्जा है। पूर्वोत्तर भारत में कांग्रेस को 2019 में केवल चार सीटें मिली थीं।

# वाराणसी में पीएम के खिलाफ बसपा ने उतारा मुस्लिम प्रत्याशी

- बसपा ने 11 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 11 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने मैनपुरी में अपना उम्मीदवार बदल दिया है। वहीं वाराणसी में मुस्लिम प्रत्याशी को मौका दिया है। इसके अलावा बसपा ने जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

मैनपुरी में बसपा ने अब शिव प्रसाद यादव को कैंडिडेट बनाया है। वहीं बदायूं में मुस्लिम खां, बरेली में छोटे लाल गंगवार, सुल्तानपुर में उदराज वर्मा, फर्रूखाबाद में क्रांति पांडेय, बांदा में मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज में ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया में लल्लन सिंह यादव, गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से अतहर जमाल लारी को कैंडिडेट बनाया है। बसपा ने मैनपुरी से गुलशन शाक्य का टिकट बदला है। उनकी जगह शिव प्रसाद यादव को उतारा है।

बसपा ने एक ओर जहां मैनपुरी में यादव प्रत्याशी दिया है, तो वहीं बदायूं में मुस्लिम को मैदान में उतारा है। ऐसे में मायावती ने सपा परिवार की मुश्किल बढ़ा दी है। बीएसपी ने अब पीएम नरेंद्र मोदी की सीट वाराणसी से मुस्लिम चेहरे के तौर पर अतहर जमाल लारी उम्मीदवार बनाया है। बीएसपी ने सपा मुखिया अखिलेश की पत्नी और मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के खिलाफ प्रत्याशी बदल दिया है। गुलशन देव शाक्य का टिकट काटकर शिव प्रसाद यादव को चुनाव मैदान में उतारा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम कुमार चौधरी, मनीष कुमार कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** बिहार की विकासशील स्वराज पार्टी के नेता प्रेम चौधरी तथा प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा मनीष कुमार यादव आज कांग्रेस में शामिल हो गए। बिहार के दोनों प्रसिद्ध नेताओं ने मंगलवार को बिहार कांग्रेस के बिहार मोहन प्रकाश तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की उपस्थिति में प्रेम कुमार चौधरी और डॉ. मनीष कुमार यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विकासशील स्वराज पार्टी के नेता प्रेम चौधरी ने कहा कि वह अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर रहे है। चौधरी का बिहार के 10 जिलों में खासा प्रभाव माना जाता है और मुख्यत: निषाद समुदाय में उनकी अच्छी पकड़ है।

### निर्वाचित मुख्यमंत्री से जेल में आतंकियों की तरह व्यवहार: संजय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्लीवालों के चहेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ जेल में आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है और इससे आहत होकर उन्होंने देश की जनता के नाम संदेश भेजकर कहा कि वह आतंकवादी नहीं हैं। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली और देश की जनता के लिए बेटे और भाई की तरह काम किया। उन्होंने जनता के लिए संदेश भेजा है कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं।

### दूसरे चरण में एक चौथाई उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर लड़ने वाले करीब एक चौथाई प्रत्याशी किसी न किसी आपराधिक मामले में लिप्त हैं। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार आठ सीटों से नामांकन दाखिल करने वाले 91 प्रत्याशियों में से 21 ने खुद पर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें 18 फीसदी गंभीर आपराधिक वारदातों में संलिप्त हैं। अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे सभी 91 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है।

# मोदी ने शांति-विकास के जरिये जम्मू-कश्मीर को बदल दिया

जम्मू, वार्ता



- बीजेपी उम्मीदवार जुगल किशोर की सभा में बोले गृहमंत्री अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक दशक में किए गए विकास कार्यों और प्रगति को गिनाते हुए मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास नई सामान्य बात है। शाह ने यहां रूप नगर इलाके में मन्हास बिरादरी ग्राउंड में जम्मू-रियासी लोकसभा सीट से उम्मीदवार जुगल किशोर शर्मा के पक्ष में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र को सबसे ज्यादा फायदा जम्मू-कश्मीर और उसके लोगों को हुआ है।

शाह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित प्रेम नाथ डोगरा के बलिदान तथा आंदोलन को याद करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 अब मौजूद नहीं है और इस क्षेत्र के हर कोने में 'तिरंगा' ऊंचा लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर को कन्या कुमारी से जुड़ने के लिए ट्रेन चलने वाली है और उस दिन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, जहां अतीत में आतंकवादी घटनाएं, पथराव, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, गोलीबारी और 'हड़ताल' होती थी, वहां अब श्री मोदी के नेतृत्व में शांति, विकास तथा प्रगति ने जगह ले ली है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है।

लैपटॉप ने उन हाथों की जगह ले ली है, जिनका इस्तेमाल पथराव के लिए किया जाता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सब का साथ, सबका विकास' के लिए हर वर्ग और समाज को साथ लेकर चलते हैं। 'भारत माता की जय' के नारे लगाते हुए शाह ने भाजपा नेताओं के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके संघर्षों के कारण ही वर्तमान जम्मू-कश्मीर संभव हो सका।

# बीजेपी और बीएसपी में चुनावी वाकयुद्ध

## माफिया, गुंडों का राम नाम सत्य हो गया: योगी

शाह टाइम्स संवाददाता



- बीजेपी सरकार ने सुरक्षा का माहौल पैदा किया, विपक्ष को अच्छाई पसंद नहीं

**बिजनौर।** किसी दल विशेष का नाम लिए बगैर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार प्रदेश की जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं और माफिया तत्वों को नेस्तानाबूद करने में भी समय नहीं लगाती है। नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन कल है।

अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गई, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया। उन्होने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं।

### रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 10-05 करोड़ है। मुख्य दलों में बसपा के 8 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 10.75 करोड़ है।

## इस बार भाजपा सत्ता में नहीं आएगी: मायावती

शाह टाइम्स संवाददाता



- बिजनौर में विपक्ष पर जमकर बरसीं, कहा- हमें सत्ता से रोकती है भाजपा-कांग्रेस

**बिजनौर।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि बीजेपी और कांग्रेस हमें सत्ता में आने से रोकती हैं। वे मंगलवार को चुनाव प्रचार करने बिजनौर के नुमाइश ग्राउंड में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बिजनौर लोकसभा से बसपा प्रत्याशी चौधरी विजेंद्र सिंह और नगीना सुरक्षित सीट से बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने जनता से बसपा प्रत्याशियों के हित में वोट डालने की अपील की।

मायावती ने कहा कि आपकी भीड़ देखकर मैं निश्चित हो गई कि अबकी बार आप बिजनौर से हमारे प्रत्याशी चौधरी विजेंद्र सिंह और नगीना प्रत्याशी सुरेंद्र पाल को भारी मतों से वोट देकर विजयी बनाने का काम करेंगे। मायावती ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि अबकी बार सांप्रदायिक व पूंजीपतियों की मदद करने वाली भाजपा सरकार भी सत्ता में आने वाली नहीं है। यह जुमलेबाजी की सरकार है। इस बात को जनता समझ चुकी है। अच्छे दिन और खातों में रुपये डालने के बस झूठे वादे किए थे। जिसको जनता समझ चुकी है। बीजेपी के नेता जनता से झूठ बोलने और पूंजीपतियों की मदद करने में 5 साल लगी रही। जनता इन सब चीजों को समझ चुकी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अब किसान भी सरकारों के कामों को देखते हुए अबकी बार लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे। उन्होंने कहा कि बसपा की सरकारों में सभी जातियों को एक साथ लेकर उनके हित में काम करने का काम किया गया है। बसपा आज भी सवर्जन सुखाय और सर्वजन हिताय के सिद्धांत पर काम कर रही है। मायावती ने कहा कि हमारे देश की चारों तरफ से सीमाएं भी सुरक्षित नहीं है। बीजेपी और कांग्रेस की सरकारों का काम हमें सत्ता में आने से रोकना है।


### चंद्रशेखर जैसे बिकाऊ किस्म के लोग: मायावती

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने नगीना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर पर बड़ा हमला बोला है। बिजनौर में बसपा सुप्रीमो मायावती मंच से चद्रशेखर आजाद पर भड़क गईं। पूर्व सीएम ने कहा कि बसपा को छोटे दल हराने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरोधी पार्टी व बिकाऊ किस्म के लोग उम्मीदवार को हराने में जुटे है। छोटे दल दलित वोटो की सेंधमारी कर रहे हैं।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरा

मुंबई, वार्ता



- ब्याज दर में जल्द कटौती नहीं होने की आशंका में भारी बिकवाली

अमेरिका में मार्च की खुदरा बिक्री के आंकड़े उम्मीद से अधिक मजबूत रहने से फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में जल्द कटौती शुरू नहीं करने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समेत दस समूहों में बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 456.10 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 72,943.68 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत बढ़कर 40,315.36 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत उछलकर 45,423.98 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1568 में गिरावट जबकि 2250 के शेयरों में तेजी रही, वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 हरे निशान पर बंद हुई। बीएसई के 10 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 0.24, वित्तीय सेवाएं 0.27, आईटी 2.32, दूरसंचार 0.40, बैंकिंग 0.50, कैपिटल गुड्स 0.26, धातु 0.36, रियल्टी 0.33, टेक 2.09 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.49, जर्मनी का डैक्स 1.45, जापान का निक्केई 1.94, हांगकांग का हैंगसेंग 2.12, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.28 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.65 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 508 अंक की भारी गिरावट के साथ 72,892.14 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,135.43 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 72,685.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 73,399.78 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत टूटकर 72,943.68 अंक रह गया। निफ्टी 147 अंक उतरकर 22,125.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,213.75 अंक के उच्चतम जबकि 22,079.45 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### डेयरी ऋण योजना को लेकर भ्रामक जानकारी से नाबार्ड ने किया सतर्क

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 'नाबार्ड डेयरी ऋण योजना' के बारे में वर्तमान में फैलाई जा रही गलत सूचना से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस संबंध में नाबार्ड ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए उन झूठे दावों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया है कि नाबार्ड डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है। नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है।

## अर्थ व्यापार

# विदेशी बाजारों में गिरावट से उठाव सुस्त

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में गिरावट के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 41 रिंगिट गिरकर 4236 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.56 सेंट की की गिरावट के साथ 44.91 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

आपके व्यापार को दे मजबूत आधार शाह टाइम्स का बाजार

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महबूबा मुफ्ती ने किया चुनाव प्रचार का शंखनाद

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को अनंतनाग- राजौरी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार का शंखनाद किया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में सात मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। सुश्री मुफ्ती का मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार एवं गुज्जर नेता मियां अल्ताफ से है। पीडीपी अध्यक्ष ने आज वाची ज़ैनपोरा शोपियां से रोड शो शुरू किया, जिनके साथ श्रीनगर लोकसभा उम्मीदवार वहीद पारा सहित पार्टी नेता भी थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूरे कश्मीर को जेल में बदल दिया गया है और चुनाव की घोषणा के साथ ही गिरफ्तारियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव से पहले सैकड़ों युवाओं को गिरफ्तार किया जा रहा है और उनके खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। हाल ही में शोपियां इलाके में आतंकवादियों ने एक टूरिस्ट गाइड को गोली मारकर घायल कर दिया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है,।

## कश्मीरी नेताओं ने चुनाव प्रचार रद्द किया

**श्रीनगर।** कश्मीर में मुख्यधारा के कई राजनेताओं ने श्रीनगर नाव त्रासदी के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और श्रीनगर लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार रूहुल्लाह मेहदी ने घोषणा की कि वह दो दिनों तक चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। बडगाम के एक प्रभावशाली शिया नेता रुहुल्ला ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज हम सभी के लिए और बटवारा में अपनी जान गंवाने वाले बच्चों के शोक संतप्त परिवारों के वास्ते यह एक दुखद दिन है। मैंने आज और कल के लिए अपने सभी प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिए। सज्जाद लोन की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने पार्टी कैडरों और नेताओं से चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों को निलंबित करने को कहा।

# तकनीक से कार्यकुशलता बढ़ाएं अफसर

नई दिल्ली, वार्ता



आईईएस अधिकारियों से बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों से नए विचारों, तरीकों और तकनीकों के माध्यम से कार्य कुशलता बढ़ाने को कहा है।

श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए आईईएस (2022 और 2023 बैच) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह से मुलाकात के दौरान यह बात कही। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण और साक्ष्य आधारित विकास कार्यक्रमों ने लोगों के आर्थिक उत्थान में तेजी लाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि युवा आईईएस अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे अपनी कार्य कुशलता को नए विचारों, तरीकों और तकनीकों के माध्यम से बढ़ाएं। उनकी रचनात्मकता तेजी से परिवर्तनशील युग में देश के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने में मदद करेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि 'देश के विकास में आर्थिक विकास एक महत्वपूर्ण घटक है। मध्यम और सूक्ष्म आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी पैरामीटर माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी तथा उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है ऐसे में अधिकारियों को आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूर्णत: विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे इन अवसरों का समुचित लाभ उठाकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आर्थिक सेवा के अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ संसाधन वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने तथा योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करें। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, क्योंकि नीतियों का निर्धारण उनके दिए गए सुझावों पर निर्भर करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अच्छी बात है कि 2022 और 2023 बैच के आईईएस अधिकारियों में से 60 प्रतिशत से अधिक महिला अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से भारत के समावेशी विकास के संकल्प को पूर्ण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने महिला अधिकारियों से महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने युवा अधिकारियों से आग्रह किया कि अपने कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते समय वे, देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों को ध्यान में रखें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

चमत्कार वही जो सर चढ़कर बोले
फोन करते ही जिंदगी संवारें
गुरू अरमान जी
समस्या जैसे लव मैरिज में माता पिता को मनाना, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति पत्नी, सास बहू में अनबन, गृह क्लेश, शादी व कारोबार में रूकावट, स्पेशलिस्ट: वशीकरण, मुठकरनी, विदेश यात्रा में अड़चन।
मोबाईल नं०- 9997989667
फोन पर समय लेकर मिलें-मेरठ

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषिधया डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
09871683560
09811510106

स्थापित 1835 पछताना कैसा?
मर्दाना कमजोरी
फोन उठायें और परामर्श लें
नसों की खराबी कमजोरी, लिंग का छोटापन, पतलापन, मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन व नामर्दी का सफल इलाज।
अलताज दवाखाना दिल्ली-53
09971207227
09899509822

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9027170666,9319393203

# भोकरहेड़ी के जवान की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी निवासी सी आई एस एफ के जवान की गाजीपुर बॉर्डर के निकट सड़क हादसे में मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला सुभाष चौक निवासी 36 वर्षीय रोहित कुमार बालियान सी आई एस एफ में तैनात हुआ था। मंगलवार की सुबह सवेरे रोहित बालियान अपने निवास मेरठ से बुलेट मोटरसाइकिल द्वारा दिल्ली स्थित अपने कार्यस्थल पर जा रहा था। कि जैसे ही वह गाजीपुर बॉर्डर के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे रोहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। तथा उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों की मदद से रोहित को अस्पताल भेजा गया। जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त



मृतक का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार रोहित 2009 में सी आई एस एफ में तैनात हुआ था।तथा दिल्ली में सी बी आई कार्यालय पर तैनात था। रोहित की पत्नी निशि सी आर पी एफ गाजियाबाद में तैनात हैं।दम्पत्ति मेरठ में निवास कर रहे थे। रोहित की मौत का समाचार पाकर परिवार में कोहराम मच गया। रोहित अपने पीछे पत्नी निशि व तीन वर्षीय पुत्री युवी के अलावा पिता महेश को छोड़ गया है।रोहित की मौत से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गयी है। रोहित बालियान का परिवार मूल रूप से जनपद के शाहपुर क्षेत्र के गांव बरवाला निवासी है। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व चेयरमैन कैप्टन ज्ञानेन्द्र सिंह,राजेश कुमार, बाबा ओमबीर सिंह, अमित राठी, चेयरमैन पति रमेश वामन, डॉ. वीरपाल सहरावत, उदयवीर सिंह, ललित सहरावत, डॉ. अलीशेर अंसारी, अंकुर सहरावत, जोगेन्द्र वर्मा, रामकुमार शर्मा, अजय चेयरमैन, रामबीर सिंह, विशाल छुटा आदि ने शोक प्रकट किया है। शाम के समय रोहित के शव को घर लाया गया। शव को देखकर परिजन बिलख उठे देर शाम शुकतीर्थ शमशान घाट पर मृतक का अंतिम सँस्कार किया गया।

## कविता अग्रवाल बनी सीजेएम

**मुजफ्फरनगर।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर कई न्यायिक अधिकारियों के तबादले होने व बाहर से कई की यहां तैनाती होने पर कविता अग्रवाल अब मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बनी इस पद पर तैनात रही आकांक्षा गर्ग को अब अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फर्स्ट बनाया गया है आर. एम. सिंह को सिविल ज ज सिनीयर (डी) बनाया गया है इस के अलावा कनिष्क कुमार सिंह को ऐ डी जे 5 व विशेष गैंगस्टर कोर्ट का पीठासीन अधिकारी बनाया गया है कासिफ शेख को ऐ डी जे 6 , दिव्या भार्गव को ऐ डी जे 7 बनाया गया है। सत्येंद्र कुमार चौधरी को एसीजेएम कोर्ट नंबर दो बनाया है।

# चुनाव के लिए वाहन न देने पर 12 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- मतदान कराने के लिए पड़ती है कई हजार वाहनों की आवश्यकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मतदान के लिए अधिग्रहण किए जाने वाले वाहन स्वामियों को इस बार चालीस प्रतिशत अधिक भुगतान देने के बाद भी वाहनों को प्रशासन के सुपुर्द न करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध परिवहन विभाग कानूनी कार्रवाई में जुट गया है। ऐसे ऐसे 12 वाहन स्वामियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है जो नोटिस मिलने के बाद भी वाहनों को प्रशासन के सुपुर्द करने में आनाकानी कर रहे हैं।

एआरटीओ प्रशाशन अजय मिश्रा व एआरटीओ प्रवर्तन सुशील मिश्रा ने शहर कोतवाली, थाना बुढाना, थाना फुगाना, थाना पुरकाजी, थाना जानसठ और नई मंडी थाने में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की



धारा 160 के उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज कराई है। जिन वाहन स्वामियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है उनमें स्कॉर्पियो संख्या यूपी 12 बीआर 6363 के स्वामी सलूजा देवी पत्नी रवि राठी निवासी भूराहेडी, पिकअप संख्या यूपी 12 सीटी 2971 के स्वामी नदीम पुत्र दीन मोहम्मद निवासी ग्राम लोई, स्कॉर्पियो संख्या यूपी 12 बीआर 2023 के स्वामी खुर्शीद आलम पुत्र लियाकत अली निवासी ग्राम शेरपुर, स्कॉर्पियो संख्या यूपी 12 एएक्स 0986 के मालिक उमेश त्यागी पुत्र केव प्रसाद निवासी रामपुरी शहर, बुलेरो संख्या यूपी 12 बीआर 0157 के मालिक मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद मुर्तजा निवासी ग्राम शेरपुर, अर्टिगा संख्या यूपी 12 बीआर 6257 के स्वामी अनुज शर्मा पुत्र श्याम शर्मा निवासी नदी रोड गौशाला शहर, अर्टिगा संख्या यूपी 12 बीएम 4636 के स्वामी अभिनव पुत्र बाल किशन निवासी ग्राम फुगाना शामिल है। इको संख्या यूपी 12 बीसी 7740 के मालिक राजीव मित्तल पुत्र वीरेंद्र प्रसाद मित्तल बुढाना, बुलेरो संख्या यूपी एजे 8292 के स्वामी सुभाष पुत्र रूपचंद नया अलमासपुर, मोटर कैब यूपी 12 बीटी 4578 राजवीर सिंह पुत्र हरपाल सिंह गांव खेडकी, बुलेरो संख्या यूपी 12 बीसी 0768 धन प्रकाश गौतम पुत्र मोहर सिंह गांव खेडकी, अर्टिगा संख्या यूपी 12 बीएस 4187 के स्वामी कमल कुमार पुत्र सुभाष चंद्र पछाला पूर्वी बुढाना के नाम शामिल है। दरअसल पहले चरण के चुनाव में आगामी 19 अप्रैल को जनपद में वोटिंग होनी है जिसके लिए मतदान कर्मियों सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स कॉलिंग भूतों तक ले जाने और वापस लाने के लिए 16 अप्रैल तक वहां प्रशासन किस उपाधि में देने के नोटिस जारी किए गए थे।



मुजफ्फरनगर: दुर्गा अष्टमी पर कन्याओं को जिमाते श्रद्धालु।

# हरेन्द्र को मिला खाप चौधरी का साथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिसौली।** इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी हरेंद्र मलिक ने आज दलबल के साथ सिसौली में चुनाव प्रचार का आगाज किया।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी हरेन्द्र मलिक ने सिसौली पहुंचकर बालियान खाप के मुखिया बाबा नरेश टिकैत से आशीर्वाद लिया । बालियान खाप के मुखिया एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने सपा लोकसभा प्रत्याशी हरेंद्र मलिक का गर्मजोशी से स्वागत कर आशीर्वाद दिया। सपा गठबंधन प्रत्याशी हरेंद्र मलिक ने अखंड किसान ज्योति में घी डालकर मुजफ्फरनगर लोकसभा चुनाव में जीत के लिए प्रार्थना की।

सपा गठबंधन प्रत्याशी हरेंद्र मलिक ने कस्बा सिसौली में कई जगह नुक्कड सभाएं की और कस्बा वासियों से लोकसभा चुनाव में अपने लिए समर्थन मांगा। वहीं चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में राजपूतों को साधने के लिए भाजपा और सपा दोनों खेमे जी-जान से जुटे हुए है। खतौली क्षेत्र के खेडा गांव में हुई राजपूत पंचायत में ठाकुर पूरण सिंह ने जहां सपा प्रत्याशी हरेन्द्र मलिक को समर्थन देने का प्रयास किया वहीं दूधली में हुई एक अन्य राजपूत पंचायत में सुभाष चौहान ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजीव बालियान के लिए समर्थन देते हुए मौजूद लोगों के हाथ खड़े कराए।

## बुलेट रानी ने शिव चौक पर की पूजा



**मुजफ्फरनगर।** माता राजलक्ष्मी मांदा तमिलनाडु के मदुरई शहर से 21 हजार किलोमीटर की लंबी यात्रा पर हैं। मदुरई से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक की अपनी यात्रा के अंतर्गत बुलेट से आज वह शहर के हृदय स्थल शिव चौक पर पहुंची तो बड़ी संख्या में भाजपाईयों ने उसका स्वागत किया।

शिव पूजा के बाद माता राजलक्ष्मी मांदा ने बताया कि वोट घॅर मोदी, फोट फॉर नेशन अभियान के अंतर्गत बीते 12 फरवरी को उन्होंने तमिलनाडु के शहर मदुरई से बुलेट द्वारा 21 हजार किलोमीटर लंबी यात्रा आरंभ की हुई है। 65 दिनों की यात्रा में वह 15 राज्यों से होकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। वोट फॉर मोदी वोट फॉर नेशन के नारे को लेकर वह भारत को सक्षम, समृद्ध, विकसित बनाने के उद्देश्य को लेकर वह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती हैं। भारत मजबूत बने, भारत विश्व गुरु बने ऐसा प्रत्येक का सपना है, जो मोदी की ही साकार कर सकती हैं शुकतीर्थ मे हुए स्वागत से बुलेट रानी प्रसन्न दिखाई पडी। मंगलवार की बुलेट रानी का काफिला राजधानी दिल्ली की ओर निकल गया। बुलेट रानी की टीम में मदन कुमार गुरुजी, जे रामदास, वेंकटेशन, अन्नपूर्णा, नागमणि, पूगलेंदी आदि शामिल रहे।

# कचहरी में किशोरी भगाने के आरोपी को धुना

- दो लोगों को किया पुरकाजी पुलिस के हवाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लड़की भगाने के मामलों को लेकर कचहरी आए, दो पक्षों के बीच जबरदस्त मारपीट हो गई। इस हमले में आरोपी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया तो लड़की व लड़के पक्ष के दो लोगो को संबंधित थाने पुरकाजी पुलिस को सौंप दिया है।

मंगलवार की दोपहर कचहरी परिसर में उस वक्त अफरा तफरी मच गई, जब दो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस समय करीब आधा




दर्जन लोगो ने एक युवक की जबरदस्त पीटाई कर दी। तुरंत ही इसकी जानकारी पुलिस को दी गई तो कुछ देर बार पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, और भीड़ की मदद से दो युवकों को हिरासत में लिया। इस समय एक युवक घायल अवस्था में था कचहरी चौकी इंचार्ज ने मामले की जांच पडताल कर दोंनो को पुरकाजी पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि पुरकाजी क्षेत्र के निवासी शुभंम पुत्र सहेन्द्र पर एक किशोरी को भगा ले जाना का आरोप है। मंगलवार को शुभंम कुछ लोगो के साथ उक्त किशोरी को लेकर कचेहरी पहुंचा। इसकी भनक किसी तरह किशोरी के परिजनों को लगी तो वह भी कचहरी पहुंच गए। देखते ही देखते यहां कहा सुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई, और कुछ लोगो ने शुभंम को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने शुभंम और लड़की पक्ष के एक युवक को मौके पर दबोच लिया गया। जहां शुभंम पक्ष का कहना था, कि वह किशोरी को लड़की पक्ष के हवाले करना चाहते थे इस लिए वह कचहरी आए थे, और अपने वकील के सहयोग से लडकी को उसके परिवार को सौंपनी थी। फिलहाल अब इस मामले में पुरकाजी पुलिस कार्यवाही करेगी।


















# इलैक्ट्रिक स्कूटी में आग लगने से लाखों का सामान जला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के मौहल्ला कोटला पुरानी घास मंडी स्थित एक मकान में देर रात इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में आग लग गई। जिससे स्कूटी, एक्टिवा स्कूटी व कार तथा आसपास रखा घर का सामान भी जल गया। आग फैलने के काफी देर बाद घरवालों को घटना का पता लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकठा हुए और काफी देर बाद आग पर काबू पाया जा सका।

कस्बे के मौहल्ला कोटला पुरानी घास मंडी में रहीस आलम पुत्र अजीजुल हसन सीकरी वाले का मकान स्थित है। इन्होने कुछ दिनों पहले बैटरी से संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। बताया गया है कि रहीस आलम ने उसे चार्जिंग पर लगाया था चार्जिंग फुल होने के बाद वह सोने के लिऐ चला गया था। रात करीब दो बजे स्कूटी में फाल्ट होने से बैटरी में आग लग गई। जिससे पूरी स्कूटी जल गई, स्कूटी की आग आसपास भी फैल गई। स्कूटी के बराबर में खडी एक्टिवा स्कूटी तथा निशान मेगनाईट कार भी जलने लगी कुछ देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया तथा पूरे घर में धूंआ फेल गया जिस कारण रहीस आलम व परिजनो की आंखे खुल गयी तथा उन्होने शोर मचा दिया। शोर सुनकर पास में रहने वाले विकास, जुगनू, अमन व शिजान आदि मौके पर पहुंचे तथा रहीस आलम के परिवार को छत से दूसरे मकान से सुरक्षित निकाल लिया। आसपास के लोग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बढ़ती देख दमकल को भी सूचना दी गई तथा 112 वा काल की गयी तो काल उत्तराखंड में जाकर लगी जिस कारण मौहल्ले वाले खुद ही आग बुझाने का प्रयास करते रहे। आग लगने से किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन घर स्वामी की दो स्कूटी व एक कार सहित अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। रहीस आलम ने बताया कि उसकी पत्नी शबाना खानम की ओर से थाने में अग्रिम कार्यवाही के लिए तहरीर दे दी गई है।

## खूनी संघर्ष में महिला समेत 5 ग्रामीण घायल

**बुढ़ाना।** मामूली सी बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ पड़े। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के पांच लोगों लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और फर्जी केस बनाने के उद्देश्य से अपने ही घर में तोड़फोड़ कर दी। इन सभी घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां के अनीस राणा और शकील राणा पक्ष में बीते सोमवार को बाइक हटाने को लेकर कहा. सुनी हो गयी थी। तब मौहल्ले के लोगों ने दोनों पक्षों में बीच बचाव कराकर मामला शांत कर दिया था। आरोप है कि आज मंगलवार की सायं रहीस पुत्र अनीस अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था कि दूसरे पक्ष शकील राणा के पुत्र सलीम, मुस्तकीम और मुरसलीन के अलावा सद्दाम पुत्र सगीर सहित अन्य कई लोगों ने एक राय होकर अचानक से लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर रहीस को बचाने आए उसके भाईयों खालिद, जाफरी पत्नी अनीस, अहसान अली पुत्र हनीफ और अनीस पुत्र हनीफ को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया और सभी को हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गये। बताया जाता है कि आरोपियों ने फर्जी केस बनाने के उद्देश्य से अपने ही घर में तोड़ फोड़ कर दी। उधर घटना की सूचना पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को हस्पताल भिजवाया। जिसमें रहीस को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक गांव में शांतिपूर्ण तनाव बना हुआ था। घायलों की और से तहरीर पुलिस को मिल नहीं पाई थी।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने डाकघर पर धरना दिया

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मंगलवार को भाकियू कार्यकर्ताओ ने डाकघर में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ पोस्ट ऑफिस के बाहर धरना दिया और जमकर नारेबाजी की, वहीं भाकियू के धरने की सूचना पर मौके पर पहुचें डाक अधिकारियों ने भाकियू कार्यकर्ताओ की समस्याओं को सुनकर जल्द समाधान करने का आश्वाशन दिया है। कार्यकर्ताओ ने कहा की अगर डाक अधिकारियों ने अपनी कार्यपरणाली में सुधार नही किया तो पोस्ट ऑफिस पर जल्द ही बड़ा धरना प्रदर्शन होगा। वही आश्वासन मिलने के बाद भाकियू कार्यकर्ताओ ने धरना समाप्त कर दिया था।

मंगलवार को भाकियू जिला उपाध्यक्ष अंकुश प्रधान के नेतृव में जुल्फिकार छोटा, मुज्जमिल, असद खान शालू, राजकुमार तेवतिया आदि दर्जनों कार्यकर्ताओ ने बड़ा बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस कार्यलय पर धरना प्रदर्शन किया अंकुश प्रधान ने कहा की पोस्ट ऑफिस के अधिकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त है। लोगों के पोस्ट ऑफिस में कार्य नही होते है। उन्हें चक्कर कटवाये जाते है। किसी को एफडी के लिए किसी को आधार कार्ड बनवाने के लिये ऐसी कई कार्य के लिये डाक अधिकारी लोगों को जबरन चक्कर लगवाते है। मगर उनके कार्य नही करते है। जिससे लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंकुश प्रधान ने कहा डाकघर अधिकारियों की कार्यशैली से लोगो का उत्पीड़न हो रहा है, जो भाकियू किसी कीमत पर बर्दास्त नही करेगी। अंकुश प्रधान ने कहा की यह धरना डाकघर अधिकारियों को भरस्टाचार बन्द करने के लिये दिया गया है। अगर अधिकारियों ने अपनी कार्यशैली में सुधार नही किया तो भाकियू डाक अधिकारियों के खिलाफ जल्द बड़ा धरना प्रदर्शन करेगी, वही भाकियू के धरने की सूचना मिलने पर डाक अधिकारी मौके पर पहुचें और भाकियू कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी। इस दौरान डाक अधिकारियों ने भाकियू को 15 दिन में लोगों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद भाकियू ने अपना धरना समाप्त कर दिया था।



# बतौर उपहार अपना पैन शमशेर मलिक को दे गये अखिलेश यादव

- **कार्यकर्ताओं को दे गए नजदीकी का प्रेरणादायी संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अधयक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा जमीनी छोटे कार्यकर्ताओं को सम्मान देकर उनका हौसला बढाने का काम किया है, इसकी बानगी उस वक्त देखने को मिली जब अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हरेंद्र मलिक के समर्थन में बघरा में जनसभा को संबोधित करने पहुँचे थे।

यहाँ मंच पर सपा सुप्रीमो के करीबी युवा नेताओं में शुमार शमशेर मलिक ने अखिलेश यादव को उपहार स्वरूप पैन भेंट कर उनका स्वागत किया तो युवाओं का सम्मान बढाने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपना पर्सनल पैन उपहार के तौर पर शमशेर मलिक को देकर उनकी पीठ थपथपाई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान और प्यार पाने वाले शमशेर मलिक कहना था कि ये क्षण मेरे लिये बेहद भावुक कर देने वाले थे। अखिलेश यादव बहुत बडे दिल के नेता हैं अपने कार्यकर्ताओं का बेहद सम्मान व लगाव रखते हैं। मैं उनका तह दिल से शुक्रगुजार हूं उस पैन को हमेशा संजोकर रखूँगा।

इस दौरान सपा प्रत्याशी हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, विधायक पंकज मलिक, जिला अध्यक्ष जिया चौधरी ने भी सपा मुखिया अखिलेश यादव से सपा नेता शमशेर मलिक के पार्टी के पार्टी किए जा रहे कार्यों की जमकर तारीफ की।



मुजफ्फरनगर: शमशेर मलिक को अपना पैन उपहार स्वरूप देते अखिलेश यादव।

## विवाहिता को मारने का किया प्रयास

**मोरना।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी मोहम्मद नबी ने भोपा थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री नसरीन की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व भोपा थाना क्षेत्र के गांव बाखर नगर निवासी युवक से हुई थी शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नसरीन के साथ मारपीट करते थे।

मंगलवार को दोपहर ससुराल जनों ने नसरीन के साथ मारपीट की जिसके बाद नसरीन ने पुलिस को फोन करने की बात कही तो आरोपी ससुराल पक्ष ने नसरीन को जहर देकर मारने का प्रयास किया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने विवाहिता को मुजफ्फरनगर स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। पिता ने आरोपी ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## अष्टमी पर कन्याओं का पूजन

- **आज श्रद्धालु करेंगे श्री राम नवमी पर कन्या पूजन**

**मीरापुर।** चैत्र नवरात्र दुर्गाष्टमी का आज दुर्गा माता व कन्याओं का पूजन कर भक्तो ने अपने व्रत खोले। इस मौके पर देवी के मंदिरो में विशेष सजावट कर पूजा अर्चना की गई।

चैत्र नवरात्रो के अवसर पर अष्टमी तिथि पर भक्तजनो ने अपने घरो में कन्याओं को बुलाकर उनका पूजन किया तथा भोजन प्रसाद कराया व उपहार दिये गये। नगर के काली मंदिर, योगमाया मंदिर, शीतला माता मंदिर पर प्रात काल से ही दर्शन करने वाले भक्तो की भीड लगी रही। इस मौके पर मंदिरो को विशेष सजाया गया था। सांयकाल मंदिरो में दुर्गा की विशेष आरती व पूजा का आयोजन किया गया। काली मंदिर पर रात्रि जागरण किया गया तथा प्रात काल प्रसाद के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिरो में राम नवमी पर्व की तैयारियां की जा रही हैं राम मंदिर पंजाबी कालोनी में अखंड रामचरित्र मानस का पाठ का शुभारम्भ पूजा अर्चना के बाद शुरू कर दिया गया। राम नवमी के अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरो में पूजा अर्चना व भंडारे का आयोजन किया जायेगा। राम नवमी पर मुख्य आयोजन पंजाबी कालोनी में स्थित राम मंदिर में आयोजित किया जायेगा।

# विदेश भेजने के नाम पर तीन लोगों से लाखों की ठगी

## पत्नि को बनाया मोहरा साले को भी नहीं बक्शा, एसएसपी से मांगा इंसाफ

- **न्याय पाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है पीड़ित**

**मुजफ्फरनगर।** विदेश में बैठकर कुछ लोग ठगी का खेल खेल रहे है। ऐसे मामले थाने से लेकर पुलिस अधिकारियों के दरबार में आए दिन देखने को मिल जाएंगे, हाल में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें विदेश में बैठे एक व्यक्ति ने अपने साले सहित तीन लोंगो को विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर 9 लाख से अधिक की नगदी ऐठ ली है। इतना ही नहीं उक्त व्यक्ति ने इस खेल में अपनी पत्नि को मोहरा बनाया है, और अपने साले को विश्वास में लेकर साले सहित तीन लोंगो को विदेश में भेज दिया। जहां विदेश जाने पर पता लगा कि यहां पर उन्हें बताई गई नौकरी नहीं दी गई, जिससें परेशान होकर तीनों पीडित विदेश से वापिस लौट आए, और पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर इसाफ मांगा है।

नई मंडी कोवताली क्षेत्र के गांव हाल बिलासपुर निवासी वाजिद पुत्र जफरू ने एसएसपी के नाम लिखे शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके बहनोई शौकत निवासी ग्राम कसेरवा थाना शाहपुर हाल निवासी फौलाद थाना दोघट जनपद बागपत ने उसकों ओमान में बढ़ी कंपनी में नौकरी दिलाने की बात कही वह बेरोजगार था, इसलिए वह अपने बहनोई शौकत के झासे में आ गया।

शौकत के कहने पर उसने जावेद अली पुत्र मौहम्मद अली व आसिफ पुत्र गैयूर निवासीगण पसोंडा थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद को भी ओमान जाने के लिए तैयार कर लिया। शौकत के कहने पर उसने अपनी बहन तसमीम को तीनों ने मिलकर 3-3 लाख यानि के कुल 9 लाख रूपये अलग-अलग समय में दे दिए। इसके बाद उन्हें ओमान भेज दिया गया, लेकिन यहां आने पर उन्हें पता चला कि उनके साथ धोखा किया गया है, और बताई गई नौकरी नहीं दी गई।

करीब 4 माह बाद परेशानी में उनकों वापिस भेज दिया गया, यहां आकर उन्होंने तसमीम से अपने पैसे वापिस मांगे और विदेश में रह रहें। तसमीम के पति शौकत यानि के वाजिद के बहनोई से भी पैसे वापिस करने की बात कही आरोप है कि अब उनकों धमकी दी जा रही है। वाजिद ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर उक्त गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय मांगा है।

# शुकतीर्थ के साधु ने अस्पताल में तोड़ा दम, नहीं हुई शिनाख्त

- **साधु संतो ने किया अज्ञात साधु का विधि-विधान से अंतिम संस्कार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ में रह रहे साधु की तबीयत अचानक बिगड़ गयी, जिसे मोरना स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित आश्रम में जारी भंडारे मे साधु भोजन ग्रहण कर रहे थे।कि अचानक एक साधु की तबीयत



बिगड़ गई। एम्बुलेंस पर कॉल न मिलने पर जिसे ई रिक्शा द्वारा मोरना स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया। जहाँ चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार साधु की शिनाख्त नही हुई थी। अज्ञात साधु का अंतिम संस्कार साधु संतों के सहयोग से कर दिया गया।

शुक्रताल चौकी पुलिस के अनुसार साधु के पास उसकी पहचान का कोई भी अभिलेख बरामद नही हुआ। श्मशान घाट पर उसका अंतिम सँस्कार कर दिया गया।

# जाट समुदाय से किसी व्यक्ति ने नहीं बोला वाक्यांश जाटलैंड : प्रमोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आंदोलन जन कल्याण के संयोजक प्रमोद कुमार के भरतिया कॉलोनी आवास पर मतदाता जागरूकता परिचर्चा संपन्न हुई।

जाट लैंड वाक्यांश पर टिप्पणी करते हुए संयोजक प्रमोद कुमार ने कहा कि जाट समुदाय के किसी आम या खास ने जाट लैंड शब्द नहीं गढ़ा है और फिलहाल दूसरे समाज में इस तरह की चर्चा के मिथ्या प्रचार का वह खंडन करते हैं।

उन्होंने कहा कि जाट समुदाय भावुक जरूर है लेकिन अहंकारी नहीं और ऐसे पृथक्कारी शब्द से सहमत नहीं। उन्होंने नारा दिया कि 'हम सबके और सब हमारे' है। हाजी जियाउर रहमान ने कहा कि भाईचारा ही देश की तरक्की का रास्ता है और वह प्रमोद बालियान जी के विचारों से पूर्ण सहमत है। अंत में प्रमोद कुमार ने सभी की बात सुनकर कहा कि राजनीतिक रहनुमाओं को मुस्लिम बस्तियों के गली कूचों से निकलने पर समाज के पिछड़े पन की पीड़ा का भी एहसास होना चाहिए और उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री यह नारा देते हैं कि श्सबका साथ सबका विकासश तब जमीनी हकीकत में भी सभी जाति धर्म को उसका समान रूप से लाभ मिलना चाहिए। कहा कि सशक्त भारत के निर्माण में सभी को साथ लेकर चलना होगा।

आखिर में सभी मतदाताओं से अपील करते हुए प्रमोद कुमार ने कहा कि श्पहले मतदान और फिर जलपान इस उत्साह से हम सभी को अपने वोट को डालना है। बैठक में प्रशांत राठी सोंटा,हाजी जियाउर्रहमान ,जिला पंचायत सदस्य मोबिन बाबा, प्रधान हाजी जमशेद जोला, हारून प्रमुख जोला, मोहम्मद असलम, इरफान शारदा, अली अहमद, ताहिर ठेकेदार जोला आदि मौजूद रहे।


VASTU HOUSING FINANCE

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015, महाराष्ट्र, सीआईएन नंबर: U65922MH2005PLC272501

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखा गया है, जिसका भौतिक कब्जा वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इसके बाद वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। सुरक्षित संपत्तियां ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ है" के आधार पर बेची जाएगी।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| क्र. सं. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और ऋण खाता संख्या | तिथि एवं राशि अनुसार धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस और भौतिक कब्जे की दिनांक | संपत्ति/संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य, अग्रिम जमा राशि (रुपये में) | ई-नीलामी की तिथि और समय, ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एचएल0000000084596 सचिन कुमार (उधारकर्ता), प्रियंका (सह-उधारकर्ता) | मांग सूचना दिनांक 18-अगस्त-23 एवं राशि रु. 1605652 14-अगस्त-23 को + ब्याज लागत आदि और 21-नवंबर-23 | प्लाट क्षेत्रफल 105.41 वर्ग गज या 88.13 वर्ग मीटर संपत्ति प्लॉट नंबर 13 खसरा नंबर 89,90 (एमआई आबादी विनायक विहार कॉलोनी ग्राम बादशाहपुरा परगना तहसील और जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश -247551 पर स्थित है। | रु. 1422000/- रु. 142200/- | 17-मई-24 समय सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक, 16-मई-24 शाम 5:00 बजे तक, 11-मई-24 |

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर जाएं। ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता एम/एस ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क कर सकते हैं। लिमिटेड (नीलामीकर्ता) पता: प्रधान कार्यालय: बी-705, वॉल स्ट्रीट II, ओरिएंट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380 006 गुजरात (भारत)। संपर्क व्यक्ति: श्री राम शर्मा संपर्क नं. 8000023297/9265562818/9265562821/079-68136842/6869. ई-मेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net
2. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://sarfaesi.auctiontiger.net पर जाएं।

यह सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत एक वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना भी है।

दिनांक: 17.04.2024
स्थान: सहारनपुर।

प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि०


# बुढ़ाना सीओ को महिला ने दिया प्रार्थना पत्र

## सूदखोर को जेल न भेजा तो करुंगी आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एक सूदखोर के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज न होने से परेशान एक महिला ने आज मंगलवार को सीओ बुढाना को एक शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही ना होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी है। इस संबंध में सीओ ने कोतवाल को आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा है। उमरपुर चौकी के एक गांव की महिला ने सीओ को एक पत्र देकर बताया कि उसके पति ने 5 साल पूर्व गांव शाहडब्बर निवासी एक व्यक्ति से ब्याज पर 1 लाख 70 हजार रुपये लिए थे। वो प्रतिमाह 8 हजार रुपये उसे दे रही थी। जिसमें वो उसे 3 लाख रुपये दे चुकी फिर भी वो उसपे लाखों रुपये की देनदारी और बता रहा है। वह पहले भी कई बार उसके घर आकर गाली गलौच कर चुका है और उसके पति को हत्या की धमकी देता है। बीते 12 अप्रैल को वह फिर उसके घर आया और उसके साथ गाली गलौज व छेडखानी कर ब्याज के बाकी पैसे देने को कहा। बीते 13 अप्रैल को वो बच्चों की दवाई लेने ई रिक्शा से बुढाना आ रही थी। तब गांव मदीनपुर के जंगल में सूदखोर ने ई-रिक्शा को रुकवाकर उसके साथ गाली गलौच व मारपीट कर उसे ई-रिक्शा से जबरदस्ती नीचे उतारकर उसके कपडे फाडे। उसे गलत तरीके से छूकर बदतमीजी की। शोर शराबा हुआ तो राहगीरों ने उसे बचाया। उसने इसकी एक तहरीर बुढ़ाना पुलिस को बीती 13 अप्रैल को दी लेकिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब पीड़िता ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि अगर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो वह आत्महत्या करेगी। जिसकी जिम्मेदारी बुढ़ाना पुलिस की होगी।

## अध्यापक हत्या कांड में सिपाही की न्यायिक हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ी

**मुजफ्फरनगर।** वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका ले कर 17 मार्च को मुजफ्फरनगर मे आए अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की गोली मार कर हत्या के मामले मे जैल भेजे गए सिपाही चंद्र प्रकाश की न्यायिक हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।

# कांग्रेस नेता के साथ मारपीट

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मंगलवार को नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता के स्कूटी सवार युवकों ने मारपीट कर दी। जिसमें कांग्रेस नेता गंभीर रूप से घायल हो गये है।

वही मामले की सूचना पर मौके पर पहुचीं कोतवाली पुलिस ने घटना की जानकारी कर घायल कांग्रेस नेता को अस्पताल में भर्ती कराया और स्कूटी सवार हमलावर युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली आ गयी जहा पुलिस उक्त युवक से पूछताछ कर रही थी। उधर कांग्रेस नेता हमलावर युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नेहरू नगर निवासी मुकेश शर्मा मंगलवार दोपहर किसी कार्य से कस्बे के बड़ा बाजार में गये थे। जहां कांग्रेस नेता के स्कूटी सवार दो युवकों ने जोरदार टक्कर मार दी।



जिसमें मुकेश शर्मा सड़क पर गिर पड़े।

घायल मुकेश शर्मा ने स्कूटी सवार युवकों से टक्कर मारने की वजह पूछी तो आरोप है उक्त युवकों ने उल्टा कांग्रेस नेता के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें कांग्रेस नेता गंभीर रूप से घायल हो गये। वही भरे बाजार में मारपीट घटना से लोगों में अफरा तफरी मच गयी। और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी किसी तरह लोगों ने दोनों।पक्षों को समझाने का प्रयास किया मगर स्कूटी सवार आपे से बाहर होकर कांग्रेस नेता के साथ गाली गलौज करने लगे। वही मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुचीं और लोगों से घटना की जानकारी कर घायल कांग्रेस नेता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, इसके बाद पुलिस हमलावर स्कूटी सवार युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली आ गयी जहा पुलिस उक्त युवकों से पूछताछ कर रही थी। उधर कांग्रेस नेता ने हमलावर युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मारपीट की घटना से बाजार में भी अफरा तफरी का माहौल बना हुआ था।

## तेंदुए का फोटो वायरल होने से गादला में दहशत

भोपा। तेंदुए का फोटो इंटरनेट पर वायरल हो गया। जिससे गादला गाँव मे दहशत फैल गयी है।गादला में जँगली जानवर द्वारा पालतू बकरियों के शिकार के बाद दहशत बनी हुई है।भोपा थाना क्षेत्र के गाँव गादला मे खतरनाक जँगली जानवर की उपस्थिति को लेकर दहशत व्याप्त है।बीते 12 अप्रैल को अज्ञात जँगली जानवर ने सतेंद्र त्यागी की बछिया पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। उसके दो दिन पहले 10 अप्रैल को जँगली जानवर ने पालला की दो बकरियों का शिकार किया था।जिसके बाद वन विभाग ने जंगल मे पिंजरे को लगा रखा है।मंगलवार तेंदुए का फोटो इंटरनेट पर वायरल हो गया जिसे अज्ञात द्वारा गादला के जंगल का बताकर प्रसारित किया गया।जिससे जंगल मे तेंदुए की उपस्थिति की आशंका को बल मिला है। खतरनाक हो चुके अज्ञात जँगली की जंगल मे मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में दहशत बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जंगल मे सर्च अभियान चलाने की मांग की है।

## खुराफातियों को कोतवाल ने भेजे लाल कार्ड

बुढाना। लोकसभा चुनाव के चलते बुढ़ाना पुलिस द्वारा दूध की रखवाली खुराफाती रुपी बिल्लियों को सौंप दी गयी है ताकि चुनाव को शांतिपूर्वक तरीके से कराया जा सके। जिसमें बुढ़ाना कोतवाल ने खुराफातियों को लाल कार्ड भेजे हैं और कहा है कि अगर किसी ने भी चुनाव में गड़बड़ी करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने खुराफातियों को लाल कार्ड भिजवाते हुए चेतावनी देते हुए साफ कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, निर्विघ्न, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में कराने के उद्देश्य से क्षेत्र में भ्रमण करने के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई है कि आपके द्वारा मतदान दिवस में निर्भीक व निष्पक्ष चुनाव में अशान्ति पैदा करने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अत: अन्तर्गत धारा 149 दप्रस में प्रदत्त अधिकार, संज्ञेय अपराध के निवारण के लिए प्रत्येक पुलिस अधिकारी आबद्ध है के क्रम में आपको सचेत किया जाता है कि आप मतदान प्रक्रिया के मध्य कोई भी संज्ञेय चुनाव सम्बन्धी अपराध कारित न करें अन्यथा आपके विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी। लाल कार्ड प्राप्त करने वालों में हड़कंप मचा है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 30 जुलाई 2020 को हमारे पुत्र का जन्म निर्वाल अस्पताल सरकुलर रोड मुजफ्फरनगर पर हुआ था जिसका नाम हमने अबूहुरेरा रखा है।

**मौ.शाहिद ( पिता )**
**श्रीमति फरहाना ( माता )**
**निवासी 257 खालापार**
**दक्षिणी जिला-मुजफ्फरनगर**



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपनी पुत्री गुलशन जेहरा का नाम बदलकर अबीहा बतुल कर लिया है। आज के बाद गुलशन जेहरा को अबीहा बतुल के नाम से पुकारा जाये।

**प्रार्थीया**
**अंजुम पत्नी मु० रजी**
**निवासी 148/4 दक्षिणी**
**खालापार, मुजफ्फरनगर**

# टंन्ढेडा में जारी अनशन के बीच पहुंचे उपजिलाधिकारी

■ चुनाव बाद सड़क निर्माण का दिया आश्वासन, नहीं माने ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गाँव के मुख्य मार्ग का निर्माण न होने से नाराज गाँव टन्ढेडा के ग्रामीण आगामी चुनाव का बहिष्कार कर गांव में ही अनशन पर बैठ गये हैं। मंगलवार अनशन कर रहे ग्रामीणों के बीच पहुँचे उपजिलाधिकारी व पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ने चुनाव के बाद सड़क निर्माण का ग्रामीणों का आश्वासन दिया। लेकिन ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन का विश्वास न करते हुए। सड़क निर्माण नहीं होने तक अनशन जारी रखने का निर्णय लिया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टन्ढेडा के ग्रामीण बेहड़ा सदात -टंन्ढेडा मार्ग को बनवाने की माँग लगातार करते आ रहे हैं। किन्तु मात्र पाँच किलोमीटर की दूरी के मार्ग का निर्माण न होने से नाराज ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर अनशन शुरू कर दिया है। मंगलवार को अनशन पर ग्रामीणों के बीच पहुंचे उपजिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार व लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता हरवंश सिंह ने ग्रामीणों को चुनाव के बाद सड़क निर्माण का आश्वासन दिया लेकिन ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन पर भरोसा न जताते हुए सड़क निर्माण होने तक अनशन जारी रखने का फैसला किया। प्रधान पति खुर्रम अजीज ने कहा कि सोमवार से गठित कमेटी के सदस्य अनशन पर बैठ गये हैं। जब तक सड़क निर्माण नहीं होगा तब तक कमेटी के सदस्य अनशन पर बैठे हुए हैं। कमेटी के सदस्य धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि जब



तक सड़क का निर्माण नहीं होगा तब तक कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीण अनशन जारी रखेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से रणवीर सिंह, पवन प्रधान, यशपाल सिंह, मौ. साजिद, मौ.अली, दुर्गेश, इरफान, विजयकांत आदि उपस्थित रहे।

एस डी एम सुबोध कुमार ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के चलते कोई नया निर्माण कार्य सम्भव नही है। चुनाव के बाद सड़क का निर्माण करा दिया जायेगा।

# चुनाव में 26 कम्पनी पैरामिलट्री लड़ाएगी चुनाव

**मुजफ्फरनगर।** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को होने वाला मतदान असम और पैरा मिलट्री फोर्स के जवान मुस्तैद रहेंगे। चुनाव के लिए 26 कंपनी पैरा मिलट्री फोर्स की जिले को मिली हैं। दूसरे जिलों से आने वाली फोर्स भी मतदान में लगाई जाएगी। खासतौर पर क्रिटिक्ल और वर्नरेबल मतदान केंद्रों पर पैरा मिलट्री फोर्स को तैनात किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदान को शांति पूर्वक संपन्न कराने के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को दिन भर इस पर एक्सरसाइज की, जिसके बाद फोर्स की तैनाती का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, मतदान को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने 26 कंपनी पैरा मिलट्री फोर्स, चार कंपनी पीएसी, असम और पंजाब होमगार्डों के जवानों की डयूटी लगाई है। इनके अलावा प्रदेश के बलरामपुर, सीतापुर, आगरा, कन्नौज आदि जिलों से भी पुलिस फोर्स को भेजा गया है। उन्होंने बताया, पूरे लोकसभा क्षेत्र में 868 मतदान केंद्र बनाए गए है, इनमें से 396 मतदान केंद्र क्रिटिक्ल और वर्नरेवल श्रेणी में रखे गए है। एसपी सिटी ने बताया, मतदान को लेकर दो श्रेणी में सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया गया है। पहली श्रेणी में मतदान केंद्रों की सुरक्षा को रखा गया और दूसरे श्रेणी में कानून व्यवस्था है। क्रिटिक्ल और वर्नरेबल मतदान केंद्रो पर पैरा मिलट्री फोर्स और असम राज्य की पुलिस को लगाया जाएगा। इसके बाद बाहर से आनी वाली पुलिस फोर्स को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया, बाहर से आने वाली फोर्स के रुकने और ठहरने की व्यवस्था स्कूल और कालेजों में की गई है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कूकड़ा मंडी से रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों के साथ फोर्स को भेजा जाएगा। एसपी सिटी ने बताया, बाहर से आने वाली पुलिस फोर्स ने पुलिस लाइन में आमद दर्ज करानी शुरू कर दी है।

## पुलिस की ओर से हमले का मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** विधानसभा प्रत्याशी डा.संजीव बालियान के काफिले का पर हुए हमले का मामला पुलिस की ओर से दर्ज किया गया है। हालांकि प्रत्याशी की ओर से इस सम्बन्ध में कोई मामला दर्ज नही कराया गया, लेकिन क्षेत्रीय दरोगा ने अपनी ओर से 8-10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बता दें कि 30 मार्च को खतौली के गांव मडकरीमपुर में संजीव बालियान के काफिल पर हमला किया गया था, जिसमें कई गाडियों के शीशे तोडने व गाडियों को अन्य स्थानों से तोडफोड का मामला सामने आया था। बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले को अपनी ओर से दर्ज किया है। इस क्षेत्र के दरोगा जोगेन्द्र सिंह ने अपनी ओर से 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ हमले व तोडफोड का मुकदमा दर्ज किया ।

## राणा क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी में जूनियर चौम्पियन ट्राफी का फाइनल क्रिकेट मैच राणा क्रिकेट क्लब और लायन क्रिकेट क्लब के बीच में खेला गया। जिसमे पहले बैटिंग करते हुए राणा क्लब द्वारा आठ ओवर में 58 रन का लक्ष्य दिया गया। जिसमे खिलाड़ी सादिक़ अहमद ने सार्वधिक 25 रन बनाये जबकि लायन क्लब की ओपनिंग बेहद ख़राब रही। खिलाड़ी दानिश की शानदार बैटिंग की वज़ह से लायन क्रिकेट क्लब ने छह विकेट से मैच जीत लिया। लायन क्रिकेट क्लब की तरफ़ से कप्तान दानिश ने 33 रनों की शानदार पारी खेली और शदाब ने 04 विकेट लिये। सेमी फाइनल के हीरो खिलाडी मोहम्मद आमिर रहे और खिलाड़ी मुहम्मद आमिर ने भी शानदार पारी खेली दर्शकों का दिल जीत लिया।

# डीएम व एसएसपी ने परखी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी व एसएसपी ने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ मिलकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। सोमवार की रात दोंनो अधिकारी कूकडा मंडी पहुंचे और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए। यहां तैनात सुरक्षाकर्मीयों को ड्यूटी सही करने व सावधानी बरतनें के आदेश दिए, हालांकि इस समय कोई खामी नही पाई गई, लेकिन पुलिस और पैरा मिलट्री फोर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, जिसके लिए कूकडा मंडी में ईवीएम रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है और यहीं से 18 अप्रैल को

पोलिंग पार्टिया ईवीएम मशीन लेकर रवाना होगी। ईवीएम की सुरक्षा में स्थानीय पुलिस के अलावा केंद्रीय सशस्त्र बल को लगाया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं हिला हवाली तो नहीं हो रही है। इसकी पुष्टि के लिए सोमवार देर रात डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एसएसपी अभिषेक सिंह अधीनस्थ अधिकारियों के साथ कूकडा मंडी पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था परखने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने कूकडा मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों की दिशा को चेक किया। कूकडा मंडी का निरीक्षण करने के बाद दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा में लगे पुलिस और पैरा मिलट्री के जवानों को निर्देश दिए है कि वह सावधानी और सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करें और किसी भी अनजान व्यक्ति को आसपास न आने दे। स्ट्रांग रूम की निरीक्षण करने के बाद दोनों अधिकारियों ने मतगणना केंद्र में आवश्यक सुविधा, रूट चार्ट, वैकल्पिक रूट चार्ट, वाहन प्रवेश और निकासी के संबंध में अन्य अधिकारियों से जानकारी ली। मतगणना केंद्र में ईवीएम मशीन प्राप्त करने के लिए बनाए गए काउंटरों का भी दोनों अधिकारियों ने देखा। साथ ही दोनों अधिकारियों ने पोलिंग पार्टी के रवाना होने वाले स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ संदीप भागिया, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी ट्रैफिक कुलदीप सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अलीफा खान ने यूपीएससी में पाई 418वीं रैंक

**मुज़फ्फरनगर।** पूर्व विधायक नवाजिश आलम की भतीजी एवं गढ़ी पुख्ता निवासी अलीफा खान यूपीएससी में 418वीं रैंक प्राप्त की है। यूपीएससी में सफलता मिलने पर अलीफा खान को बधाई देने का तांता लग गया। पूर्व विधायक नवाजिश आलम ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अलीफा को बधाई दी है।



मंगलवार को यूपीएससी 2023 की परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया। मुज" फरनगर निवासी मुनीर आलम की पुत्री अलीफा खान ने भी इस परीक्षा में सफलता ग्रहण की है। अलीफा खान को यूपीएससी में 418वीं रैंक मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल है। चयनित हुई अलीफा खान के चाचा बुढ़ाना से पूर्व विधायक नवाजिश आलम ने बताया कि अलीफा खान मूल रूप से मु" फरनगर की रहने वाली है, लेकिन माता-पिता के साथ कुछ समय से दिल्ली में रहती है। अलीफा खान ने दिल्ली में रहकर हायर एजुकेशन में बीकाम पास की है। इसके बाद से वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। कुछ समय कोचिंग की, लेकिन अधिकतर समय घर पर ही रहकर तैयारियां की गई। पूर्व विधायक नवाजिश आलम ने भतीजी अलीफा खान को बधाई देते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर भी पोस्ट की।

# छुट्टी के चलते आज वकीलों ने मनाई आंबेडकर जयंती

■ संविधान निर्माता को महान शिक्षाविद् बताया

**बुढाना।** बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलों ने मंगलवार के दिन भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहेब डाक्टर भीमराव राम जी आंबेडकर को याद कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन बुढ़ाना ने संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद किया। ये कार्यक्रम बीती 14 अप्रैल को होना था लेकिन छुटी होने के कारण यह कार्यक्रम मंगलवार के दिन आयोजित कल उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गये। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभी सदस्य मीटिंग हॉल में एकत्र हुए। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस गोष्ठी में कई वक्ताओं ने संविधान निर्माता



को महान शिक्षाविद बताया। वक्ताओं ने कहा कि आज समाज को ऐसे ही व्यक्ति की आवश्यकता है। इस मौके पर मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक राठी, महासचिव विकास त्यागी, अवध बिहारी लाल गर्ग, ओमपाल सिंह मलिक, बाबू सिंह राठी, मौहम्मद मियां रिजवानी, प्रशांत शर्मा, एसपी मलिक, ओमप्रकाश, विनोद त्यागी, फिरोज मंसूरी सहित एसोसिएशन के कई पदाधिकारी व अधिवक्ताओं की मौजूदगी देखने को मिली।

# एसडी मैनजमेंट में हुआ डांडिया का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टड्ीज में आईक्यूएसी के तत्वधान में एमबीए व एमसीए विभाग के छात्र/छात्राओं द्वारा नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में ढ़ोलिडा ए डांडिया फेस्ट-2024 का आयोजन किया गया।

एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टड्ीज मे आईक्यूएसी के तत्वधान में एमबीए व एमसीए विभाग के छात्र/छात्राओं द्वारा नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में ढ़ोलिडा ए डांडिया फेस्ट का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डा0 आलोक कुमार गुप्ता व डा0 संदीप मित्तल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्जवलित करके किया। इस महोत्सव मे महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं अधिकतम छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपना प्रतिभाग कर माँ दुर्गा का आर्शीवाद प्राप्त किया।इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डा0 आलोक कुमार गुप्ता जी ने नवरात्रि महोत्सव की महत्ता को बताते हुये अपने विचार प्रकट किये कि डांडिया व गरबा द्वारा लोग पवित्र परम्परा से जुड़ते है और यह नृत्य माँ दुर्गा को काफी पंसद है, इसलिए नवरात्रि के दिनों में मां को प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है। कार्यक्रम कराने का उद्देश्य छात्र/छात्राओं में सांस्कृतिक भावनाओं व अपनी पवित्र परम्पराओं को संजोकर रखना है। नवरात्रि के नौ दिन उस समय के सबसे घातक राक्षसों से निपटने में देवी के शानदार कौशल को दर्शाते है इसलिए भक्तों के लिये अपने जीवन के राक्षसों या घातक समस्याओं से लड़ने के लिए आंतरिक शक्ति और कौशल के लिए उपवास, धयान व दिव्य माँ से प्रार्थना करने के लिए एक महत्वपूर्ण समय है। इसी के साथ उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विभाग के सभी शिक्षकगणों का आभार व्यक्त किया व कहा कि नवरात्रि पर आप सभी के घर में सुख, समृद्धि और शांति हमेशा बनी रहे। प्राचार्य डा0 संदीप मित्तल ने अपनी प्रस्तुती देते हुए बताया कि नवरात्रि का पर्व माँ दुर्गा की उपासना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष माना गया है। जिसमें नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा और साधाना की जाती है। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा के आशीर्वाद से आप सभी का जीवन सदैव मंगलमय और प्रसन्न रहे। कोर्डिनेंटर प्रवक्ता तुषार भारद्वाज ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव में छात्र/छात्राओं ने बेहद ही खूबसूरत और पारंपरिक अंदाज में डांडिया प्रस्तुत किया। सिमरन और आँचल ने शुभारम्भ व आरती और तनु द्वार नव दूर्गा व्याख्या पर सुन्दर प्रस्तुती दी गयी व सोलो डांस ईशा ने नृत्य पेश करके सभी आगंन्तुको को तालिया बजाने पर विवश कर दिया व इसी के साथ सलोनी गुप्ता की प्रस्तुती ने सभी मन मोह लिया। मंच का संचालन अन्नता गर्ग व प्रियांशु ने किया। कार्यक्रम को एमबीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र व छात्रायें सिमरन, आरती, ऑचल त्यागी, प्रियांशु पाल, अन्नता गर्ग व ईशा आदि ने सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में एमबीए/एमसीए व डीएलएड से बबली तोमर, रितू मित्तल, डा0 विभूति अग्रवाल, पारूल कुमार, देवेश गुप्ता, प्रशान्त तोमर, जितेन्द्र कुमार, अंकुर अग्रवाल, अन्नु त्यागी, महिमा मंगल, आदित्य कश्यप, आस्था सिंघल, तुषार भारद्वाज, राजीव कुमार, संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक, अन्जना शर्मा, अनुराग सैनी, अंकित कुमार, विशि तोमर, रवि भार्गव आदि समस्त शिक्षकगण, स्टॉफ व छात्र/छात्रायें उपस्थित रहें।




एसडी मैनेजमेंट में डांडिया का आयोजन करते छात्र-छात्राएं।

## मारपीट की घटनाओं से भय का माहौल

**मोरना।** मोरना में हुई दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला व अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए कार्रवाई की माँग पुलिस से की है। वहीँ मोरना में लगातार बढ़ती मारपीट की घटनाओं को लेकर दहशत व्याप्त है। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव मोरना निवासी नैपाल ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि कुछ दिन । पूर्व गांव का ही एक व्यक्ति ने शराब पीकर उसके साथ गाली गलौच की थी। जिस कारण उससे कहासुनी हो गई थी। मंगलवार सुबह नेपाल गांव के ही व्यक्ति की बोगी छोड़ने उसके घर गया था तभी आरोपी ने अपनी पत्नी, पुत्र व अन्य तीन अज्ञात लोगो के साथ मिलकर गाली गलौच करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर दी व एक आरोपी ने जान से मारने की नीयत से तलवार से वार कर दिया जिससे नैपाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

# बुलेट रानी का शुकतीर्थ में साधु संतों ने किया स्वागत

**मोरना।** वोट फ़ॉर मोदी,वोट फ़ॉर नेशन के नारे के बीच 21 हज़ार किलोमीटर की मैराथन यात्रा पर निकली बुलेट रानी का पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में साधु संतों ने स्वागत किया। बुलेट रानी माता राजलक्ष्मी मांदा ने नागरिकों से भाजपा के लिये वोट की अपील की।

तीर्थनगरी शुकतीर्थ पहुँची बुलेट रानी माता राजलक्ष्मी मांदा का साधु संतों ने स्वागत किया। तमिलनाडु राज्य के शहर मदुरई से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक की अपनी 21 हज़ार किलोमीटर लम्बी यात्रा के अंतर्गत वह बुलेट मोटरसाइकिल से शुकतीर्थ में पहुँची। बुलेट रानी कहलाने वाली साध्वी ने दण्डी आश्रम में रात्रि प्रवास किया। जहां साधु संतों ने उनका स्वागत किया है।माता राजलक्ष्मी मांदा ने बताया कि वोट फ़ॉर मोदी,फोट फ़ॉर नेशन अभियान के अंर्तगत बीते 12 फरवरी को उन्होंने तमिलनाडु के शहर मदुरई से बुलेट मोटरसाइकिल द्वारा 21 हज़ार किलोमीटर लंबी यात्रा आरंभ की हुई है।

65 दिनों की यात्रा में वह 15 राज्यों से होकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुँचेगी। वोट फ़ॉर मोदी वोट फ़ॉर नेशन के नारे को लेकर वह भारत को सक्षम, समृद्ध,विकसित बनाने के उद्देश्य को लेकर वह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती हैं। भारत मजबूत बने ,भारत ब्विव गुरु बने ऐसा प्रत्येक का सपना है जो मोदी ही साकार कर सकते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर वह देश की जनता को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं।शुकतीर्थ के दण्डी आश्रम में बुलेट रानी का स्वागत करने वालों में मनोहरलाल शर्मा,अजय ख्र्रष्ण शास्त्री, व विपिन व बबलू रहे। जहाँ से मंगलवार की सुबह बुलेट रानी राजधानी दिल्ली के लिए निकल गई। बुलेट रानी की टीम में मदन कुमार गुरुजी, जे रामदास, वेंकटेशन, अन्नपूर्णा,नागमणि,पूगलेंदी आदि शामिल रहे। बुलेट रानी माँ राजलक्ष्मी मांदा बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार हैं तो उनके सँग एक टीम जो विशेष वाहन में सवार है।भी साथ साथ है।21 हजार किलोमीटर की मैराथन यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करने की ओर अग्रसर बुलेट रानी का हौंसला देखते ही बनता है।



शुकतीर्थ में मैराथन यात्रा पर निकली बुलेट रानी का स्वागत करते साधु संत।

# दुर्गाष्टमी का पर्व विधि-विधान से मनाया गया

**मुजफ्फरनगर।** चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी का पर्व पूर्ण विधि-विधान से मनाया गया। पूजा-अर्चना के बाद घर-घर में कन्याओं को जिमाया गया। शहर के पुराने क्षेत्रों में जीमने के लिए सुबह से ही बच्चों की टोलियां निकल पड़ी थी।दुर्गा अष्टमी पर नवरात्र के व्रत रखने वाले भक्तों ने घर-घर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हवन-यज्ञ में आहुति दी। परम्परा के अनुसार कन्याओं को घर-घर जिमाया गया। कई स्थानों पर लड़के भी कन्याओं के साथ जीमे। बच्चों की टोलियां सुबह से ही सजधज कर जीमने के लिए निकल पड़ी थी। शहर के पुराने क्षेत्रों में ये टोलियां घर-घर खूब घूमी। भक्तों ने बच्चों को नगद राशि व उपहार भेंट किए। दूसरी ओर अधिकांश स्कूल खुलने के कारण भक्तजनों को कन्याओं को तलाशना मुश्किल हो गया। वहीं अनेक बच्चों ने स्कूल की छुटी भी मार ली। उधर, आवास विकास स्थित श्री हरि मंदिर में दुर्गाष्टमी पर आयोजित हवन-यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। कन्याओं को विधि-विधान से जिमाया गया।

दुर्गा अष्टमी पर नगर के गांधी कॉलोनी स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीडद्द देखी गई यहां श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक कन्याओं को पूजा अर्चना के बाद जीमेट देखे गए श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी रूप में उपहार भी दिए।

# छात्र-छात्राओं को संचारी रोग एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जागरूक किया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के श्री कुन्दकुन्द इण्टर जैन कॉलेज में बालक बालिकाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए विभिन्न सावधानियां से अवगत कराया जा रहा है स्वास्थ्य सुरक्षा के विभिन्न कार्यक्रम प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम संयोजन शिक्षिका इंदु जैन तथा एकता जैन ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने बताया आजकल डेंगू मलेरिया तथा चिकनगुनिया के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। हमें इससे सावधान रहना है। मच्छर विभिन्न रोगों को जन्म देते हैं हमें संक्रमण फैलने से रोकने के लिए सावधान रहना होगा पानी एक जगह इकठा न होने दे। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है बदलते मौसम में सावधान रहें खुली नालियां ढक कर रखें। अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका है खुले में शौच से बचाना है।मच्छरदानी का प्रयोग करें। स्वच्छ पेयजल का प्रयोग करें। कोई भी दवा चिकित्सक के परामर्श से प्रयोग करें। हाथ धोकर स्वच्छ रखें खाने में हरी सब्जियों का प्रयोग करें। मौसम के अनुसार फल खाएं। समय से सोना तथा जागना जरूरी है। स्वस्थ जीवन शैली अपनाए।

प्रातःकाल में योग करें तथा खुले स्थान पर खेलकूद में भाग ले। बालिकाओं को विभिन्न स्वास्थ्य प्रक्रियाओं के लिए सरल भाषा में समझाया गया स्वच्छता के प्रति सचेत



रहें। छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम से लाभ उठाया।

आज छात्र-छात्राओं ने रोगों से बचाव के लिए विभिन्न सावधानियों का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में इंदु, एकता, नेहा, नूतन, संध्या, आशा, प्रतिज्ञा, प्रियंका जैन, आंचल, सीता, मीनाक्षी, पायल, गौरव, मनोज, अतुल, प्रताप, सत्येंद्र मलिक, चंदन, हितेश, डॉक्टर अमित, रूपक वर्मा, मोहित, सुमित, देवराज चौहान, रामनिवास शर्मा, सतेन्द्र पाल, महेंद्र पाण्डेय, जे.पी. गौतम, विकासद्ध मोतला, राजकुमार जैन सहित कॉलेज परिवार का सहयोग रहा।

# बालाजी धाम मंदिर विवाद में हुई नारेबाजी

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय कॉलोनी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर में आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर कमेटी के बीच चल रहे विवाद से छुपता होकर तीखी नारेबाजी की और हंगामा कर आरोप लगाया कि मंदिर कमेटी से जुड़े लोग निजी स्वार्थ के चलते आपस में झगड़ रहे हैं जिस कारण इस वर्ष श्री बालाजी जन्मोत्सव पर निकल जाने वाली शोभायात्र को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है तथा जिला प्रशासन भी स्पष्ट कर चुका है कि मंदिर कमेटी का विवाद सुलझाने के बाद ही शोभायात्र की अनुमति दी जाएगी। गौरतलब है कि मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शंकर तायल तथा संरक्षक सुरेश और चंद्र किरण गुरुजी के बीच अनेक मुद्दों को लेकर मर्म उठाओ चल रहा है सुरेश बंसल तथा चंद्र किरण गुरुजी ने ऐलान किया था की शोभायात्र अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही भव्यता के साथ निकाली जाएगी लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें अनुमति देने से मना कर दिया और कहा कि जब तक आपस का विवाद नहीं सुलझता तब तक अनुमति नहीं दी जाएगी साथ ही मंदिर कमेटी से जुड़े लोगों को 107 16 में भी पाबंद कर दिया है विवाद के चलते साध्वी विश्वेश्वरी देवी ने श्री राम कथा के लिए मुजफरनगर आने से भी इंकार कर दिया है जब कमेटी का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा तो आक्रोशित श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में जमकर हंगामा किया तथा दरवाजे की जिस पर मंदिर कमेटी के प्रधान शंकर ताहिर ने श्रद्धालुओं को समझने का प्रयास किया और कहा कि उनकी तरफ से किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है बाद में समाजसेवी ने दोनों पक्षों के साथ विवाद सुलझाने हेतु बातचीत प्रारंभ की।

## कार की टक्कर, बाइक सवार महिला व बच्चे घायल

**मोरना।** जौली-बेहड़ा सादात मार्ग पर तेजी से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमे एक महिला सहित तीन बच्चे घायल हो गये। गम्भीर रूप से घायल हुई महिला को मेरठ रैफर किया गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कमहेड़ा निवासी नूरजहां पत्नी राशिद अपने पुत्र वासिफ फैज,पुत्री अफ्शा,आफिया,अलवीरा के सँग बाइक द्वारा अपने मायके दौलतपुर गाँव मे आयोजित शादी समारोह में शिरकत के लिये आ रही थी जैसे ही वह जौली -बेहड़ा मार्ग पर निवादा पुलिया चौराहे पर पहुंचे तभी कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमे नूर जहाँ व पांच बच्चे घायल हो गये घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां से जिलाचिकित्सालय रैफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गम्भीर हालत के चलते में नूर जहाँ को मेरठ हायर सेंटर रैफर किया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र बल ने किया फ्लैग मार्च

**मुजफ्फरनगर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्र में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ संवेदनशील, रिहायशी व भीड-भाड वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च करते हुए आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया तथा लोगों से कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने, चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह पर विश्वास न करने, भयमुक्त होकर मतदान करने, प्रलोभन अथवा डरा धमका कर वोट देने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गयी तथा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया उन्होंने चुनाव में गड़बड़ी करने वालों, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी ।

# कांधला की आस्था जैन ने यूपीएससी में हासिल की 131वीं रैंक

## सामान्य परिवार से संबंध रखती है छात्रा, परिवार में जश्न का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** यूपीएससी की परीक्षा में सफल होकर सामान्य परिवार की एक बेटी ने अपने परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। कस्बे के मौहल्ला सरावज्ञान के रहने वाली आस्था जैन का चयन यूपीएससी में हुई है। आस्था ने यूपीएससी की परीक्षा में 131 रैंक हासिल की है। चयन के बाद पूरे कस्बे में खुशी का माहौल है। बड़ी संख्या में लोग उनके परिजनों को बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं।



नगर के मौहल्ला सरावज्ञान निवासी एक सामान्य व्यापारी है, उनकी नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप एक कनफैक्शनरी की दुकान है। उनके यहां तीन पुत्रियां तथा एक पुत्र है, उनके दूसरे नम्बर की पुत्री आस्था जैन का चयन यूपीएससी परीक्षा में हुआ है। आस्था जैन ने कठिन परिश्रम के साथ पर पढ़ाई की और मुकाम पाया है। उन्होंने सेल्फ पढ़ाई के साथ ही कुछ समय दिल्ली में भी कोचिंग ली थी। उनका पहली बार में ही यूपीएससी में चयन हो गया है। आस्था जैन ने बताया कि अपनी प्रारम्भिक परीक्षा नगर में ही करने के बाद उन्होंने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा शामली के स्कॉटिस स्कूल से की थी।

उनका शुरू से ही यूपीएससी क्रेक करने का सपना था, इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने अपने परिजनों ने अपने सपने के बारे में बताया तो उन्होंने उसे पढाई के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में भेज दिया, जहां से उसने अपनी बी ए की परीक्षा उत्तीर्ण की। ग्रेजुएशन करने के बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने सेल्फ और ऑनलाइन पढ़ाई भी की। अपने स्तर पर किताबों का चयन किया। उन्होंने कुछ समय यूपीएससी परीक्षा के लिए दिल्ली में भी कोचिंग क्लासेज अटेंड की उनका चयन हुआ। इसके लिए बहुत खुशी हो रही है। वहीं, आस्था जैन के यूपीएससी में चयन के बाद पूरे नगर में खुशी की लहर है। नगर वासी उनके पिता को बधाई देने आ रहे है। माता-पिता से प्रोत्साहन मिलने के बाद सेल्फ स्टडी से ही अक्षय ने यूपीएससी क्रैक किया है।

# इकरा हसन सहित 160 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कैराना लोकसभा के कांधला थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा में सपा प्रत्याशी द्वारा समर्थकों के साथ बिना परमिशन के रोड शो करने पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए सपा प्रत्याशी इकरा हसन, गांव प्रधान सहित 10 नामजद व 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार सं. हता का उल्लंघन करने पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा में गत रात्रि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी इकरा हसन व ग्राम प्रधान संदीप ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रोड शो का आयोजन करते हुए एक जनसभा को भी संबोधित किया। बिना परमिशन के निकाले गए रोड शो एवं जनसभा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं, वीडियो वायरल होने पर प्रशासन हरकत में आया और संज्ञान लेते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी इकरा हसन व ग्राम प्रधान संदीप फौजी सहित 10 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मुकदमा दर्ज कर दिया। उधर, प्रशासन की कार्रवाई से रोड शो में शामिल समर्थकों में खलबली मच गई है। प्रशासन ने भी अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह का कहना है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना परमिशन के निकाले गए रोड शो का वीडियो वायरल होने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे कार्रवाई की जा रही है।




शामली। प्रदीप चौधरी के समर्थन में कैराना पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मंच पर मौजूद अन्य वरिष्ठ भाजपाई। छाया शाह टाइम्स



शामली। सभा में मौजूद लोग। छाया शाह टाइम्स



शामली। सभा में मौजूद महिलाएं। छाया शाह टाइम्स

# भाजपा सबका साथ सबका विकास के साथ आगे बढ़ रही: योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने शामली के वीवी पीजी कॉलेज में की सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पश्चिमी यूपी के दौरे के दौरान कैराना लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के समर्थन में शामली के वीवी पीजी कॉलेज में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नौजवानों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाने के लिए पश्चिमी यूपी के मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की घोषणा की जा चुकी है। चीन को हराकर भारत के लिए गोल्ड मेडल लाने वाली बेटी पारुल को डीएसपी पद का नियुक्ति पत्र भी दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा ने राम के अस्तित्व को ही मानने से इंकार कर दिया था, लेकिन 500 वर्षो से चली आ रही हमारी यह लड़ाई जीती है। अब कांग्रेस भी राम सबके है कहती फिर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के साथ साथ रघुकुल रीत सदा चली आई। प्राण जाई पर वचन ना जाई के साथ आगे बढ़ रही है।

### व्यापारी ने जताई खुशी

पिछली बार जब कैराना आया तो अपराधियो के शिकार हुए एक पीड़ित परिवार के घर हाल चाल जानने पहुंचा तो व्यापारी के परिवार के द्वारा सुरक्षा के प्रति खुशी व्यक्त की गई। व्यापार भी अच्छा चलने की जानकारी मिली। 11 वर्षीय बालिका से पूछा गया कि स्कूल जाने से डर तो नही लगता तो उसने कहा कि पिता का हत्यारा सडकों घूम रहा है। जिसकी राम नाम सत्य होने की यात्रा निकल चुकी है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी धर्म और सभी जाति के लोगो को पात्रता के अनुसार मिल रहा है। पात्र लोगो के खाते में सीधे पैसे जा रहे है। और भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को दिया गया है।

### सपा सरकार में महीनों कर्फ्यू लगता था

व्यापारी और बेटी सुरक्षित नहीं थे शानदार सरकार आई तो कावड़ यात्रा निकलती है।सपा सरकार पर हमला बोला कि पहली सरकार में माफियाओं को मुख्यमंत्री मंत्री आवास पर बुलाकर सम्मान दिया जाता था, लेकिन माफियाओं को उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। अपराधी का राम नाम सत्य हो रहा है।

### जहां नल है वहा कमल खिलेगा ही खिलेगा

उन्होंने कहा कि एक एक वोट को मतदान केन्द्र तक ले जाना है और विकास के लिए चिंतित नही होना है। आपके वोट के बदौलत ही अच्छी सरकार चुनी गई। देश व प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है उसका श्रेय जनता जनार्दन को जाता है।

### सपा के लोग अपराधियों के मरने पर फातिहा पढ़ने जाते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि समा. जवादी पार्टी के लोग माफियाओं मरने के बाद उनके घर फातिया पढ़ने जाते हैं, भाजपा सरकार ने पलायन कराने वाले अपराधियो का धरती से ही पलायन कर दिया। कहा कि अपरा. धियो को छूट नही दी जा सकती है।

इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, एमएलसी मोहित बेनिवाल, एमएलसी वीरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, डा. यशबीर सिंह, सांसद प्रदीप चौधरी, रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक अशरफ अली खान, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, मृगांका सिंह, तिरसपाल मलिक, सतबीर पंवार, रामजीलाल कश्यप, योगेंद्र चेयरमैन,ऋषिराज राझड, रमेश गौड़ कश्यप, मनोज सिवाच, चेयरमैन अरविन्द संगल मौजूद रहे।

# महापापी होते हैं कन्या भ्रूण हत्या कराने वाले

**गंगानगर।** बेटे की चाह में गर्भ में ही अजन्मी बेटियों या जन्म के पश्चात मासूम बेटियों की हत्या महापाप है। बेटियों को देवी का रूप कहा जाता है। नवरात्रों में तो कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर पूजन भी किया जाता है परंतु यह पूजन ढोंग है या आस्था इस का मूल्यांकन करना बहुत कठिन है। समय-समय पर यह यक्ष प्रश्न सामने आता रहता है कि नवरात्रों में कन्याओं का पूजन करने में कितनी वास्तविकता है। गर्भपात की घटनाओं को देखकर व सुनकर तो ऐसा ही लगता है कि कन्या तो पैदा हो परंतु मेरे घर पर नहीं पड़ौसी के घर पर या ऐसा कह सकते हैं कि नौ दिन कन्या पूजा मन में रहता है कन्या ना हो जा। यदि इसी संकीर्ण मानसिकता के साथ रहे तो वह दिन दूर नहीं जब शादी की बात तो छोड़ों नवरात्रों में ही कन्या पूजन के लिए कन्याओं का मिलना मुश्किल हो जाएगा। आंकड़ों के अनुसार भारत में प्रति 1000 व्यक्ति पर लगभग 950 महिलाओं का अनुपात आता है।

जानकारों के अनुसार गर्भपात व जन्म के बाद कन्याओं की हत्या के कई कारणों में से एक कारण है दहेज प्रथा। दहेज देने के कारण बेटियों को बोझ समझा जाता है। दहेज व कन्या भ्रूण हत्या का सीधा संबंध है। यदि दहेज प्रथा पर रोक लग जाए तो कन्या भ्रूण हत्या पर स्वत: लगाम लग जाएगी। यहां यह भी बताना जरूरी है कि आज कि लड़कियां परिवार पर बोझ नहीं हैं। आज लड़कियां आत्मनिर्भर बन रही हैं और हर क्षेत्र मे कार्य कर रही हैं।



# योगी की सभा में महिला ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कालेज के मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली में एक युवती ने हंगामा करते हुए बाबरी क्षेत्र के कुछ लोगों पर 12 से 14 फुट गहरा मिटटी खनन करने का आरोप लगाया है। हंगामा कर रही युवती को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा हिरासत में लिया है। बाबरी क्षेत्र के गांव बंतीखेडा निवासी साक्षी पुत्री राजबीर ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि कृषि भूमि में सहखातेदार मालिक स्वामी है। उक्त भूमि की बराबर में स्थित पडौसी चकदार बिनोद व ओमपाल, ओमकरण निवासीगण ग्राम बन्तीखेडा द्वारा अपने खेत में लगभग 12-14 फुट अवैध मिटटी खनन कार्य कराया जा रहा है। जिससे खेत की सिंचाई करने में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। खेत की मिटटी कटान होकर पडौसी चकदार के खेत में पहुंच रही है।

काफी फसली बर्बाद हो रही है। आरोप है कि हल्का लेखपाल द्वारा खेत में खडे निजी पेडो को भी कटवा दिया गया है तथा खेत का रकबा सजरे के अनुसार न दर्शाकर कम दर्शा दिया गया है। जिसकी जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### दुर्गा अष्टमी पर भव्य मेले का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव रंगना में दुर्गा अष्टमी पर मां दुर्गा मंदिर पर एकदिवसीय मेले का आयोजन किया गया। गत दिवस मंदिर से मां दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा निकालकर गांव की परिक्रमा की गई।

मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के मौके पर मंदिर में सुबह के समय हवन पूजा की गई। जिससे मुख्य अतिथि झिंझाना के चेयरमैन सुरेशपाल कश्यप व भाजपा के पूर्व झिंझाना मंडल अध्यक्ष डाक्ट्र सतीश कश्यप आदि मौजूद रहे। भंडारा शुरू करने से पहले कन्याओं को भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। पावन नवरात्रों पर दुर्गा अष्टमी से एक दिन पहले सोमवार को गांव रंगाना में मंदिर से मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकालकर गांव की परिक्रमा की गई थी, और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर एक दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया। मेले की संचालक लक्ष्मी देवी वह उनके बेटे और मंदिर के महंत राहुल देव शर्मा ने बताया कि यह मंदिर पिछले 32 वर्षो से यहां स्थापित है। जहां प्रत्एक नवरात्रों के मौके पर मेले और भंडारा का आयोजन कर भक्तजन प्रसाद ग्रहण करते हैं यहां पर हर श्रद्धालुओं के मनो. कामना पूर्ण होती है।

### अज्ञात चोर ने बाइक पर रखा नकदी से भरा थैला चुराया, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अज्ञात चोर ने बाइक पर रखा 2.80 लाख रूपए की नकदी से भरा थैला चुरा लिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करके कार्यवाही की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला खैलकलां इमामगेट निवासी इरशाद नामक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत सोमवार को दोपहर करीब दो बजे वह कस्बे की केनरा व पंजाब नेशनल बैंक शाखा से 2.80 लाख रूपए की नकदी निकालने के बाद थैले में रखकर बाइक से अपने घर वापिस जा रहा था। बाजार में पहुंचकर उसने रूपयों से भरा थैला बाइक के हैंडल पर टांग दिया और छिपियों वाले स्कूल के सामने स्थित दुकान से प्याज खरीदने लगा। जब वह प्याज खरीदकर वापिस चलने लगा तो उसे बाइक पर रूपए से भरा थैला नही मिला, जिसे अज्ञात चोर ने चुरा लिया। वहीं, कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह कसाना का कहना है कि बाइक से नकदी चोरी का मामला उनके संज्ञान में नही है।

### गेंहू की फसल में आग लगाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गेंहू की फसल में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शामली कस्बे के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी उदयवीर सिंह ने कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि उनकी एक कृषि भूमि ग्राम मन्नामाजरा में स्थित है, जिस पर उनका कब्जा है। उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में उनका एक वाद गांव मन्नामाजरा निवासी फरमान व वसीम पुत्रगण इरफान के साथ में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त दोनों भाइयों का पूरा परिवार आपरा. धिक गतिविधियों में लिप्त है। विवादित कृषि भूमि पर उन्होंने गेंहू की फसल बो रखी है, जो पककर पूरी तरह तैयार है। विगत 13द्ध14 अप्रैल की रात्रि उनकी गेंहू की फसल में किन्ही अज्ञात ने आग लगा दी। किन्ही कारणों से आग पूरे खेत में नही फैल सकी, जिसके चलते उनकी गेंहू की फसल जलने से बच गई। उन्हें उपरोक्त फरमान व वसीम पर गेंहू की फसल में आग लगाने की आशंका है। वहीं, पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच में जुट गई है।

### गाली-गलौज व मारपीट में तीन सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** युवक ने गाली-गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तीन सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी अरमान ने कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि विगत रविवार को शाम करीब चार बजे वह गांव में स्थित किरयाना की दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। इसी दौरान गांव के ही तै"यब, तालिब व आरिफ ने उसके साथ में गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि जब उसने गाली-गलौच का विरोध किया तो आरोपियों ने नुकीले हथियार से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आरोपी उसके साथ में पूर्व में भी कई बार मारपीट कर चुके है।

### खूनी संघर्ष मामले में एक-दूसरे के खिलाफ किया क्रॉस केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला छड़ियान में दो दिन पूर्व सीसीटीवी कैमरों को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष मामले में पुलिस ने एक-दूसरे के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कस्बे के मोहल्ला छड़ियान में अय्यूब ने अपने आवास पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हुए है, जिनका पड़ोसी तालिब पक्ष के लोग यह कहकर विरोध करते है कि इन कैमरों का फोकस उनके मकानों पर किया गया है। इसी बात को लेकर विगत रविवार को दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें अ"यूब व उसका पुत्र फैसल तथा दूसरे पक्ष का तालिब गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध कोतवाली पर तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक पक्ष के सुक्का, मांगा, आशु, तालिब, भूरा, सलीम उर्फ टीटू व वाजिद निवासीगण मोहल्ला छड़ियान कस्बा कैराना तथा दूसरे पक्ष के अय्यूब, फैसल, सुहैब व ताहिर निवासीगण मोहल्ला छाड़ियान कस्बा कैराना के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग दर्ज किया है। वहीं, पुलिस मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

# देश के व्यापारियों से वोट देने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के आहवान पर हर माह होने वाली मासिक बैठक शामली में रोटरी भवन कनिका कंपलेक्स वर्मा मार्केट में नगर अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया की देश का एक-एक व्यापारी देश को विक. सित देश बनाने हेतु राष्ट्रहित में अपना वोट अवश्य ही करेंगे क्योंकि यह चुनाव राष्ट्रहित में वोट देने का चुनाव है अपने परिवार व अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने हेतु चुनाव है बैठक में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व कनफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्धकैटत्र के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को आवाहन करते हुए कहा कि देश के 9 करोड़ व्यापारियों तथा उनके कर्मचारी व परिवार के मिलाकर 40 करोड़ का वोट बैंक देश को 2047 तक विक. सित देश बनाने के लिए दिया जाना चाहिए हमारा संगठन अराजनीतिक है सभी अपना वोट देने के लिए स्वतंत्र है फिर भी यदि कोई व्यापारी प्रत्याशी है तो सबसे पहले अपने व्यापारी भाई को वोट देकर लोकसभा में पहुंचाएं ताकि वह हम देश व प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं को लोकसभा में उठाकर उनका समाधान कराए हम प्रदेश के व्यापारियों की अनेकों समस्याएं हैं केंद्र व प्रदेश सरकार हम व्यापारियों की अनदेखी करती आ रही है क्योंकि हम संगठित नहीं है देश की सरकार हम व्यापारियों की अनदेखी न करे इसलिए हम देश के व्यापारियों को अपने वोट को एक वोट बैंक के रूप में बदलना होगा ताकी आने वाली सरकार हम व्यापारियों की अनदेखी न कर सके और देश को 2047 तक विकसित देश के रूप में तैयार कर सके साथ ही जीतने वाला राजनीतिक दल व प्रत्याशी व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर उनका समाधान करे प्रदेश के व्यापारियों को ज्वलंत समस्याएं चली आ रही है उन्हें अपने प्रत्याशी के सामने अवश्य ही रखें और उनसे पूछे कि आपको ही वोट क्यों तथा उनसे चुनाव जीतने के बाद समस्याओं के समाधान का आश्वासन अवश्य लें प्रदेश के व्यापारी के लिए 60 वर्ष की आयु के बाद कम से कम रुपये 3000 प्रति माह की पेंशन योजना लागू हो उधर व्यापारी के स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर हो तथा कमर्शियल विद्युत दरे घरेलू विद्युत दरों के बराबर की जाए जीएसटी का सरलीकरण होना अनिवार्य है इस प्रकार व्यापारियों की कई ज्वलंत समस्याएं हैं जिनका समाधान होना अति आवश्यक है अंत में उपस्थित व्यापारियों ने संकल्प लेते हुए सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया कि इस बार देश व प्रदेश का व्यापारी एकजुट होकर वोट बैंक के रूप में राष्ट्रहित में अपना वोट अवश्य ही देकर देश में मजबूत सरकार बनाने में सहयोग करेगा बैठक में मुख्यत: ,सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष, नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, रवि संगल नगर महामंत्री ,राजेश सिंघल जिला महामंत्री, पंकज वालिया प्रदेश प्रभारी व्यापारी सेना,प्रदीप संगल जिला संगठन महामंत्री, महेशधीमान नगर कोषाध्यक्ष, मती सुदेश सिंघल प्रदेश उपाध्यक्ष महिला, कविता संगल प्रदेश मंत्री महिला, व शिखा गोयल नगर अध्यक्ष महिला, वैभव गोयल, ऋषभ जैन, विनोद शास्त्री पवन सिंगल एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।




शामली। बैठक करते व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष।

## वोट मांगने आए प्रत्याशी से पूछे कि वोट आपको ही क्यों?

### फैमिली क्लीनिक के ऑफिस पहुंचे बीजेपी पश्चिम उत्त प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक



**शाह टाइम्स संवादाता**

**थानाभवन।** मंगलवार को बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक थानाभवन स्तिथ फैमली क्लिनिक के ऑफिस पर पहुंचे, वहां मुस्लिम समुदाय के लोगो ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने मुस्लिम समाज के लोगों को संबो. धित करते हुए कहा कि भाजपा सर्व धर्म व सर्व समाज का सम्मान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे इस बार बीजेपी 400 पार सीट ले रही है। इस मौके पर फैमली क्लीनिक के मैनिजिग डॉयरेक्टर डॉक्टर अजमल पुंडीर विधानसभा प्रभारी,सद्दाम मीडिया प्रभारी,आजाद ,उस्मान, हितेश राणा,अकमल राणा,हाजी राव इदरीस सहित अल्पसंख्यक समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बाइक चोर को रंगेहाथों पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बा के लोगों ने बाइक चोरी करते हुए एक चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस पकड़े गए आरोपी को पूछताछ के लिए थाने ले गई। कस्बे में चोर बेखौफ हो रहे हैं। दो दिन पूर्व कस्बा निवासी एक चिकित्सक की बाइक उसके क्लीनिक के बाहर से ही चोरी हो गई थी, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा।

मंगलवार को कस्बे के पंजाब नैशनल बैंक के निकट कस्बा के लोगों ने बाइक चोरी करते हुए एक चोर को उस समय पकड़ लिया जब वह बाइक का लोक तोड़कर बाइक लेकर भागने का प्रयास कर रहा था। तभी बाइक स्वामी ने शोर मचा दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस पकड़े गए चोर को थाने ले गई। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया चोर कैराना क्षेत्र के गांव जहान पुरा निवासी कासिम पुत्र एजाज जिसके खिलाफ कैराना कोतवाली में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए चोर से पूछताछ कर रही है। बता दें कि कस्बे के आर्य समाज के निकट दो दिन पूर्व एक चिकित्सक की बाइक उसके क्लीनिक के बाहर से चोरी हो गई थी। जिसको लेकर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन बाइक को कोई सुराग नहीं लगा है।

### चोरी से पेड़ काट रहे आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जानी खुर्द।** कहते हैं कि पेड़ लगाओ जीवन बचाओ हर व्यक्ति अपने घर में एक पौधा जरूर लगता है लेकिन कुछ व्यक्ति पर्यावरण को नुकसान करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। ऐसा ही मामला जानी थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धौलडी में एक जंगल में चोरी से आम के पेड़ काट रहे थे जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे थे।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०**

**अल्पकालीन ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक 173/वि0 वि0 म0 /शा0/निविदा दिनांक 16.4.24

ई-निविदा के माध्यम से दिनांक 02.05.2024 को 12:00 बजे से पूर्व/तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन समय 15:00 बजे ई पोर्टल पर खोली जाएगी। निविदा की अर्हता सम्बन्धी विस्तृत जानकारी/संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई टेण्डर वेबसाईट www.etender.up.nic.in व निगम की वेबसाईट www.pvvnl.org पर देखी जा सकती है। ई-निविदा संख्या- 01/ 2024 - 25, कार्य का विवरण-वि0वि0ख0प्र0शा0 हेतु जमा योजना के कार्य। ई - निविदा संख्या-02/2024 - 25, कार्य का विवरण-वि0वि0ख0तृ0शा0 हेतु जमा योजना के कार्य। प्रत्येक निविदा की धरोहर राशि: 2000.00, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल शामली । हैल्प लाईन राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।

**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल शामली**

# अपने दम पर सरकार बनाएगी बसपा: माजिद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट/पंडौली।** बसपा प्रत्याशी माजिद अली व मजाहिर हसन मुखिया तथा फिरोज आफताब ने जिलेभर के अनेको कस्बों व गांवों का जनसंपर्क कर बडी मीटिंगे कर माजिद अली को जिताने का आहवान किया।

चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी माजिद अली ने कहा कि मुझे सभी वर्गों के लोगों का भारी संख्या में समर्थन मिल रहा है, उन्होंनें कहा कि बसपा प्रमुख बहन मायावती के कार्यकाल मे प्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ था। आप के प्यार और जो हर क्षेत्र में समर्थन मिल रहा है इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारी मतों से हमारी जीत होगी। मजाहिर हसन मुखिया ने कहा कि बसपा अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ रही है और भारी सीटे लेकर सरकार बनाने काम करेगी। उन्होनें कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती की सहारनपुर रैली के बाद बसपा का भारी संख्या में वोट बढ़ा है। फिरोज आफताब ने भी बसपा प्रत्याशी माजिद अली के पक्ष में वोट मांगे। बसपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी राशिद खां ने कहा कि गुमराह करने वाले लोगों से स्वयं भी बचे और अपने भाइयों को भी बचाएं यह हम सभी की जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि बसपा प्रत्याशी माजिद अली को जिताने का काम करें। कार्यक्रम को साहिल खान, रईस मलिक, प्रधान मिजान, हाजी उवेश, मोहम्म्मद आजम, विशाल, हाजी इशरत, कय्यूम, दानिश, मौलाना अबरार, गुड्डू मिर्जा,अमानुल्लाह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बेहट विधानसभा बसपा अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने किया।

# रामपुर मनिहारान पहुंची पैरामिलिट्री फोर्स



**रामपुर मनिहारान।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए नगर में पहुँची पैरामिलिट्री फोर्स पहुँच गई है। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार ने फोर्स को माला पहना कर व मिठाई खिला कर स्वागत किया।

क्षेत्र में शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की टुकड़ी नगर में पहुँच गई है जिसे एक स्कूल में ठहराया गया है।कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा ने पैरामिलिट्री फोर्स का माला पहनाकर व मिठाई खिला कर स्वागत किया। इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक कराया जाएगा।यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने का प्रयास करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस एवं पैरामिलिट्री फोर्स पूरी तरह एक्टिव है और हर जगह कड़ी नजर रखी जा रही है। वोटर को किसी तरह का लालच देने या डराने धमकाने की कोशिश करने वालों को कड़ा सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता निश्चिंत-निर्भय होकर मतदान करे। पुलिस हर पल हर समय मौजूद रहेगी।

# छठे दिन निकाली जल कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के छह दिवसीय वार्षिक रथ यात्रा महोत्सव के चौथे दिन भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई।

यात्रा जैन बाग से प्रारम्भ होकर दिल्ली रोड, पीठ बाजार, मेन बाजार, महाजनान, बाजार कला आदि विभिन्न मोहल्लों से होती जैन इंटर कॉलेज पहुचकर वहा बनी पांडुक शीला पर 108 कलशो से भगवान का अभिषेक किया गया। यात्रा में इंद्र बने छोटे छोटे बच्चे लोगो के आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रातः विद्यासागर गुरू विधान का आयोजन किया गया। शाम के समय एक शाम विद्या गुरू के नाम का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे आस्तिक जैन के मधुर भजनों ने लोगो को झूमने को मजबूर कर दिया।

इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष मनोज जैन, उपाध्यक्ष निपुण जैन, मंत्री अभिषेक जैन, विपुल जैन, शशांक जैन, भूपेंद्र जैन, आर्जव जैन, आयुष जैन, संचित जैन, पंकज जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला पुरूष मौजूद रहे।

## मतदान वाले दिन होगी साप्ताहिक बंदी

**सहारनपुर।** उप श्रमायुक्त अनुपमा गौतम ने बताया कि मतदान का वास्तविक दिन साप्ताहिक बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

उप श्रमायुक्त ने कहा कि सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र स्थित दुक. ानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों को लो. कहित में यह छूट प्रदान की जाती है कि यदि मतदान के वास्तविक दिन साप्ताहिक बंदी दिवस का दिन नहीं है तो मतदान का वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य के मतदाता जो उत्तर प्रदेश में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार में नियोजित है। ऐसे नियोजित प्रत्येक कामगार को सवेतन अवकाश प्रदान किये जाने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है।

# मदरसे के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मदरसा जामिया दावतुल हक मुइनिया के प्रबंधक हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक जिम्मेदारी है इसलिए सभी को बढ़चढ़ कर मतदान में भाग लेना चाहिए।

क्षेत्र के गाँव चर्रोह स्थित मदरसा जामिया दावतुल हक मुईनिया द्वारा नई पहल करते हुए मदरसे के बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। हजरत हाजी शमशाद ने कहा कि संविधान ने हमें मतदान का अधिकार दिया है और मतदान में भाग लेना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी को मतदान करने का अधिकार दिया है जो बेहद प्रभावशाली है। मतदान के जरिए जनता को अपनी पसंद की सरकार बनाने का हक है। इसलिए सभी को बढ़ चढ़ कर मतदान करना चाहिए क्योंकि ज्यादा से ज्यादा मतदान ही हमारे जागरूक होने का पता देगा। हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि मतदान के दिन को छुट्टी के दिन की तरह नहीं बल्कि जिम्मेदारी के दिन की तरह मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि एक वोट से क्या होगा? ऐसा सोचना अपनी नैतिक जिम्मेदारी से भागना होता है। उन्होंने कहा कि अपना वोट डालने के साथ साथ दूसरे लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि शासन स्तर पर व सामाजिक संगठनों द्वारा मतदान के जागरूक किया जा रहा है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों को मतदान करना चाहिए।

इस अवसर पर चौधरी हाशिम, मौलाना हुसैन, हाजी इरशाद, सादिक प्रधान, त्यागी अरशद, मुकद्दस, शौकत अली आदि मौजूद रहे।

# भजन संध्या का आयोजन



**गंगोह।** सोमवार रात्रि मोहल्ला कोटला में नवरात्र पर्व पर मां भगवती भजन संध्या का आयोजन किया गया। माता के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। भजन संध्या का शुभारंभ नरेंद्र मित्तल, सुमन मित्तल, सचिन, मन्नू, सपना, पवन मित्तल, रोहित एवं अभिषक आदि ने संयुक्त रूप से दिव्य ज्योति प्रज्जवलित कर किया। स्थानीय भजन गायकों यशपाल सैनी, जैल सिंह भारती, राजू कश्यप, लविश नामदेव, राजीव गर्ग और योगेश प्रजापति आदि ने अपनी मधुर वाणी में भजनों की प्रस्तुति दी। आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पंन हुआ। उमा शर्मा, रूबी शर्मा, सोनिया पांचाल, मीनू दीक्षित, सोमवती सहित काफी श्रद्धालु रहे।

# मां शाकम्भरी मंदिर में उमड़ी भारी भीड़



**बेहट।** शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित माता शाकंभरी देवी मंदिर पर अष्टमी पर्व के मौके पर भारी भीड़ उमडी। भक्तों ने लंबी लाइनों में लगकर माता शाकंभरी के दर्शन किए। माता को भोग लगाकर भक्तों ने अपने व्रत भी खोले और कन्याओ को भोजन भी कराया।

मंगलवार को अष्टमी पर्व के मौके पर शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। सप्तमी पर्व की देर सांय से ही सिद्ध पीठ पर श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था जो अष्टमी पर्व तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने मां शाकंभरी के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ा कर मनोकामनाएं मांगी। माता के दर्शनों को लगी श्रद्धालुओं की लाइन श्री शंकराचार्य आश्रम तक पहुंच गई थी। लाइनों में लगे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए मां भगवती के जयकारों से समूचा माहौल भक्तिमय बना रहा। माता के दर्शनों के उपरांत श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया और उन्हें दक्षिणा भी भेंट की। इसके बाद में विधिवत रूप से भक्तों द्वारा अपने व्रत खोले गए। मंदिर व्यवस्थापक राणा आतुल्य प्रताप सिंह द्वारा श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। मेले में चतुर्दशी पर्व तक भारी भीड़ पहुंचने की संभावना है।

# 21 को निकलेगी प्रभात फेरी

**गंगोह।** नगर में चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित बाला जी जन्मोत्सव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई है। नगर में बाला जी जन्मोत्सव कार्यक्रम तीन स्थानों पर होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां तेजी से चल रही है।

श्री बाला जी धाम सेवा समिति के कार्यक्रम की शुरूआत 21 अप्रैल को प्रभात फेरी से होगी। प्रभात फेरी के बाद होली चौंक पर जन कल्याण यज्ञ का आयोजन होगा। रात्रि में मोहल्ला कानूनगोयान में होली चौंक पर जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में करण कौशिक व संजू शर्मा लुधियाना से भजन गायक शामिल होंगे। जागरण का विशेष आर्कषण सवा मन का लड्डू, 108 अखंड ज्योति के दर्शन, बाला जी की झांकिया व आलौकिक श्रृंगार रहेगा। 22 अप्रैल को होली चौंक पर ही भंड़ारे का आयोजन होगा। यह जानकारी समिति के अशोक गोयल ने दी है। श्री बाला जी संकट मोचन सेवा समिति द्वारा 17 अप्रैल को बाला जी धाम पर राम नवमी कार्यक्रम आयोजित होगा। 21 अप्रैल को यहां से निशान यात्रा निकाली जाएगी। 23 अप्रैल को ककराली सरा. ेवर किनारे स्थित बाला जी धाम में कार्यक्रम की शुरूआत विश्व कल्याण के लिए यज्ञ के साथ होगी, रात्रि में यहीं पर जागरण का आयोजन होगा। जागरण में दिल्ली से टविंकल शर्मा, दी सीरीज बृजराज सिंह लक्खा, दिल्ली सुनील कौशिक व करनाल से श्रवण सोनी भजन गायक बाला जी का गुणगान करेंगे। इससे पहले इसी दिन भंड़ारे का भी आयोजन होगा। यह जानकारी समिति के कश्यप कुमार फौजी ने दी है। महादेव कुटी स्थित सिद्ध पीठ श्री हनुमंत लाल पर भी भजन-कीर्तन होगा। सर्राफा बाजार में सनातन धर्म सभा के पास स्थित हनुमान मंदिर पर भी 23 अप्रैल को गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाला जी जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

# अखण्ड श्री रामायण पाठ आरम्भ



**चिलकाना।** सुलतानपर नगर में श्री सत्संग मंडल के तत्वाधान में श्री रामनवमी के अवसर पर अखंड श्री रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। जिसका समापन बुधवार को श्री रामजी की आरती तथा भंडारे के साथ होगा।

मंगलवार को सुल्तानपुर के चारजो वाले मंदिर में श्री सत्संग मंडल के तत्वाधान में 32 वें अखंड श्री रामचरितमानस पाठ के शुभारंभ से पूर्व पंडित सोमदत्त शर्मा ने रामचरितमानस का पूजन कराया। जिसके पश्चात अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ किया गया। सत्संग मंडल के अध्यक्ष शिवनंदन शर्मा ने बताया कि 32 वर्ष पूर्व समाजसेवी स्वर्गीय पंडित जयनारायण शर्मा के प्रयासों से सुल्तानपुर के मंदिरों में प्रतिवर्ष रामनवमी पर्व पर रामायण जी का पाठ होता आ रहा है। रामायण के पठन पाठन से मानव को प्रभु राम जी के चरित्र को सुनने तथा सुनाने की प्रेरणा मिलती है। आयोजन में आशु सैनी, निशांक जैन, मांगेराम सैनी, अमित कुमार, विकास सैनी, दिनेश कुमार, गौरव गुप्ता, नीलकमल गुप्ता, प्रदीप कुमार आदि रहे।

# श्रद्धाभाव से मनाया गया दुर्गाष्टमी पर्व



**गंगोह।** नगर एवं क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे दिन मंदिरों में भारी भीड़ रही। भंडारे भी आयोजित किए गए।

चैत्र मास के नवरात्रों का मंगलवार को अधिकतर परायण हो गया। दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही, दुर्गा अष्टमी पर्व पर विशेष पूजा अर्चना की गई। राम बाग, महाद. ेव कुटी, शिव चौक, काली मंदिर पीठ बाजार, भुवनेश्वरी पंचायती मंदिर, गांव दूधला स्थित मां शांकुभरी देवी मंदिर, माता वैष्णों देवी धाम, ककराली स्थित देवी मंदिर सहित अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की दिन भर भीड़ रही। अधिकांश लोगों ने छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन करा व्रतों का परायण कर दिया। अनेक स्थानों पर भंडारे भी आयोजित किए गए। माता वैष्णो देवी मंदिर में माता के नौ स्वरूपों की पूजा की गई इसके बाद उनकी आरती उतारी गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। दुर्गा अष्टमी के साथ ही नगर मे एक पखवाड़ा तक चलने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो गई है। बुधवार को दुर्गा नवमी के साथ व्रत समाप्त हो जाऐंगे। राम जन्म उत्सव मनाने को विभिन्न मंदिरों की सजावट लगभग पूरा होने वाला है।

**सूचना**

मैने अपनी मर्जी से व बिना किसी दबाव के दिनांक 01/04/2024 को श्रीराम मंदिर सिविल कोर्ट सहारनपुर में अमन पुत्र प्रीतम निवासी गांव फिरोजाबाद थाना चिलकाना, जिला सहारनपुर से शादी की है और हम दोनो बालिग है।

**अंजलि रानी पत्नी अमन पुत्री रिशिपाल निवासी ग्राम हिमामपुर, थाना नानौता देहात, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैं व मेरे पति ने अपने पुत्र वसीम व पुत्रवधू अतिका को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मुमताज बेगम पत्नि रईस निवासी मुरसलीन ताज कालोनी, खाताखेडी, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र वाहिद व पुत्रवधू समीना को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मेहरबान पुत्र पुत्र स्व. बाती निवासी ग्राम मल्हा माजरा थाना नकुड, जिला सहारनपुर।**

## पहले दिन 58 कुंतल गेंहू खरीदा

**चिलकाना।** नगर की मंडी समिति में लगाए गये तीन गेहूं कर केंद्रों पर आज प्रथम दिन कुल 58 कुंतल गेहूं की खरीद हुई।

मंगलवार को मंडी समिति में आरएफसी के दो क्रय केंद्र तथा एफसीआई का एक केंद्र संचालित किया गया है। आरएफसी द्वारा संचा. लित केंद्र में प्रथम दिन गांव डिंडोलीखेडा के किसान ब्रजपाल सिंह 25 कुंतल गेहूं लेकर पहुंचे। वहीं द्वितीय क्रय केंद्र पर कुंडा रायपुर के किसान आरिफ 20 कुंतल गेहूं लेकर आए।

एफसीआई क्रय केंद्र पर गांव चालाकपुर के किसान कश्मीरा ने पहले दिन 13 कुंतल गेहूं विक्रय किया है। क्रय केंद्र के शुभारंभ अवसर पर गेहूं विक्रय करने पहुंचे तीनों किसानों का माला पहनकर स्वागत किया गया।

# रासुका में बेल मिलने के बाद घर पहुंचे मुकेश सिद्धार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते दिनों प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री समुद्र तोमर पर विवादित टिप्पणी करने के लिए समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री मुकेश सिद्धार्थ पर मेरठ प्रशासन ने भड़काऊ भाषण देने के लिए रासुका लगाई थी लेकिन उन्होंने रासुका को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी जहां पर मुकेश सिद्धार्थ को जजों की बेंच ने बड़ी राहत देते हुए रासुका जैसी बड़ी धारा में बेल दी और इसी के साथ-साथ मेरठ जनपद के डीएम दीपक मीणा को 28 मई को कोर्ट में अपना हलफनामा जमा करने का आदेश जारी किया है और पूछा है कि आखिर उन्होंने मुकेश सिद्धार्थ पर कितने बड़ी धारा क्यों लगाई थी। मुकेश सिद्धार्थ के बाहर आने के बाद उनके समर्थकों में खुशी देखी गई उनके बेटे हिमांशु सिद्धार्थ का कहना है कि उनके पिता 100 दिन तक जेल में रहे यातनाएं झेली और यह सब उन्होंने अपने समाज के लिए किया। उन्होंने कहा कि आखिरकार ईद, नवरात्र, बैसाखी एवं डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती की खुशियां मुकेश सिद्धार्थ परिवार पर एकसाथ बरसीं है जिसके लिए वह ईश्वर का धन्यवाद अदा करते हैं। उन्होंने मुकेश सिद्धार्थ की रिहाई को सत्य की जीत बताया।



रिहा होने के बाद मुकेश सिद्धार्थ का स्वागत करते समर्थक।

### बसपा वालों ने डाला डेरा, पार्टी के नेता रहे दूर



मुकेश सिद्धार्थ ने दलित समाज के मान सम्मान के लिए समाजवादी पार्टी के मंच से ही विवादित बयान दिया था। इस दौरान समाजवादी पार्टी के तमाम नेता मौजूद थे। मुकेश सिद्धार्थ रिहाई के बाद घर आए तो खुद उन्हीं की पार्टी के नेता यानी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी दूरी बनाते हुए नजर आए। किसी ने भी देर शाम तक मुकेश सिद्धार्थ से मिलना गवारा नहीं समझा। वहीं मुकेश सिद्धार्थ के आने की खबर मिलते ही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी देवव्रत त्यागी दलित समाज के दर्जनों लोगों के साथ मुकेश सिद्धार्थ के घर पहुंचे और उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान बसपा प्रत्याशी ने मुकेश सिद्धार्थ से चुनाव में जन समर्थन भी मांगा।

## किसान पंजीकरण करा लें: आशीष

**सहारनपुर।** सम्भागीय खाद्य नियंत्रक आशीष कुमार ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना प्रदेश में 1 मार्च से गेंहू खरीद शुरू हो गयी है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का अधिकारिक लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकरण प्रारम्भ है।

सम्भागीय खाद्य नियंत्रक ने बताया कि 1 जनवरी से गेंहू विक्रय हेतु किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण प्रारम्भ है। किसानों को समय अवधि में पंजीकरण कराना होगा। जनसूचना केन्द्र मोबाइल फोन व केन्द्र प्रभारी के मोबाइल नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर तथा क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण कराया जा सकता है। उन्होने बताया कि गेंहू का समर्थन मूल्य पिछले वर्ष 2125 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया था जिसमें 150 रूपये की वृद्धि करते हुए 2275 रूपये निर्धारित किया गया

## ट्रेक्टर ट्राली की चपेट में आकर
# बाइक सवार पिता पुत्र घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ट्रेक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार पिता पुत्र घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। हादसे के बाद चालक ट्रेक्टर छोड़कर फरार हो गया।

सहारनपुर निवासी 45 वर्षीय उस्मान अपने पिता फरमान को साथ लेकर मंगलवार को बाइक पर सवार होकर उत्तराखंड के झबरेड़ा स्थित रिश्तेदारी में हो रहे समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जब वह सिडकी-झबरेड़ा मार्ग पर पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रेक्टर ट्राली चालक ने अचानक ट्रेक्टर को गलत दिशा में मोड दिया। जिससे ट्रेक्टर का अगला पहिया लगने से दोनों सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए।

गनीमत रही कि उस्मान ने हेलमेट पहना हुआ था वरना उसका सिर पहिये के नीचे आकर कुचला जाता। हादसे के बाद चालक ट्रेक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि ट्रेक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर अभी नही मिली है। तहरीर मिलने के बाद कानुनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# श्रद्धालुओं ने सीताराम का जाप कराते हुए सुंदर भजनों का किया गुणगान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री राधा रुक्मणि वल्लभ मंदिर नाभावाला में चल रही रामकथा में दूसरे दिन कथाव्यास पं. विनय प्रकाश तिवारी ने गोस्वामी तुलसीदास का प्रसंग सुनाया। उन्होंने श्रद्धालुओं को सीताराम का जाप कराते हुए सुंदर भजनों का गुणगान किया।

मंगलवार को दूसरे दिन की कथा से पूर्व दीप प्रज्जवलित सुधा त्यागी और भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण रश्मि गोयल ने किया। कथा का वाचन करते हुए पं. विनय प्रकाश ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने सुंदर रामचरित मानस का वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीराम की कथा का निर्माण प्रयागराज के घाट पर बैठकर किया था। कथाव्यास ने कहा कि हमें अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए और गोस्वामी तुलसीदास भी हमारे गुरु थे। रामकथा के मुख्य यजमान मीना रानी रही और प्रसाद वितरण वीणावती ने किया। इस मौके पर उमेश सैनी, आदेश सैनी, शिवकुमार राणा, राधेश्याम माहेश्वरी, सुमन धीमान, रामकला सैनी, बबीता सैनी, अश्वनी गर्ग, कार्तिक गोयल, निशा सैनी, गुड्डी धीमान, सोनिया, पायल माहेश्वरी आदि रहे।





# कन्या पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने किया पूरा अपना उपवास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चौत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने मां जगदंबा के आठवें स्वरूप अष्टम महागौरी की पूजा अर्चना की। मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कन्या पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने अपने उपवास पूरे किए।

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में मां के जयकारों और घंटे घडियालों से मंदिर प्रांगण गुंजायमान रहा। मंदिर सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी।

मां के इस स्वरूप की पूजा करने से भक्तों के सभी पाप नष्ट होते हैं। श्रद्धालुओं ने माता बाला सुंदरी के साथ ही माता शाकंभरी, काली माता, भैरव बाबा, हनुमान जी, भगवान शिव शंकर और ग्यारहमुखी महादेव आदि पवित्र स्थलों पर प्रसाद चढ़ाकर परिवार में सुख समृद्धि के लिए मन्नत मांगी।

कई श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन खिलाया। कई ने बच्चियों को टिफिन, पैन, कापी आदि उपहार भेंट किए।



# समाज सेवा के लिए मोहम्मद अनीस को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** समाज के प्रति सेवा भाव के लिए यमुना विकास प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा के सहायक अभियंता मोहम्मद अनीस को देवबंद केसरी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

मोहल्ला टाकान में आयोजित कार्यक्रम में मोहम्मद अनीस को यह अवार्ड ख्याति प्राप्त शायर डॉक्टर नवाज देवबंदी और वरिष्ठ समाजसेवी मानव कल्याण मंच के संस्थापक अरुण अग्रवाल ने प्रदान किया। इस अवसर पर नवाज देवबंदी ने कहा कि मुमताज अहमद प्रशंसा के योग्य हैं जो समाज के प्रति सेवा भाव, सामाजिक सेवा के प्रति सच्ची श्रद्धा, लगन व उत्साह से कार्य करने वालों को समय समय पर सम्मानित करते हैं। अरुण अग्रवाल ने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वालों का सम्मान होना चाहिए।

कार्यक्रम आयोजक मास्टर मुमताज अहमद ने सभी का आभार जताया। इसमें सईद अंसारी, उस्मान, नदीम खां, असद जमाल फैजी, खुशनसीब खां, आरिफ अंसारी, फैसल नूर शब्बू, अरशद सिददीकी, महताब आजाद, समीर नूर, नवेद नूर, आदि मोजूद रहे।



# टांडा गांव में संत रविदास की मूर्ति खंडित करने के मामले में एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** टांडा गांव में रविवार देर रात संत रविदास की मूर्ति खंडित करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को दबिश देकर पकड़ लिया। पुलिस आरोपी को थाने ले आई और उसके दूसरे साथी के बारे में पूछताछ करने में जुटी है। वहीं, टांडा गांव स्थित बाबा भीमराव आंबेडकर भवन में दलित समाज के लोगों ने मंगलवार को बैठक की। बैठक में नई प्रतिमा लगवाने की मांग की।

रविवार देर रात टांडा गांव में बाइक सवार दो युवकों ने पत्थर मारकर संत शिरोमणि रविदास की मूर्ति को खंडित कर दिया था। लोगों ने विरोध किया तो बाइक सवार युवक गाली-गलौज कर धमकी देकर भाग गए थे, जिस पर दलित समाज के लोगो ने हंगामा कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगो को शांत कराया था। सोमवार को अमित कुमार और कपिल जाटव के नेतृत्व में समाज के लोगों ने थाने पहुंचकर आरोपियों को नामजद करते हुए तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मंगलवार को पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दबिश देकर एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई पूछताछ करने में जुट गई है। हालांकि, अभी दूसरा आरोपी फरार है। इसके अलावा संत शिरोमणि रविदास की नई मूर्ति लगवाने को लेकर दलित समाज के लोगों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कृपाल सिंह ने की और संचालन ग्राम प्रधान राजेश ने किया। बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। कहा कि प्रशासन खंडित प्रतिमा को हटवाकर नई प्रतिमा लगवायेगा। दौराला थाना प्रभारी उत्तम सिंह राठौर ने बताया कि एक आरोपी कपिल मीणा को हिरासत में लिया गया है। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।



# नवरात्र की अष्टमी पर कन्या पूजन कर खोला उपवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने देवी मां के अष्टम स्वरूप महा गौरी की आराधना करी और कन्या पूजन कर खोला उपवास। महा अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने देवी मां से अपनी एवं अपने परिवार की सुख समृद्धि की दुआ भी मांगी। महा अष्टमी के अवसर पर मंदिरों में भी रामायण पाठ व भजन कीर्तन के साथ भक्ति भाव के साथ अष्टमी का पर्व मनाया गया। मंगलवार की सुबह से ही मां के भक्त कन्याओं को जिमाने के लिए कन्याओं की तलाश करते रहे। कन्याओं की तलाश में मां के भक्तों को काफी इंतजार करना पड़ा और जैसे ही भक्तों को पता चलता कि कन्याएं उस घर में प्रसाद ग्रहण कर रही है तो भक्त वहीं पहुंच जाते और कन्याओं को अपने साथ घर पर लेकर ही आते। भक्तों के द्वारा सबसे पहले कन्याओं के चरण पखार व तिलक लगाकर पूजन किया गया। उसके पश्चात उन्हें भोजन ग्रहण कराया और उनसे आशीर्वाद लिया। मां के भक्तों ने कन्याओं को अपने श्रद्धा अनुसार उपहार भी दिए।





## जिला अस्पताल से महिला का अपहरण सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला अस्पताल से सात मार्च को एक महिला बबीता सैनी निवासी साबुन गोदाम अस्पताल में अपने पति का इलाज करने के लिए पहुंची थी। पति एक्सरा करने के लिए गए थे इसी दौरान बबीता सैनी जिला अस्पताल से लापता हो गई।

परिजनों के काफी ढूंढने के बाद भी जब उनका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज निकलावाई सीसीटीवी फुटेज में बबीता सैनी एक लड़के और एक महिला के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर बागपत रोड की तरफ जा रही है। जिसके बाद से उसका कोई अता-पता नहीं है। परिजनों ने थाना देहली गेट में गुमशुदगी दर्ज कराई है। इस घटना के एक महीना होने के बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं लगा है परिजनों ने मंगलवार को कप्तान से पुलिस की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कप्तान ऑफिस में बैठे सीओ ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## जेपी हॉस्पिटल ने एक हजार से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर हासिल की उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली-एन.सी.आर. में अग्रणी एवं उत्तर भारत में प्रमुख स्थान रखने वाले, नोएडा स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल, नोएडा ने प्रत्यारोपण चिकित्सा 1000 से अधिक सफल किडनी प्रत्यारोपण कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं कोर्डिनेटर डॉ. अमित के. देवड़ा ने कहा भारत में हर साल करीब 12000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो रहे है और खराब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रसित है। ट्रांसप्लांट एक स्फल प्रक्रिया है और ट्रांसप्लांट की मदद से मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि




मरीजों को अब किडनी प्रत्यारोपण के लिए अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि किडनी प्रत्यारोपण बहुत अत्याधुनिक पद्धति से किया जा रहा है।

## बजाज आलियांज लाइफ ने डिजिटल लेनदेन की सुविधा को किया सरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अग्रणी निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने मेटा के साथ साझेदारी के माध्यम से व्हाट्सएप पर प्रीमियम भुगतान का विकल्प पेश किया है। लाखों भारतीय उपभोक्ताओं को जोड़कर, व्हाट्सएप संचार और सेवा के लिए एक लोकप्रिय ऐप के रूप में सामने आया है। इस लोकप्रियता का लाभ उठाने और ग्राहकों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ ने व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी प्रीमियम भुगतान सेवाओं को अपग्रेड किया है। इस तरह ग्राहक एक ही स्थान पर अपनी पॉलिसी और अपने पेमेंट्स को मैनेज कर सकते हैं। ग्राहक सीधे व्हाट्सएप इंटरफेस के भीतर नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई जैसे विभिन्न पेमेंट मोड के माध्यम से अपने प्रीमियम का भुगतान आसानी से कर सकते हैं। यह पहल भुगतान प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करती है, साथ ही विभिन्न पेमेंट ऐप्स के बीच स्विच करने की आवश्यकता को समाप्त करती है। और सीधे व्हाट्सएप के भीतर निर्बाध और कुशल तरीके से प्रीमियम भुगतान सुनिश्चित किया जा सकता है। इस तरह ग्राहक के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सकता है। बजाज आलियांज लाइफ इस ऐप पर 25 से अधिक सेवाएं प्रदान करता है।

## रियलमी ने लांच की पी सीरीज 5जी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज में 5जी स्मार्टफोन- रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी पी सीरीज 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड-रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे। साथ ही हमने नई पी सीरीज के साथ रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च किए हैं।

## ईद- उल-अजहा के मौके पर नमाजियों के लिए जगह उपलब्ध कराने को भेजा नोटिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते ईद उल फितर की नमाज में 200 नमाजियों पर थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस का मानना है कि मुस्लिम समाज के लोगों ने मना करने के बाद भी सड़क पर नमाज अदा की है। बता दें कि प्रशासन की ओर से सड़क पर नमाज पढ़ने पर प्रतिबंध लगा था इसके बावजूद भी नमाजियों ने सड़क पर नमाज अदा की वहा मौजूद पुलिस ने उनको सड़क से हटाने को कहा तो नमाजियों ने वहीं नमाज अदा करने को कह दिया। जिस के बाद वहां हंगामा हो गया इस बीच नमाजियों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। इस दौरान पुलिस ने नमाज पढ़ते लोगों का वीडियों बना लिया। जिसके बाद 200 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इसी को देखते हुए मंजूर नगर के रहने वाले यूनुस पुत्र इदरीश ने एक नोटिस जिलाधिकारी को सौंपा है जिसमें उनका कहना है कि आने वाले समय में बकरा ईद का त्यौहार है इसमें भी मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह में नमाज पढ़ने जाते हैं पहले यह ईदगाह काफी बड़ी थी लेकिन मुस्लिम समाज की जनसंख्या कम थी अब जनसंख्या अधिक हो गई है और ईदगाह की जगह ज्यो की त्यो है।

**सम्बंध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र खुशहाल पुत्रवधू रूकसार को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है भविष्य में इनके किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मौहम्मद नईम पुत्र नसीम अहमद**
**मौहल्ला अब्दुलहक, देवबन्द**

# पर्यवेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**देवबन्द।** लोकसभा चुनाव निस्पक्ष व शांति पूर्ण संपन कराने के लिये प्रशासन ने पुरी तैयारिया करली है। प्रथम चरण के मतदान के मद्देनजर पर्यवेक्षक ने देवबंद में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया इस दौरान एच ए वी इंटर कालेज,गुरुकुल रहतीदेवी कन्या इंटर कालेज, राजकीय डिग्री कॉलेज सहित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान।उप जिलाधिकारी अंकुर वर्मा पालिका अधिशासी अधिकारी डा. धीरेंद राय आदि अधिकारी शामिल रहे



# ओलंपिया में जलाई गई पेरिस ओलंपिक मशाल

## 26 जुलाई से पेरिस में शुरू होंगे गेम्स, पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू

**ग्रीस।** पेरिस ओलिंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है। आज से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी।

इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया। पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक प्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) के अध्यक्ष थामस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारा. पोलू भी मौजूद रहीं। इंटरनेशनल ओ. लिंपिक कमेटी (आईओसी) के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया।



### गुलजार होगा पेरिस

- आखिर में यह मशाल पेरिस में जा कर रुकेगी, इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने प्रज्जवलित किया
- परंपरागत ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है

साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया। 1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधु. निक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है। पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था। पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओ. लिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है। हाल ही ओलिंपिक एसोसिएशन ने पेरिस ओ. लिंपिक खेल के लिए तीन रंगो को चयनित किया था। जिसमें गुलाबी, नीला और बैंगनी कलर शामिल थे।

### पेरिस ओलंपिक के लिए इंग्लैंड ने की तैराकी टीम की घोषणा

**लंदन।** इंग्लैंड ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली पूल और मैराथन स्पर्धाओं के लिए अपनी 33 सदस्यीयतैराकी टीम की मंगलवार को घोषणा की। टीम में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन एडम पीटी, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टॉम डीन और जेम्स गाइ, ओलंपिक चैंपियन अन्ना हॉपकिन, कैथलीन डॉसन, फेया एंडरसन और मैट रिचड्र्स और टोक्यो ओलंपिक 2020 में चार पदक जीतने वाले डंकन स्कॉट का टीम में चयन किया गया है। मैराथन तैराकी के लिए टोक्यो 2020 ओलंपियन और फरवरी में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हेक्टर पार्डो को लगातार दूसरी ओलंपिक मैराथन तैराकी टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा 10 किमी की स्पर्धा में लीह क्रिस्प और टोबी रॉबिन्सन हिस्सा लेंगे।

# विजडन टॉप-5 क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में तीन आस्ट्रेलियाई शमिल

**नई दिल्ली।** विजडन क्रिकेटर्स अलमानेक 2024 ने साल के टॉप-5 क्रिकेटर्स की लिस्ट जारी कर दी है। टॉप-5 क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में मिचेल स्टार्क, उस्मान ख्वाजा, एशले गार्डनर, हैरी ब्रूक और मार्क वुड शामिल हैं। विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड क्रिकेट का सबसे पुराना इंडिविजुअल अवार्ड है। विजडन 1889 से हर साल यह लिस्ट जारी कर रहा है। सिलेक्शन पिछले इंग्लिश सीजन में परफार्मेंस के आधार पर होता है। कोई भी खिलाड़ी एक से ज्यादा बार यह अवार्ड नहीं जीत सकता है। विजडन के एडिटर लारेंस बूथ ने मंगलवार को पांचों नामों की घोषणा की। आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और नैट साइवर-ब्रंट को शविजडन लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्डश से सम्मानित किया गया है। विजडन लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्ड अवार्ड दुनिया के कुछ सबसे अनुभवी लेखकों और कमेंटेटर्स के परामर्श से



मिशेल स्टार्क
ऑस्ट्रेलिया

उस्मान ख्वाजा
ऑस्ट्रेलिया

एशले गार्डनर
ऑस्ट्रेलिया

विजडन क्रिकेटर्स अलमानेक के एडिटर द्वारा दिया जाता है। सिलेक्शन पिछले कैलेंडर ईयर में दुनिया भर में कहीं भी खिलाड़ी के परफार्मेंस पर आधार पर होता है। खिलाड़ी एक से ज्यादा बार अवार्ड जीत सकते हैं। कमिंस की कप्तानी में आस्ट्रेलिया जून में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप जीता था। दोनों का फाइनल भारत के खिलाफ खिलाफ खेला गया था। इसके अलावा उनकी कप्तानी में पिछले साल इंग्लैंड में 2-2 से एशेज सीरीज भी ड्रा हुई थी। ट्रैविस हेड ने विजडन ट्राफी जीती है, जो पिछले कैलेंडर ईयर के दौरान टेस्ट क्रिकेट द्धमेंस या विमेंसऋ में सबसे अच्छे इंडिविजुअल परफारमेंस के लिए दी जाती है। हेड को यह अवार्ड भारत के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेली गई 163 रन की पारी के लिए दिया गया है। हेली मैथ्यूज को टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है।

# कोलकाता ने दिया राजस्थान को 224 रनों का टारगेट

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में कोलकाता के सुनील नरेन ने करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने 56 बाल पर 109 रन बनाए। इस सेंचुरी के बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 223 रन बनाए।

ईडन गार्डन्स स्टेडियम में राजस्थान रायल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने 2 ओवर के बाद एक विकेट के नुकसान पर 23 रन बना लिए हैं। टीम से इम्पैक्ट प्लेयर जोस बटलर और संजू सैमसन क्रीज पर हैं। यशस्वी जायसवाल 19 रन बनाकर वैभव अरोड़ा का शिकार हुए। यशस्वी जायसवाल 9 बाल पर 19 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में वैभव अरोड़ा के खिलाफ एक छक्का और एक चौका लगाया।




वैभव ने फिर कमबैक किया और पांचवीं बाल पर यशस्वी को फर्स्ट स्लिप में वेंकटेश अय्यर के हाथों कैच करा दिया। 224 रन के टारगेट का पीछा करते हुए राजस्थान रायल्स ने पहले ओवर में 11 रन बनाए। टीम से इम्पैक्ट प्लेयर जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करने उतरे। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता से पहला ओवर फेंका। कोलकाता से आखिर में रिंकू सिंह ने 9 बाल पर 20 रन बनाए। उनकी पारी की मदद से कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 223 रन बना दिए। उनके साथ रमनदीप सिंह एक रन बनाकर नाटआउट रहे। कोलकाता को छठा झटका 20वें ओवर में लगा। कुलदीप सेन ने वेंकटेश अय्यर को एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच कराया। वेंकटेश ने 6 बाल पर 8 रन बनाए। कुलदीप ने इससे पहले अंगकृष रघुवंशी को भी पवेलियन भेजा था। सुनील नरेन को ट्रेंट बोल्ट ने बोल्ड किया। नरेन ने 56 बाल पर 109 रन बनाए, इस पारी में 13 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। उनका स्ट्राइक रेट 194.64 का रहा। 17वें ओवर में आंद्रे रसेल आउट हुए, उन्हें आवेश खान ने डीप कवर्स पर कैच आउट कराया। रसेल ने 10 बाल पर 13 रन बनाए।

# ग्लेन मैक्सवेल ने बीच आईपीएल में लिया ब्रेक

**नई दिल्ली।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 से कुछ समय के लिए ब्रेक ले लिया है। हालांकि, वह कब तक वापसी करेंगे, यह स्पष्ट नहीं है। मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को रेस्ट देने के लिए ऐसा किया है।

मैक्सवेल का आईपीएल 2024 में अब तक खेले मैचों में प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है। उन्होंने इस सीजन के खेले 6 पारियों में केवल 32 रन बनाए, जिसमें तीन बार वह जीरो पर आउट हुए। हालांकि, आईपीएल में आने से पहले वह जबरदस्त फार्म में थे। उन्होंने पिछले साल के नवंबर से आईपीएलशुरू होने तक खेले 17 टी-20 मैचों में 42.46 की औसत और185.85 स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो शतक भी लगाए थे। आईपीएल के शुरुआती मैचों में खराब प्रदर्शन की वजह से ही उन्होंने सोमवार को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच से खुद को बाहर कर लिया था। ग्लेन मैक्सवेल ने बताया कि उन्होंने सनराइजर्स के खिलाफ



### आराम की तलब

- रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज वह कब तक वापसी करेंगे, यह बात अभी तक स्पष्ट नहीं है
- आईपीएल में अब तक खेले मैचों में प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है, छह पारियों में केवल 32 रन बनाए

मैच से खुद ही हटने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वो सकारात्मक योगदान नहीं दे पा रहे हैं। मैक्सवेल ने कहा, शुरुआती मैचों में मेरा प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा। ऐसे में ए फैसला लेना मेरे लिए आसान था। मैंने पिछले मैच के बाद कप्तान फाफ डु पलेसिस और कोचों से बात की और कहा कि किसी और खिलाड़ी को मौका देना चाहिए। मैं पहले भी ऐसी स्थिति में रहा हूं, जहां आप खेलते रहते हैं और खुद को और मुश्किल में डाल लेते हैं। अभी यही सही समय है कि मैं खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से आराम दूं। मैक्सवेल ने आगे कहा कि टीम के प्रदर्शन को देखते हुए ए फैसला आसान था। हमारी टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर रही है। मेरा खुद का प्रदर्शन भी टीम के प्रदर्शन को ही दर्शाता है। पावरप्ले और बीच के ओवरों में हम पिछले कुछ सीजन में काफी अच्छा प्रदर्शन करते थे, लेकिन इस बार काफी कमी रह गई है। मुझे लगा कि मैं पाजिटिव योगदान नहीं दे पा रहा हूं। उसे देखते हुए किसी और खिलाड़ी को मौका देना सही होगा। उम्मीद है कि कोई नया खिलाड़ी इस जगह पर अच्छा प्रदर्शन कर पाएगा। ग्लेन मैक्सवेल को उम्मीद है कि जल्दी वह शारी. रिक रूप से फिर आईपीएलमें खेलने को तैयार कर लेंगे।

### युजवेंद्र चहल अभी तक आईपीएल के टॉप विकेट टेकर

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में फिल साल्ट ने इस साल खेले 5 मैच में 159.17 की स्ट्राइक रेट से 191 रन बनाए हैं। दो अर्धशतक भी जमा चुके हैं। वह केकेआर के टॉप स्कोरर भी हैं। वहीं पिछले साल उन्होंने 9 मैचों में 163.91 की स्ट्राइक रेट से 218 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने अब तक खेले 6 मैचों में 155.29 की स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए हैं। वह तीन अर्धशतक भी जमा चुके हैं। वह इस सीजन राजस्थान के दूसरे टॉप स्कोरर हैं। पहले ही मैच में उन्होंने होम ग्राउंड पर नाबाद 82 रन की पारी खेली थी। बल्लेबाज के तौर पर जोस बटलर, रियान पराग और रिंकू सिंह को शामिल कर सकते हैं। जोस बटलर इस सीजन में शतक जमा चुके हैं। अब तक खेले 5 मैचों में 131. 19 की स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए हैं। पिछले सीजन के 14 मैचों में 139.01 की स्ट्राइक रेट से 392 रन बनाए थे। रियान पराग इस सीजन राजस्थान के टॉप स्कोरर हैं। अब तक खेले 6 मैचों में 155.19 की स्ट्राइक रेट से 284 रन बनाए हैं, जिनमें तीन हाफ सेंचुरी भी शामिल हैं। वह आईपीएलके इस सीजन में विराट कोहली के बाद दूसरे टॉप स्कोरर भी हैं।

### खेल खास खबर

## आईआरएस एकादश ने जीता यमुना ट्राफी आफिसर्स कप



**नई दिल्ली।** यमुना को साफ स्वच्छ रखने के संकल्प और पर्यावरण संरक्षण को लेकर नौवीं यमुना ट्राफी चैम्पियनशिप आफिसर्स कप के फाईनल में आईआरएस एकादश ने दानिक्स एकादश को 51 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा किया। अक्षरधााम के सीडब्लयूजी मैदान में माननीय न्यायाधीश संगीता ढींगरा सहगल (सीडीआरसी) दिल्ली स्टेट अध्यक्षा ने टॉस सिक्का उछालकर मैच की शुरुआत की। आईआरएस एकादश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 191 रन बनाए। इसके बाद आईआरएस के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए दानिक्स एकादश के सात विकेट चटकाते हुए उसने 140 के स्कोर पर रोककर मुकाबला 51 रनों से जीत लिया। इस अवसर पर इंडियन मीडिया वैलफेयर एसोसिएशन और आईडीएचसी सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जस्टिस सुधाीर अग्रवाल, ज्यूडिशियल मेंबर एनजीटी, दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर अजय चौधरी ने विजेता टीम को विजेता ट्राफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान इम्वा अध्यक्ष राजीव निशाना, अजय कौल, विजय शर्मा, कर्नल नवाब सिंह, आचार्य विक्रमादित्य और गौतम पाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मोहन बागान ने पहली बार आईएसएल शील्ड जीती

## लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया

**कोलकाता।** मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया।

इसके साथ ही मोहन बागान पाइंट टेबल पर पहुंच गया। मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया। मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पाइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया।



- पाइंट टेबल पर पहुंच गया क्लब, बागान की ओर से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए

वहीं मुम्बई सिटी एफसी 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तान और मैच रेफरी। मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। आस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बाक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बाल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में आस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी एफसी को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया। मोहन बागान को 90+2वें मिनट में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जब ब्रैंडन हैमिल को दूसरा यलो द्धरेडऋ कार्ड रेफरी वेंकटेश आर. ने दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। आस्ट्रेलियाई सेंटर-बैक को पहला यलो कार्ड 90+1वें मिनट में मिला था।

# छक्के जड़ने में हैदराबाद के हैनरिक और चौके लगाने में विराट अव्वल

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छक्के लगाने में सनराइजर्स हैदराबाद के हैनरिक क्लासन ने सर्वाधिक 24 छक्के लगाए हैं, वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 35 चौके के साथ शीर्ष पर है।

आईपीएल के 30 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के छह मैचों में क्लासन ने सबसे अधिाक 24 छक्के लगाए है। रॉयल चैलेंजर्स के धााकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 35 चौके लगाकर सबसे आगे चल रहे है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 19 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 18-18 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके बाद चेन्नई सुपर लकग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली



कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15-15 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के विराट कोहली 14-14 छक्कों के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर है। चौकों के मामले में विराट कोहली 35 चौकों के सबसे आगे है। उनके बाद रोहित शर्मा और ट्रैविस माइकल हेड 28-28 चौके दूसरे नंबर पर है। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन 25- 25 चौकों के साथ तीसरे, फाफ डु प्लेसिस 24 चौकों के साथ चौथे तथा फिल साल्ट और बी साई सुदर्शन 23-23 चौकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवैल, यशस्वी जयसवाल, अक्षर पटेल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, सौरभ चौहान, मयंक अग्रवाल, उमेश यादव, राहुल त्रिपाठी, सुमित कुमार, अजमतउल्लाह उमरजई, जयदेव उनादकट, शाहरुख खान और दर्शन नालकंडे एक-एक छक्का लगाते हुए निचले पायदान पर है।

# आईपीएल : हैदराबाद बनाम बेंगलुरु मैच के दौरान लगी रिकॉर्डस की झड़ी

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार रात हुए हाई स्कोरिंग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 25 रन से हराया।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टास जीतकर बालिंग चुनी। एसआरएच ने 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। आरसीबी ने दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 262 रन बनाए और टारगेट चेज करने में असफल रही। मैच में कुल 549 रन बने, जो टी-20 इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले एसआरएच और एमआई के बीच मैच में 523 रन बने थे। एसआरएच ने आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया, टीम ने अपना ही 19 दिन पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। 27 मार्च को टीम ने एमआई के खिलाफ 277 रन बनाए थे वहीं, दूसरी इनिंग्स में आरसीबी ने टी-20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने इसी सीजन एमआई के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। मैच में रनों के साथ ही सबसे ज्यादा बाउंड्री भी लगीं। सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ 22 सिक्स लगाकर एक आईपीएल इनिंग्स में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। टीम ने आरसीबी का रिकॉर्ड तोड़ा साल 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ मुकाबले में टीम ने 21 सिक्स लगाए थे। यह रिकॉर्ड भी बेंगलुरु में ही बना था। एसआरएच ने आरसीबी के खिलाफ प्रोफेशनल टी-20 क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने अफगानिस्तान का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2019 में अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ (278/3) बनाया था। इस मैच में हजरतुल्लाह

- आरसीबी ने दूसरी इनिंग में आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, सबसे ज्यादा बाउंड्री लगीं, मैच में कुल 549 रन बने, जो टी-20 इतिहास में सबसे ज्यादा हैं, इससे पहले एसआरएच और एमआई के बीच मैच के दौरान 523 रन बने थे

जाजई ने 16 छक्कों की मदद से 162' रन बनाए थे। टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड नेपाल के नाम है। साल 2023 में ही नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ एशियन गेम्स में 314 रन बनाए थे। एसआरएच ने आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। आरसीबी के खिलाफ टीम ने 287 रन बनाए। एसआरएच ने अपना



ही रिकॉर्ड महज 19 दिन में तोड़ दिया। इसी आईपीएल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम ने 277 रन बनाए थे। इससे पहले साल 2013 में आरसीबी ने पुणे वारियर्स इंडिया के खिलाफ 263 रन बनाए थे। इसमें क्रिस गेल ने 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। गेल का आईपीएल की एक इनिंग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड आज भी कायम है। आरसीबी के गेंदबाज रीस टॉपली ने आईपीएल में तीसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका। टॉपली ने 4 ओवर में कुल 68 रन दिए। आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल एसआरएच के बसिल थंपी के नाम है। साल 2018 में एसआरएच प्लेयर थंपी के खिलाफ आरसीबी के बैटर्स ने 70 रन बनाए थे। आरसीबी के बैटर्स एसआरएच का स्कोर चेज करने में भले ही नाकाम रहे, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी यानी चेज में आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 262 रन बनाए। टीम ने इसी साल एमआई के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। एमआई ने एसआरएच के खिलाफ 277 रन का चेज करते हुए 246 रन बनाए थे। आरसीबी ने आईपीएल इनिंग्स के पावरप्ले में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। एसआरएच के खिलाफ स्कोर का पीछा करते हुए टीम ने शुरुआती 6 ओवर में बिना विकेट खोए कुल 79 रन बनाए। टीम ने साल 2011 के रिकॉर्ड की बराबरी की। तब कोच्चि टस्कर्स के खिलाफ आरस. ीबी के बैटर्स ने एक विकेट खोकर 79 रन बनाए थे। एसआरएच और आरसीबी के बैटर्स ने मिलकर आईपीएल मैच में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों टीमों ने मिलकर कुल 81 बाउंड्री लगाई, बाउंड्री यानी चौके और छक्के दोनों। टीम ने सीएसके बनाम आरआर मैच का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2010 में सीएसके और आरआर के बीच हुए मैच में चेपाक के मैदान में कुल 69 बाउंड्री लगी थीं। साल 2024 में एसआरएच और एमआई के बीच हुए मुकाबले में 69 बाउंड्री के रिकॉर्ड की बराबरी हुई थी। एसआरएच और आरसीबी के बैटर्स ने मिलकर बेंगलुरु के मैदान पर कुल 38 सिक्स लगाए। टीम ने इसी साल आईपीएल में एसआरएच अे एमआई मैच में कुल 38 सिक्स लगे थे। यह टी-20 क्रिकेट के किसी भी मैच में सबसे ज्यादा है। सोमवार को हुए मुकाबले में इसी रिकॉर्ड की बराबरी हुई।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो कर उनके पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। रोड शो के दौरान नगर के प्रमुख बाजारों में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। रोड शो से पहले मार्गो से वाहन आदि हटवाए गए और डॉग स्क्वायर के माध्यम से तलाशी भी ली गई।

आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो के दृष्टिगत सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। सुबह से ही पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह अलर्ट थे और जगह-जगह पुलिस पीएसी के जवानों को तैनात किया गया था। रोड शो से पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन टाड़ा ने पुलिस लाइन के मैदान पर सुरक्षा कर्मियों को ब्रीफ किया।



उसके पश्चात ही उन्हें रोड शो की सुरक्षा के लिए रवाना किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लगभग 4.30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो भगत सिंह चौक से आरंभ हुआ। रोड शो से पहले ही लोगों की भारी भीड़ सड़कों पर एकत्रित हो गई थी। रोड शो के आरंभ होते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। रोड शो भगत सिंह चौक से आरम्भ होकर बाजार मोरगंज, चौक फव्वार,ा बाजार शहीदगंज, चौकी सराय, नेहरू मार्केट, श्रीराम चौक, भगत सिंह मार्ग होते हुए घंटाघर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। रोड शो को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ रोड शो के साथ चल रहे थे। इनके अलावा ड्रोन के माध्यम से भी रोड शो की निगरानी की जा रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफिले से भीड़ को काफी दूर रखा गया था ताकि किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। हालांकि जगह-जगह व्यापारिक उद्यमी संगठनों द्वारा स्वागत के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री किसी भी स्टॉल पर नहीं रुके, वह अपनी गाड़ी पर ही सवार रहे और गाड़ी से ही जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे। लगभग 25 स्थान पर मुख्यमंत्री स्वागत के लिए स्टॉल लगाए गए थे जहां पर पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत जनता को मुख्यमंत्री काफिले से काफी दूर रखा गया था। इस दौरान प्रदेश के राज्यमंत्री जसवंत सैनी, राजयमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा, नगर विधायक राजीव गुम्बर, महापौर डा. अंजय सिंह, विधायक देवेंद्र निम, विधायक मुकेश चौधरी, विधायक कीरत सिंह, जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सैनी, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी सहित भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संवेदनशील व क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्वक और सुगमता से कराने के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक संकेत एस भोंडवे द्वारा आदर्श आचार संहिता एवं निष्पक्ष निर्वाचन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देते हुए गत रात्रि 12 बजे तक शहर के संवेदनशील एवं क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय व राजकीय इण्टर कॉलेज कमेला कालोनी का भ्रमण किया।

रात्रि भ्रमण के दौरान प्रेक्षक द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया जिसे जिला प्रशासन ने रातों-रात व्यवस्थित कर रिपोर्ट भी प्रेषित कर दी। इस्लामिया डिग्री कालेज पंहुचकर एसएचओ कुतुबशेर से पाबन्द अपराधियों की संख्या व कृत निरोधात्मक कार्यवाही का संज्ञान लिया। इसके उपरान्त आज सुबह मुन्नलाल डिग्री कालेज, थाना मण्डी में स्थित बूथ संख्या 48-53 का निरीक्षण कर जम्बू जैन इण्टर कॉलेज पंहुचे व अस्थायी शेड की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक द्वारा शहर की व्यवस्था का निरीक्षण कर पठानपुरा व रायपुर, बेहट विधानसभा का दौरा किया व हथिनीकुण्ड बैराज स्थित हरियाणा व हिमाचल बार्डर का जायजा लिया। बार्डर पुलिस की निगरानी चुस्त-दुरूस्त दिखी। रात्रि भ्रमण के दौरान एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक उपस्थित रहे।

# सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**सहारनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो की सुरक्षा को देखते हुए आज सुबह से ही नगर के सड़कों पर वाहनों को निर्धारित स्थानों पर खड़े किए जाने की व्यवस्था की गई थी और विभिन्न मार्गो को जाने वाले टैम्पो, ई रिक्शा को भी सड़क किनारे खड़े होने नहीं दिया गया जिस कारण आमजन को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नगर के प्रमुख बाजारों में रोड शो किया। रोड शो की सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा जिसके चलते कोर्ट रोड देहरादून रोड अंबाला रोड से विभिन्न मार्गो को जाने वाले टेम्पो व ई-रिक्शा आदि वाहनों को सड़क किनारे खड़े होने नहीं दिया गया। इस कारण दूर दराज से आने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा क्योंकि इन स्थानों पर ई-रिक्शा एवं टेंपो आमजन को सुलभता से मिल जाते थे लेकिन आज सुरक्षा के कारण टेंपो ई रिक्शा के साथ पंजाब हरियाणा में अन्य जनपदों से आने वाली बसों को भी चौक घंटाघर पर इन मार्गों पर खड़ा नहीं होने दिया था। रोड शो का कम यजा आम जनता को ही भुगतना पड़ा जिसे भाजपा को नुकसान होना भी माना जा सकता है।

# प्रियंका गांधी का रोड शो आज

**सहारनपुर।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आगामी 17 अप्रैल को रोड शो करेंगी और गुरुद्वारे में माथा भी टेकगी।



ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष जावेद साबरी व लोकसभा कोआर्डिनेटर कृष्ण कांत शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा आगामी 17 अप्रैल को प्राईवेट विमान से सरसावा हवाई अड्डे पर पहुंचेगी जहां से वो हेलीकॉप्टर से सिद्ध पीठ मां शाकम्भरी देवी मंदिर पहुंचकर मां शाकम्भरी के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगी और मां शाकंभरी का आशीर्वाद लेंगी। तत्पश्चात सड़क मार्ग से सहारनपुर स्थित गोल कोठी पहुंच कर जैन मंदिर में दर्शन करेंगी। प्रियंका गांधी वाड्रा उसके बाद इमरान मसूद के समर्थन में गोल कोठी से रायवाला मार्केट होते हुए गुरूद्वारा रोड़ तक रोड शो करेंगी। तत्पश्चात गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे मत्था टेककर अरदास भी करेगी। राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के रोड शो में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय सचिव व पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल, पूर्व काबीना मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, प्रदेश महासचिव संजीव शर्मा, समाजवादी पार्टी के विधायक उमर अली खान, एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व मंत्री सरफराज खान समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## सपा महानगर उपाध्यक्ष चांद का पद से इस्तीफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर उपाध्यक्ष शाहनवाज चांद ने अपने पद से इस्तीफा दिया है।

आज महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी को भेजे गये इस्तीफे में महानगर उपाध्यक्ष शाहनवाज चांद ने कहा कि घर की जिम्मेंदारियों के कारण वह पार्टी के कार्यक्रमों में समय नहीं दे पा रहे है। इसलिये घर के कार्यो में व्यवस्त होने के कारण वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे है। जिसे स्वीकार किया जाये।

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी मिर्जापुर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने दुष्कर्म करने के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वादी ने 11 अप्रैल को थाने में तहरीर देकर बताया कि सादिक पुत्र आकिब निवासी ग्राम धानाखंडी थाना देहात कोतवाली ने उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने वादी के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा-363 भादवि में मुक. दमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज पुलिस ने थाना प्रभारी प्रवेश सिंह व उपनिरीक्षकक राममेहर सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी सादिक पुत्र आकिब निवासी ग्राम धानाखंडी थाना देहात कोतवाली को गोल्डन पैलेस विकास नगर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में धारा-376 व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि कर आरोपी को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अपहृत युवती को 12 अप्रैल को ही सकुशल बरामद कर लिया गया।

# लोकतंत्र व संविधान को बडा खतरा: इमरान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेहट विधानसभा क्षेत्र में आज कई स्थानों पर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद ने विभिन्न जलसों को संबोधित कर अपने समर्थन में नागरिकों से वोट डालने की अपील की।

इमरान मसूद ने कहा कि आज देश में अघोषित आपात की स्थिति है, जिससे देश के लोकतंत्र व संविधान दोनों को बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान की रक्षा हेतु कसम उठानी होगी और यदि देश में संविधान और लोकतंत्र ही नहीं रहा तो हम सभी नागरिकों का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। इमरान मसूद ने कहां कि देश कानून और संविधान से चलता है, धर्म और जातियों से नहीं। काजी इमरान ने कहा कि हमारा लो. कतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यह भी सच है कि बाबा साहब अंबेडकर का दिया हुआ संविधान, हमारे राष्ट्र एवं लोकतंत्र की जीवन रेखा है। इस अद्वितीय संविधान के बिना भारतीय लोकतंत्र की परिकल्पना करना भी बेमानी होगी। काजी इमरान ने कहा कि हम देश के इस महान संविधान को बदलने के भाजपाई मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे चाहे इसके लिए हमें कोई भी कुर्बानी क्यों ना देनी पड़े। उन्होंने किसानों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, छोटे व मझौल व्यापारियों आदि सभी वर्गों के नागरिकों के लिए न्याय सुनिश्चित करने हेतु इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने की अपील की।

सपा विधायक उमर अली खान ने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि हम सब मिलकर देश के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करें और भाजपा की सरकार जिस तरह संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करके देश के संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है वह सरासर असंवैधानिक है और हम इसका विरोध करते हुए हर तरह के संघर्ष के लिए तैयार है।

जलसों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप राणा, विनय चौधरी, विवेक चौधरी, गुलबहार अब्बासी, इनाम प्रधान, ताहिर पहलवान, इनायत प्रधान, डा. माजिद, बबली प्रधान, अंकित हरिपुर, राजेश सैनी, नौशाद प्रधान, नौशाद मलिक, राजवीर सैनी, दुष्यंत सैनी आदि सहित हजारों की संख्या में सर्व समाज के स्थानीय नागरिकों ने शिरकत की।

# समस्त मनोरथ पूर्ण करती है मां भगवती: कालेंद्रानंद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में चैत्र नवरात्रि अष्टमी पर पूजा अवसर पर स्वामी कलेद्रानंद महाराज ने कहा मां भगवती समस्त मनोरथ को पूर्ण करती है।

श्री राम कृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्व धाम में आयोजित चैत्र नवरात्रि महोत्सव में अष्टमी नवरात्रि में कन्या पूजन किया गया स्वामी कलेंद्रानंद महाराज ने कन्या पूजन किया कन्याओं के पैर धोकर तिलक लगाया और उनका भोगकर बनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या पूजन के बाद कन्याओं की महाआरती उतरे गई और प्रसाद वितरण किया गया जिसके बाद स्वामी कालेंद्रनंद महाराज ने कहा कि मां भगवती सभी भक्तों की कामना करती है। इसलिये नवरात्र पर मां की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालु मां की असीम कृपा पा सकता है।

इस अवसर पर मेडचंद जैन अश्विनी कंबोज रमेश शर्मा नरेश चंदेल सागर गुप्ता अभिषेक पुंडीर अनिल चौहान अजब सिंह चौहान बबीता सुचेता राजबाला ललतेश बबीता सुनीता वर्षा किरण बबली बदमाश आदि रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक का घेराव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निजी स्कूलों की विभिन्न समस्याओं सहित जेवीएस गर्ल्स इंटर कॉलेज राय वाले की प्रधानाचार्य ने की टी सी काउंटर साइन के प्रकरण को लेकर उत्तर प्रद. ेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक का घेराव कर कार्यवाही की मांग की।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा संगठन के महानगर अध्यक्ष गययूर आलम के साथ टी सी काउंटर साइन करने को लेकर बच्चों के अभिभावक सहित गैर जिम्मेदारी का परिचय देते हुए स्कूल से बाहर निकालने की धमकी दे डाली इससे आक्रोशित होकर जे वी एस इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की गई और जनपद में सभी स्कूलों के बच्चे जो यू डाइस पोर्टल पर अंकित है और उनका पैन नंबर पोर्टल दर्शा रहा है तो ऐसे विद्यार्थियों से काउंटर साइन सहित टी सी मांगना का उचितय नहीं इस प्रकार जनपद स्तर पर शासकीय वह शासकीय इंटर कॉलेज में बिना काउंटर साइन के ही टी सी से प्रवेश किया जाए। आगे श्री मलिक ने कहा की सरकार 9/4 की मान्यता बहाल करें वरना हम सड़कों पर उतरकर आंदोलन भी करेंगे और बिना मान्यता के स्कूलो को संचालित करते रहेंगे जिसकी जिम्मेदार जिला प्रशासन और शासन की होगी।

अमजद अली एडवोकेट केपी सिंह महानगर अध्यक्ष गययूर आलम ने कहा कि कक्षा 10 व 12 में बाह्य 10 छात्रों की अनुमति लेने के लिए भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है 10 से अधिक बच्चों को विषम परिस्थितियों में अनुमति होनी चाहिए बाह्य बच्चों की परमिशन के नाम पर निजी स्कूल संचालको व अभिभावकों को लुटा जा रहा है अविलंब इस पर रोक लगाई जानी चाहिए प्रदर्शनकार्यों में मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र गोरिया एडवोकेट मसरूर मुजाहिद नदीम महताब अली मिर्जा मोहम्मद अहमद अदनान अहमद फिरोज आफताब सरफराज खान दिनेश रुपडी बलिया खेड़ी ब्लाक अध्यक्ष मुकेश सहजावा जोरा सिंह प्रीतम सिंह शिवकुमार मालियांन गुलफान मशरूम अली एडवोकेट गुलफान अहमद उस्मान मलिक घोगरे की विक्रम सिंह प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा को निकाली कलश यात्रा



**सहारनपुर।** श्री शिव मंदिर में आज वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर विराजमान किया गया। इससे पूर्व सुहागिन महिलाओं ने मंगल कलश यात्रा भी निकाली।

आज पेपर मिल रोड न्यू कॉलोनी स्थित श्री शिवमंदिर में धर्मोंचार्यों के सानिध्य में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रतिमा की स्थापना की गई। मूर्ति प्रतिष्ठा स्थापना से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जो शिव मंदिर प्रांगण से आरंभ हुई जिसमें सबसे आगे एक युवा धर्म ध्वजा लिए चल रहा था। उसके साथ भगवान श्री गणेश की एक प्रतिमा विशेष रथ पर विराजमान थी। नगर के प्रमुख बैंड धार्मिक धुनें बजाकर वातावरण को भक्तिमय कर रहे थे। सुहागिन महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थी। मंगल कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर महानगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचकर सम्पन्न हुई जहां पर पूरी आस्था के साथ धर्माचार्य के सानिध्य में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर विराजमान किया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी शिव मंदिर कमेटी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अजय शर्मा, पंडित जीवन प्रकाश, पंडित उनियाल, मुन्नालाल सैनी, राजेश कुमार, सुमन, बाली, ज्योति, बबीता सैनी, श्रीमती आशा शर्मा, सुरभि शर्मा, मेघा शर्मा, मधु शर्मा, विपिन, भानू, जॉनी बंसल, उषा, सीमा, भारतीय सैनी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



# संविधान बदलने पर बहस

लोकसभा के पहले चरण का चुनाव संपन्न होने में कुछ ही दिन शेष हैं, यह 19 अप्रैल को होगा। जाहिर है, चुनाव प्रचार अपने चरम पर है और सभी राजनीतिक दल अपने-अपने मैनुफेस्टो से जनता को लुभाने में लगे हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, लेकिन एक विमर्श जो खुद भाजपा ने दिया है कि अबकी बार 400 पार। इसको लेकर एक नई बहस छिड़ी है। लोग इस 400 के आंकड़े को संविधान बदलने के रूप में देख रहे हैं। विपक्ष भी जोर-शोर से भाजपा को इस मुद्दे पर घेर रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा नहीं मानते और बार-बार संविधान बदलने की बात को वह विपक्ष की हताशा बताते हैं। मंगलवार को भी बिहार के गया में एक रैली में पीएम मोदी ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा संविधान का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। पीएम के मुताबिक यह पूरी तरह से निराधार और भ्रामक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी के पास किसी भी परिस्थिति में संविधान बदलने का साहस और अधिकार नहीं है। वह यहां तक गए कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भी अगर आ जाएं तो वह भी संविधान नहीं बदल सकते। बात किसी हद तक सही भी है संविधान बदलना इतना आसान नहीं है, लेकिन सवाल यह है कि इन बातों को हवा कौन दे रहा है। पीएम मोदी जहां इस बात को नकार रहे हैं, तो वहीं उन्हीं की पार्टी के कुछ नेता 400 पार के आंकड़े को स्वयं ही संविधान बदलने के लिए जरूरी बता रहे हैं। पिछले महीने मार्च में ही कर्नाटक के भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने कहा था कि हिन्दुओं को फायदा पहुंचाने के लिए संविधान से धर्म निरपेक्ष शब्द हटाया जा सकता है और यह सब बदलने के लिए 400 से अधिक सीटों का आना अत्यंत आवश्यक है। बाद में जब इस पर विवाद हुआ, तो भाजपा ने उनके बयानों से पल्ला झाड़ लिया और निजी बयान बता डाला, लेकिन हेगड़े अकेले व्यक्ति नहीं हैं जिन्होंने यह बात कही है। कल ही भाजपा के फैजाबाद अयोध्या से उम्मीदवार लल्लन सिंह ने भी संविधान के संबंध में ऐसा बयान दिया और बदलने की बात कही। मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल भी कह रहे हैं कि जब संविधान जब हमारा बना था, तो यह सब परिस्थितियों के अनुसार धीरे-धीरे चेंज हुआ और चेंज करना परिवर्तन की निशानी है। ज्योति मिर्धा भी ऐसा ही बयान दे चुके हैं। इस तरह कई नाम सामने आ चुके हैं और यह सब भाजपा से ही संबंधित हैं। तो असल सवाल यह भी खड़ा होता है कि जब पीएम यह कह रहे हैं कि संविधान कोई नहीं बदल सकता, तो फिर उनकी ही पार्टी के छोटे नेता इस तरह की बयानबाजी क्यों कर रहे हैं। उन्हें ऐसा करने से रोका क्यों नहीं जा रहा है। जाहिर है ये तमाम चीजें हैं जो विपक्ष को भाजपा पर हमलावर होने का मौका दे रही हैं और पीएम मोदी सहित अन्य नेताओं को सफाई देनी पड़ रही है। ऐसे लोगों की कमी भी नहीं है जो यह मानकर चल रहे हैं कि भाजपा छोटे स्तर के नेताओं को आगे रखकर इस तरह के मुद्दे को जिंदा रखना चाहती है।

## कांग्रेस की सरकार बनते ही अग्निपथ योजना रद्द



केंद्र में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है, तो अग्निपथ योजना को रद्द किया जाएगा, अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है, यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है, जिसे सेना पर थोप दिया गया है, शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है, उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए, इंडिया समूह की सरकार बनते ही हम इस योजना को तुरंत रद्द कर पुरानी स्थाई भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू करेंगे।

-राहुल गांधी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

# सियासी फिजाओं में छाए घने बादलों से दिल्ली क्यों सहमी





तौसीफ कुरैशी

सियासी फिजाओ में जब घने बादल छाने लगते हैं तब यह स्पष्ट होने लगता हैं कि कुछ तो गड़बड़ है साम्प्रदायिकता की आड़ में सत्ता सुख भोग रही भाजपा को क्या यह अहसास हो चला है कि अब धार्मिक ध्रुवीकरण से काम चलने वाला नहीं है या अभी भी यह लगता हैं कि इस बार भी चुनावी नैया हिन्दू मुसलमान करके पार हो जाएगी जो वह करने की भरसक कोशिश करती देखी गई है परन्तु इस बार का चुनावी माहौल देशभर में भाजपा के अनुकूल नहीं रहा है मात्र दो दिनों के बाद पहले दौर का मतदान हो जाएगा लेकिन अभी तक वह अपने ऐजेंडे पर चुनाव को ले जाने पर कामयाब नहीं हो पा रही है यही कारण है कि वह हाफती नजर आ रही है उसे यह भी भय सता रहा है कि सत्ता जाने के बाद क्या सत्ता में रहते हुए जो मनमर्जी की है उसका हिसाब किताब देना होगा और जो आज दूसरों के लिए कर रहे है वही हमारे साथ भी होगा यही भय उसकी हार का कारण बनने जा रहा है या यह उसकी ताकत बनने का कारण बनने जा रहा है आओ चले कुछ हालात पर रोशनी डालते हैं कि क्या हो रहा है और होने का क्या जा रहा है भाजपा और विपक्ष के बीच क्या अंतर है। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा का नारा है 400 पार राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है लेकिन हमें यह सोचना और समझना है कि यह संभव है या नहीं या सिर्फ नारा दिया गया है जनता को और विपक्ष को भ्रमित करने के लिए या हकीकत में यह हो भी सकता है ऐसा हुआ भी है इससे इंकार नहीं किया जा सकता हैं, लेकिन वह परिस्थितियां अलग थी आज ऐसा नहीं है।

कांग्रेस ने 1984 में इंदिरा गांधी जी की हत्या के बाद हुए आम चुनाव में देश व्यापी सहानुभूति की लहर थी और कांग्रेस 400 पार गई थी कांग्रेस, (आई) अकेली 419 जीतने में कामयाब रही थी श्ए चुनाव अपरोक्ष रूप से इंदिरा गांधी जी की स्मृतियों ने लड़ा था राजीव गांधी जी तो नए ही थे राजनीति में कांग्रेस ने एकतरफा ऐतिहा. सिक जीत हासिल की थी हालांकि तब पंजाब और असम सहित कुछेक सीटों पर चुनाव नही हुए थे 543 में 516 पर ही चुनाव हुए थे। अब यह 400 के पार पंहुचने का गणित क्या है कैसे संभव है जब उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड एक था तब यहां 85 सीटें थीं उसमे कांग्रेस ने 83 जीती थी बाकी 2 सीट लोकदल को मिली थी अब ए इतिहास कैसे दोहराया जा सकता हैं यह देखने वाली बात है उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छा करने के लिए जाटों के नेता रहे चौधरी चरण सिंह के पोते को अपने साथ मिलाया गया उसके लिए उनके पोते का दिल जीतने के लिए उनके दादा पूर्व प्रधानमंत्री स्वं चौधरी चरण सिंह जी को भारत का सर्वोच्च भारत रत्न जैसा महत्वपूर्ण एवार्ड भी दिया गया वह उसके हकदार नहीं थे ऐसा नहीं है वह उस एवार्ड के हकदार थे लेकिन जिस वजह से दिया गया वह गलत माना गया खैर हम इस बहस में नहीं पड़ते हैं उनके पोते को साथ लेने के बाद भी यूपी जैसे बड़े राज्य में क्या भाजपा और उसका गठबंधन सारी सीटें जीतने में सक्षम है ऐसा संभव नहीं लग रहा है। अमेठी, रायबरेली, मैनपुरी, संभल, मुरादाबाद, आजमगढ़, मुजफ्फरनगर, कैराना, बंदायू, गाजीपुर व इलाहाबाद क्या ए सीटें फंसी हुई नहीं है, बिहार और झारखंड में कुल मिलाकर 54 सीटों में 48 कांग्रेस के पास थी अब यही समीकरण भाजपा को दो. हराना होगा जबकि जमीनी हकीकत यहां कुछ ओर बयान कर रही है इन दोनों प्रदेशों में 2019 भी दोहराना मुश्किल हो रहा है अब सवाल है कि बिहार और झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल कुल मिलाकर बहुत मजबूत चुनाव लड़ते दिख रहे है यहां यह उल्लेख करना भी जरूरी है कि भाजपा ने अपने सभी दावपेच किए नैतिक या अनैतिक कुछ नहीं छोड़ा चाहे नीतीश कुमार को यह कहने के बाद भी कि अब कभी नीतीश कुमार को भाजपा अपने साथ नहीं लेगी लेकिन नाक रगड़कर लिया ए हम सबने देखा और गोदी मीडिया के द्वारा यह प्रचार कराया गया कि पलटी राम नीतीश कुमार ने पलटी मार ली जबकि नीतीश कुमार भाजपा की मजबूरी थी ना के नीतीश कुमार की खैर झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन ने भाजपा की वाशिंग मशीन में भाजपा द्वारा लगाएं गए दाग से धुल कर साफ होने से जब हेमंत सोरेन ने मना कर दिया कि जो दाग मेरे में है ही नहीं भाजपा के द्वारा फर्जी दाग लगाकर अपने साथ लेने के तरीके को फेल कर दिया गया तो उन्हें जेल भेज दिया गया और वह लालू प्रसाद यादव की तरह जेल चले गए लेकिन भाजपा की मशीन को स्वीकार नहीं किया इस लिए यहां भाजपा को बहुत ज्यादा नुक्सान पहुंच रहा है गुजरात में भाजपा तब एक सीट जीती थी मेहसाणा से पटेल साहब जीते थे हो सकता है यहां कांग्रेस एक भी सीट न पाएं यहां मामला कुछ ठीक है मगर मध्य प्रदेश, राजस्थान महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ इन राज्यों में भाजपा को एकतरफा जीतना होगा जैसे कांग्रेस तब जीती थी अब यहां कांग्रेस इतना भी कमजोर नहीं जितना तब भाजपा थी, इन चारों प्रदेशों में भी कांग्रेस भाजपा को उम्मीद से कहीं ज्यादा डेंट लगाती नजर आ रही है महाराष्ट्र और राजस्थान में भी कांग्रेस या इंडिया गठबंधन बढिया प्रदर्शन करती नजर आ रही है यहां हो रहे भाजपा को नुक्सान की कही अन्य प्रदेश में भरपाई होती नहीं दिख रही है। उत्तर भारत भाजपा का धुर्वीकरण के चलते गढ़ रहा है, लेकिन यहां भी भाजपा को टक्कर मिल रही है और रही बात दक्षिण भारत की वहां भाजपा ना पहले बेहतर थी और ना आज बेहतर है तो वहां भी उम्मीद नहीं की जा सकती हैं।दक्षिण भारत में आंध्र प्रदेश को छोड़ दें जहां N T रामाराव का वजूद था बाकी राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत ज्यादा शानदार रहा था यहां ए जानना भी आवश्यक है तब केंद्र में कांग्रेस के बड़े बहुमत के सामने रामाराव की तेलगुदेशम के 30 सांसद ही मुख्य विपक्षी दल था अब भाजपा दक्षिण भारत में कर्नाटक को छोड़कर क्या और राज्यों में बेहतर कर पाएगी जैसे कांग्रेस ने किया था, ऐसा नहीं है और कांग्रेस के हालात कर्नाटक में बहुत बेहतर है वहां भाजपा के लिए नुक्सान के अलावा कुछ नहीं है, पश्चिम बंगाल पहले कम्युनिस्टों का गढ़ था अब तृणमूल का है तो वहां भाजपा और कांग्रेस का मामला बराबर है।

बाकी छोटे राज्यों में भी कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहा कुछेक राज्यों में छिटपुट क्षेत्रीय दल रहे बाकी सब कांग्रेस ही जीती थी बाकी पूरे देश में कांग्रेस ही जीती थी तब कांग्रेस 400 सौ पार पहुंची थी क्या भाजपा के ऐसे हालात नजर आ रहे हैं बिलकुल नही ऐसा प्रतीत हो रहा है कि और इसकी पुष्टि खुद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की हड़बड़ाहट कर रही है उसको इसका अहसास हो चला है कि सरकार बैक नही हो रही है असल में इस चुनाव की सबसे खास बात यह है कि इस चुनाव में ध्रुवीकरण नहीं हो पा रहा है जिसकी वजह से भाजपा भाजपा बनी है यही कारण है आज बेरोजगारी और महंगाई का सवाल मुंह बाय खड़ा है जिसका कोई स्पष्ट जवाब भाजपा के पास नहीं है कांग्रेस के द्वारा जो संकल्प पत्र जारी किया गया है उसकी काट भाजपा के पास नहीं है तीस लाख सरकारी नौकरियां हर गरीब महिला को सालाना एक लाख देने का वादा इस दौर में जब बेरोजगार नौजवान सड़कों पर मारा मारा घूम रहा है पुलिस की लाठियां खा रहा है और महंगाई से परेशान महिलाओं को सालाना एक लाख देने का वादा भाजपा के घोषणा पत्र में बेरोजगारी महंगाई का सकारात्मक तरीके से उल्लेख ना करना बल्कि अगर यह कहा जाए कि यह घोषणा पत्र नहीं मोदी नामा ज्यादा लग रहा है तो गलत नहीं होगा।खैर यह सब होने के बाद ए हालात है पूरा देश का रंग भगवा रंग में रंग जाय तब 400 पार संभव है जो हकीकत से कोसों दूर नजर आ रहा है।इस लिए स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता हैं कि भाजपा के चार सौ पार के दावे में कोई दम नही है यह मात्र एक जुमला है जो विपक्ष और जनता को भ्रमित करने के लिए दिया गया है जिसकी पहले चरण के होने वाले मतदान के पहले ही हवा निकल रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रोज एक सिगरेट पीने पर भी 50 फीसदी खतरा

हर रोज 20 सिगरेट पीने वालों की तुलना में एक सिगरेट पीने वाले को हार्ट अटैक का कितना खतरा होगा? शायद आपका जवाब होगा 5 फीसदी, लेकिन वैज्ञानिक कह रहे हैं कि रोज एक सिगरेट पीने वालों को हार्ट अटैक का खतरा 50 फीसदी रहता है। एक बड़ी रिसर्च हुई, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। रिसर्च के मुताबिक, अगर कोई 20 की बजाए हर रोज एक सिगरेट पीता है तो हम हम सोचते हैं कि खतरा पांच फीसदी ही है, लेकिन यह सिर्फ फेफड़ों के कैंसर के लिए ही सच है, हार्ट अटैक के मामले में एक पैकेट की तुलना में एक सिगरेट से जोखिम महज 50 फीसदी ही कम होता है। सिगरेट पीने वालों को बेवकूफ नहीं बनना चाहिए। दूसरे शब्दों में कहें तो हर दिन कुछ सिगरेट या फिर सिर्फ एक सिगरेट पीने से नुकसान नहीं होगा यह सोचना गलत है। ईमेल पर पूछे सवाल के जवाब में कहा कि यह अच्छा है कि कोई सिगरेट पीने में कमी करे और सकारात्मक रूप से उन्हें इसके लिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए, लेकिन अगर दिल की बीमा. रियों में इसका कोई फायदा लेना है तो उन्हें सिगरेट पूरी तरह से छोड़ना होगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हर साल दुनिया भर में 70 लाख लोग तंबाकू की वजह से मौत के शिकार बनते हैं। इनमें से करीब 20 लाख लोग दिल की बीमारियों से मरते हैं। एक दिन में एक पैकेट सिगरेट पीने वालों की तुलना में हर दिन एक सिगरेट पीने वाले पुरुषों में भी दिल की बीमारियों का जोखिम 46 फीसदी था। अभी इसके कारणों का पता तो नहीं लेकिन महिलाओं में यह थोड़ा कम यानी करीब 31 फीसदी था। इसके पीछे जैविक अंतर या फिर जीवनशैली में फर्क हो सकता है। संपूर्ण रूप में देखें तो लंबे समय तक धूम्रपान से जीवन प्रत्याशा 12-15 साल घट जाती है। पहले जिन नतीजों के बारे में संदेह जताया जा रहा था यह रिसर्च उन्हें पुख्ता करती है। यह अनुमान स्वाभाविक है, जो भी सिगरेट पी रहे हैं उन्हें बंद कर देना चाहिए।



**रिसर्च के मुताबिक आप सिगरेट तभी छोड़ सकते हैं, जब आप उसे छोड़ना चाहेंगे, यदि आप ऐसा करना ही नहीं चाहते, तो फिर यह आपको कभी नहीं छोड़ेगी, सबकुछ इंसान के मस्तिष्क से होता है, यदि आप अपने मस्तिष्क को तैयार करें, तो सिगरेट के बिना भी आपकी बॉडी बेहतर ढंग से काम कर सकती है, हां शुरू में मुश्किलें आ सकती हैं, मगर जल्द ही कामयाबी मिलेगी।**

# युवाओं को अपनी जीवनशैली में बदलाव की जरूरत

भारत में डायबिटीज के मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण इसे डायबिटिज कैपिटल कहा जाने लगा है। इसका सबसे बड़ा कारण है हमारी जीवन शैली में बदलाव। आधुनिक जीवनशैली की बात करें, तो आज डायबिटीज होने की कोई निश्चित उम्र नहीं रह गई है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग हर कोई इस बीमारी की चपेट में आ रहा है। भारत में अब सबसे ज्यादा प्रभाव युवाओं में देखने को मिल रहा है। गलत खान-पान, जंक फूड, स्ट्रीट फूड और शराब-सिगरेट की लत खतरनाक बीमारियों को दावत दे रही है। कहा जाता है जो व्यक्ति स्वस्थ जीवनशैली अपनाता है, वह सारी बीमारियों से दूर रहता है और बुढ़ापा भी देर से आता है। दरअसल, गलत जीवनशैली कई बुरी आदतें भी अपने साथ लाती है। जंक फूड का बढ़ता चलन युवाओं को मोटापे की ओर धकेल रहा है। मोटापा वैसे भी कई बीमारियों की जड़ है। इनमें से एक है- मधुमेह। मगर अपने खान-पान में थोड़ा बदलाव कर आप इसे रोक सकते हैं। शराब और सिगरेट का सेवन कम उम्र में ही मोटापा, हार्ट डिजीज और मधुमेह का कारण बन रहा है। कम उम्र में हुई मौतों के लिए ये बीमारियां जिम्मेदार होती हैं। हम मानें या ना मानें, पर जिस तरह युवाओं और बच्चों की जीवनशैली और खानपान में बदलाव आ रहा है, उसका अगर समय रहते हल नहीं ढूंढा गया, तो देश का भविष्य मानी जाने वाली यह पीढ़ी कई बीमारियों की चपेट में होगी। किशोर और युवा सिगरेट, शराब या बाहर के खाने को जिस तरह तरजीह दे रहे हैं वह चिंता का विषय है। देर रात तक जागना भी इनका लाइफ स्टाइल बन चुका है। नतीजा कई मानसिक विकार भी घर करने लगे हैं। आलस,



थकान और मोटापा सेहत की सबसे बड़ी दुश्मन बनती जा रही है।

डायबिटीज के साथ-साथ युवा अब इन बुरी आदतों के कारण हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज भी बन रहे हैं। कुछ साल पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया था कि जिस तरह युवाओं और किशोरों की जीवनशैली में अचानक बदलाव आए हैं। इस कारण कम उम्र में ही वे मधुमेह, कैंसर और हार्ट की समस्याओं से ग्रस्त होते जा रहे हैं। सही खान-पान का न होना और गलत जीवन शैली के कारण ये बीमारियां तेजी से अपने पांव पसार रही हैं। अफसोस की बात यह है कि जितनी भी बुरी आदतें हैं, सिर्फ फैशन और दिखावे में बने रहने के लिए हैं। परिवार के संस्कार और आदर्श को ताक पर रख कर ये युवा तो इन बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसका खमियाजा इनके परिवार को भी भुगतना पड़ता है। दरअसल, आज युवाओं का एक बड़ा वर्ग ऐसी कई आदतों का शिकार है, जिससे वे समय से पहले ही मधुमेह से ग्रस्त हो रहे हैं। इन तमाम हालात के बावजूद अपने खानपान और दिनचर्या में बदलाव लाकर युवा इस मधुमेह से मुक्ति पा सकते हैं।

जंक फूड जैसे बर्गर, चिप्स, पिज्जा, कोला या कोई भी रेडीमेड फूड सेहत की सबसे बड़ी दुकान है। अच्छा होगा कि हरी सब्जियां, फल, सलाद वगैरह अपने भोजन में शामिल करें। अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय योग और व्यायाम के लिए भी निकालें। आलस छोड़कर शारीरिक मेहनत करें। अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाएं। दिखावे के फेर में न फंसें। सिगरेट-शराब सेहत को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इन्हें न कहें। स्वस्थ दिनचर्या ही सही सेहत देती है।

## तनावग्रस्त पर्यटक आयुर्वेद की शरण में

भागदौड़ की जीवन शैली और कार्यालय में अधिक कामकाज के कारण परेशान विदेशी पर्यटक आयुर्वेद के सहारे अपना तनाव दूर करने भारत आ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश तो फ्रांस के पर्यटकों के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से तनाव दूर करने का प्रमुख केंद्र पर्यटन स्थल बन गया है। हिमाचल के कांगड़ा जिले में फ्रांस के पर्यटकों के तनाव प्रबंधन पर किए गए सर्वेक्षण पर आधारित शोध पत्र में यह जानकारी दी गई है। विश्व में जीवन शैली और दफ्तर में काम के अधिक घंटे होने के कारण लोग तनाव के अधिक शिकार होते जा रहे हैं। इसलिए वे अपना इलाज कराने के लिए भारत आ रहे हैं। इसलिए सरकार को योग के साथ-साथ आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार पर अधिक ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। भूगोल विभाग भी पर्यावरण और वनों में पाए जाने वाले मेडिसिनल पौधों आदि का भी अध्ययन करता है। शोध पत्र के अनुसार देश में कुल 45 लाख डॉक्टर हैं और आबादी सवा अरब हो गई है, इस तरह औसतन 1200 लोगों पर एक डॉक्टर है। भारतीय चिकित्सा पद्धति और होमयोपैथ के सात लाख 85 हजार डॉक्टर हैं, जबकि इनमें से आयुर्वेद के चार लाख 20 हजार डॉक्टर हैं। देश में आयुर्वेद के तीन हजार अस्पताल और 22 हजार डिस्पेंसरियां हैं और नौ हजार दवा की फैक्ट्रियां हैं। श्री सिंह ने कहा कि इतने बड़े देश में जब डॉक्टरों की मांग पूरी नहीं हो रही, तो मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेदिक डॉक्टरों की संख्या और भारतीय चिकित्सा प्रणाली की सुविधा भी बढ़नी चाहिए। पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्र के अनुसार हिमाचल प्रदेश के धौलाधार और कांगड़ा जिला प्राकृतिक चिकित्सा के मेडिकल संयंत्र और स्वास्थ्य रिसोर्ट का बढ़िया केंद्र बन गया है जहां विदेशी पर्यटक इलाज के लिए अधिक आने लगे हैं। कांगड़ा में 2013 में 79 हजार 871 विदेशी पर्यटक आए, जबकि 2014 में विदेशी 89 हजार 84 पर्यटक आए। शोध पत्र के अनुसार 90 प्रतिशत प्रौढ़ महिलाएं विशेषकर अकेली महिलाएं तनाव एवं चिड़चिड़ेपन की शिकार हैं। आधु. निक जीवन शैली, काम के अधिक घंटे, लिव इन रिलेशन भी इस तनाव के लिए जिम्मेदार हैं। हिमाचल प्रदेश में किए गए सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है कि फ्रांसीसी पर्यटक आयुर्वेदिक इलाज से काफी संतुष्ट होकर स्वदेश लौटे हैं। श्री सिंह का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को योग दिवस पर अपने कार्यक्रम में योग के साथ-साथ आयुर्वेद को भी शामिल करना चाहिए।

# ईरान पर पलटवार को नेतन्याहू की बैठकें

## ईरान के खिलाफ नई पाबंदियों की घोषणा करेगा अमेरिका, कर सकता है मिसाइल प्रोजेक्ट भी बैन

**तेहरान/तेल अवीव, वार्ता**

**ईरान ने** 13 अप्रैल को देर रात 300 मिसाइल और ड्रोन के साथ इजरायल पर हमला कर सीरिया में उनके दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया। इसके बाद से इजरायल की जवाबी कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। सोमवार को 2 बार इजरायल में वार कैबिनेट की मीटिंग हुई। इसमें तय किया गया कि इजरायल जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा।

हालांकि, अब तक यह नहीं बताया गया है कि हमला कब और कैसे किया जाएगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट में ईरान के खिलाफ बनाया गया मिलिट्री प्लान देखा गया और उस पर चर्चा हुई। सदस्यों में इस बात को लेकर सहमति है कि इजरायल को जल्द जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। वार कैबिनेट ने उन डिप्लोमैटिक तरीकों पर भी चर्चा की, जिसके जरिए ईरान से बदला लिया जा सके। इस दौरान वार कैबिनेट के सदस्यों में तीखी बहस हुई।

इजरायली अधिकारियों के मुताबिक कैबिनेट के सदस्य बेनी गांट्ज ने सुझाव दिया कि ईरान पर हमला होना चाहिए, पर वो ऐसा नहीं हो जिसमें लोगों की जान जाए। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सऊदी और जार्डन ने इजरायल से अपील की है कि वो ईरान पर जवाबी हमला न करे। इससे पूरा इलाका जंग की भेंट चढ़ जाएगा। ईरान पर पलटवार के लिए इजरायल की वार कैबिनेट 5वीं बैठक करने वाली है। बैठक में तय हो जाएगा की ईरान के खिलाफ क्या फैसला लेना है। इजरायल पर हमले के बाद अमेरिका ईरान के खिलाफ नई पाबंदियों की घोषणा कर सकता है। टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक अमेरिका की ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट येलन वाशिंगटन में प्ड्थ की कान्फ्रेंस के बाद नई पाबंदियों की घोषणा करेंगी। वो दूसरे देशों से भी इन पाबंदियों को लागू करने की अपील कर सकती है। ईरान ने इजरायली अरबपति की कंपनी के जिस जहाज को कब्जे में लिया था, उस पर भारत के अलावा पाकिस्तानी नागरिक भी सवार हैं। वाइस आप अमेरिका की रिपोर्ट के मुताबिक, एमएससी एरीज जहाज पर भारत, फिलिपींस, पाकिस्तान, रूस और एस्टोनिया के क्रू मेंबर्स हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी जहाज को कब्जे में लिए जाने की आलोचना की है। उन्होंने ईरान से मांग की है कि वो कार्गो शिप और क्रू को तुरंत रिहा कर दें। ईरान ने 13 अप्रैल को स्ट्रेट आफ होर्मुज में इजरायली अरबपति के हिस्से वाली ब्रितानी कंपनी के एक जहाज पर कब्जा कर लिया था। यह शिप भारत आ रहा था और इस पर 17 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। विदेश मंत्री जयशंकर से बातचीत के बाद ईरान ने सोमवार को घोषणा की थी कि वो जल्द ही भारतीय अधिकारियों को क्रू से मिलने की इजाजत देगा। ईरान ने 1980-88 के दौरान इराक के साथ जंग के समय बैलिस्टिक मिसाइलें बनाना शुरू कर दिया था। दरअसल, इस जंग में इराक के एयरक्राफ्ट और लंबी दूरी वाली मिसाइलों ने ईरान में भारी तबाही मचाई थी। 1979 में इस्लामिक रिवाल्यूशन के बाद ईरान के अमेरिका और पश्चिमी देशों से रिश्ते बिगड़ गए। ऐसे में उसे एयरक्राफ्ट के पार्ट्स मिलना भी बंद हो गया। ऐसे में ईरान ने लीबिया का रुख किया। साल 1984 में लीबिया ने ईरान को 20 एलडीएम-बी मिसाइलें सप्लाई कीं। इसके बाद ईरान ने नार्थ कोरिया से भी कई मिसाइलें खरीदीं। इनके जरिए ईरान को इराक के खिलाफ खुद को मजबूत करने में मदद मिली। हालांकि, इन मिसाइलों की अधिकतम रेंज 500 किमी ही थी। खाड़ी देशों और इजरायल का सामना करने के लिए ईरान को ज्यादा रेंज वाली मिसाइलों की जरूरत थी। 1998-2003 के बीच ईरान ने शहाब-3 मिसाइल की टेस्टिंग की। माना जाता है कि यह मिसाइल नार्थ कोरिया की नोदोंग मिसाइल पर बेस्ड थी। इसके बाद इस मिसाइल में कई बदलाव कर गदर-1 मिसाइल बनाई गई। इसकी रेंज 1600 किमी थी। इसके बाद से ईरान लगातार नई बैलिस्टिक मिसाइलों की टेस्टिंग करता रहा है। 3 जनवरी 2020 को ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद 7 जनवरी 2020 को ईरान ने इराक में मौजूद अमेरिका की सेना पर 10 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। ईरान-इजरायल जंग का असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। 16 अप्रैल को भारतीय रुपये में अमेरिकी डालर के मुकाबले 9 पैसे की गिरावट देखने को मिली। यह 83.53 रुपये प्रति डालर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। एक्सपर्ट्स के अनुसार इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण अमेरिकी डालर को सपोर्ट मिल रहा है।



- इजरायल की वार कैबिनेट में ईरान के खिलाफ बनाया गया मिलिट्री प्लान देखा गया व उस पर चर्चा हुई
- अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी और जार्डन ने इजरायल से की अपील ईरान पर जवाबी हमला न करे
- ईरान के कब्जे में मौजूद जहाज पर भारतीयों के साथ पाकिस्तानी क्रू मेंबर्स और नागरिक भी मौजूद

### इजरायल के जवाबी कदमों पर ईरान की प्रतिक्रिया और तेज होगी: तेहरान

**अंकारा।** तुर्की में ईरानी राजदूत मोहम्मद हसन हबीबुल्लाहज़ादेह ने मंगलवार को कहा कि तेहरान इस क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है, लेकिन इज़रायल के जवाबी कदमों पर ईरान की प्रतिक्रिया तेज और व्यापक होगी। तुर्की अखबार आयडिनलिक ने राजदूत के हवाले से कहा कि ईरान द्वारा इजरायल पर हमला केवल दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर आतंकवादी हमले में इस्तेमाल किए गए सैन्य लक्ष्यों पर निर्देशित था। ईरानी सशस्त्र बलों ने आर्थिक केंद्रों या नागरिक आबादी केंद्रों पर हमला नहीं किया। ऑपरेशन का मकसद दूसरे पक्ष को स्पष्ट संदेश भेजना था। ईरान इस क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाना नहीं चाहता है। इसलिए, ऑपरेशन के बाद ईरान ने कहा कि यह मुद्दा उसके लिए बंद हो गया है, लेकिन अगर ज़ायोनी शासन जवाबी कार्रवाई करता है, तो उसकी प्रतिक्रिया तेज और व्यापक होगी।



लाहौल-स्पीति। जिले में भूस्खलन के बाद सिस्सू में बंद मनाली-लेह राजमार्ग पर मरम्मत कार्य करते सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मी।

### जापान व इंडोनेशिया में भूकंप के झटके

**टोक्यो/जकार्ता।** जापान के कोशिमा में सोमवार की देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 22:38 बजे कोशिमा से 143 किलोमीटर दूर दक्षिण- पूर्व में महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई। भूकंप का केंद्र 29.47 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 131.74 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 8.0 किमी की गहराई में रहा। वहीं इंडोनेशिया में मंगलवार को मध्यम स्तरीय भूकंप के झटके महसूस किए गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार आज सुबह करीब 07:00 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गई।

## तटीय इक्वाडोर में सशस्त्र हमले में तीन की मौत, दो घायल

**क्विटो, वार्ता**

**दक्षिण-पश्चिमी** इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुयास के साम्बोरोंडोन में सशस्त्र हमले में दो पुलिस अधिकारियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य अधिकारी घायल हो गए।

अटॉर्नी जनरल के कार्यालय (एफजीई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। एफजीई रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ितों को सैन गिल शहर के पास गोली मारी गई, जहां हथियार और गोला-बारूद सहित दो वाहन बरामद हुए। गौरतलब है कि अधिकारियों को अपराध से निपटने में मदद करने के लिए घोषित कर्फ्यू के साथ 90 दिनों की आपातकाल की स्थिति समाप्त होने के बाद से आपराधिक हिंसा फिर से बढ़ गई है। गत 11 अप्रैल को दक्षिण पश्चिम शहर गुआयाकिल के क्रिस्टो डेल कॉन्सुएलो में एक सशस्त्र हमले में एक कम उम्र के बच्चे सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई थी, जो देश में सबसे हिंसक हमलों में से एक था। उल्लेखनीय है कि गत सात अप्रैल को सरकार ने घोषणा की कि देश 'आंतरिक सशस्त्र संघर्ष' से जूझ रहा है और सेना को 'आतंकवादियों' के रूप में वर्गीकृत संगठित सशस्त्र समूहों के खिलाफ कार्रवाई में भाग लेने का आदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### संरा का सूडान में हिंसा को समाप्त करने का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में लंबे समय से जारी हिंसा को समाप्त करने की अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मांग की है। नरसंहार रोकथाम पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष सलाहकार ऐलिस नेडेरिटु ने यहां जारी बयान में सूडान में जारी संघर्ष को पूरा एक साल हो गया है। इस दौरान यहां के लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों के लिए यह समय भयावह रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सूडान में संघर्ष को खत्म करने का आह्वान किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस संघर्ष में भयावह मानवीय संकट गहरा रहा है। यहां लोकतंत्र और स्थिरता की दिशा की ओर बढ़ाए गए कदमों को रोक दिया गया है।

### चिली में डेंगू के 135 मामले दर्ज

**सैंटियागो।** लैटिन अमेरिकी देश चिली में अब तक डेंगू के 135 मामले दर्ज किए गए और सभी पीड़ित दूसरे देशों की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए है। । स्वास्थ्य मंत्रालय के महामारी विज्ञान विभाग के प्रमुख क्रिश्चियन गार्सिया ने यह जानकारी दी। गार्सिया ने बताया कि चिली में स्थानीय स्तर पर डेंगू संक्रमण का कोई मामला नहीं है तथा इससे पीड़ित सभी लोग दूसरे देशों की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए हैं। उन्होंने कहा कि चिली में 2023 में 90 मामले दर्ज किए गए थे और इस साल अब तक यह आंकड़ा बढ़कर 135 हो गया है। पिछले साल से सात क्षेत्रों में डेंगू के लिए स्वास्थ्य चेतावनी लागू है।

### चीन में खराब मौसम के मद्देनजर यलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन में खराब मौसम के मद्देनजर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान प्राधिकरण के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में तूफान, आंधी और ओलावृष्टि के साथ-साथ भारी बारिश के मद्देनजर यहां यलो अलर्ट जारी किया गया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) ने मंगलवार सुबह से बुधवार सुबह तक, गांसु, अनहुई, हुनान, जियांग्शी, झेजियांग, फुज़ियान, सिंचुआन, चोंगकिंग, गुइझोउ और गुआंग्शी के कुछ हिस्सों में तूफान, आंधी और ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। केंद्र ने वाहन चालकों को कम दृश्यता के कारण सावधानी से गाड़ी चलाने और जहाजों को सुरक्षित नेविगेशन दूरी बनाए रखने की सलाह दी।

### ओमान में बाढ़ से 17 लोगों की मौत

**मस्कट।** ओमान में भारी बाढ़ के कारण नौ स्कूली बच्चों सहित 17 लोगों की मौत हो गई। अल अरबिया प्रसारक ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक बचावकर्मी प्रभावित क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ओमान में पिछले कुछ दिनों में लगातार बारिश होने के कारण बाढ़ आ गई है।

## तुर्की में तीन महीनों से जहाज पर फंसे 12 भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत के 12 नाविक एजेंट्स के झांसे में आकर तुर्की के एक जहाज पर फंस गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की के इस्तांबुल के अंबरली बंदरगाह पर एमवी फातमा ईलूल नाम का जहाज फंसा है। इसमें भारत के 12 नाविक पिछले साढ़े तीन महीनों से बिना पैसों के गुजारा करने को मजबूर हैं।

इन नाविकों को एजेंट्स ने ठगा है। जहाज के कैप्टन क्लीटस जेसुडासन ने गुहार लगाई है कि या तो हमें आजाद करा लो या हमें मार डालो। हम असहाय महसूस करते हैं, हमारे परिवार के पास गुजर-बसर के पैसे नहीं हैं। हमें जहाज नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। शिप के क्रू ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। पिछले क्रू को सैलरी न दिए जाने की वजह से तुर्की की सरकार ने पिछले साल सितम्बर में डट फातिमा ईलूल को कब्जे में ले लिया था। नाविको को कहना है कि उन्हें नवी मुंबई और बेलापुर की आरपीएसएल कंपनीज एनएएमएस शिप मैनेजमेंट कंपनी और आरएएस मैनेजमेंट कंपनी ने काम पर रखा था। ज्वाइनिंग के समय नहीं बताया गया था कि जहाज तुर्की की अथारिटीज की गिरफ्त में है।



- पीड़ित नागरिक बोले: या तो छोड़ दो या मार डालो, एजेंट्स नौकरी के बहाने ले गए थे

### गाजा में युद्धविराम समझौते की कोशिशों को झटका

## हमास ने सभी शर्तों को किया खारिज

**गाजा।** फलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने नवीनतम बंधक समझौते के प्रस्ताव के सभी शर्तों को खारिज कर दिया है, जिससे समझौते के तहत इज़रायल द्वारा रिहा किए जाने वाले फलिस्तीनी कैदियों की संख्या बढ़ गई है। द टाइम्स ऑफ इज़राइल अखबार ने मंगलवार को एक वरिष्ठ इज़रायली अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, हमास समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में केवल लगभग 20 बंधकों (50 से अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों) को रिहा करने किया जाना है। रिपोर्ट में बताया कि हमास ने यह भी मांग की है कि बंधकों को रिहा करने से पहले इजरायल छह सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो। अखबार ने अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, सिनवार (गाजा पट्टी में हमास प्रमुख याह्या) कोई समझौता नहीं चाहता है। उसे इसकी परवाह नहीं है कि अमेरिकी प्रस्ताव के सभी मापदंडों के संबंध में इजरायल के असाधारण लचीलेपन के बाद भी गाजावासी पीड़ित होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इज़रायल की सीमा में घुसकर और गाजा से बड़े पैमाने पर रॉकेट से हमला किया था। हमले के दौरान इज़राइल में करीब 1,200 लोग मारे गए और अन्य 240 लोगों को हमास के लड़ाके बंधक बना कर ले गए थे।

- समझौते के तहत इज़रायल की ओर से रिहा किए जाने वाले फलस्तीनी कैदियों की संख्या और बढ़ी
- इजरायल अपने कैदियों को रिहा कराने को अस्थायी युद्धविराम समझौता चाहता है: हमास

इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए। गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों का खात्मा करने तथा बंधकों को छुड़ाने के घोषित लक्ष्य के साथ फलस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 33,700 से अधिक लोग मारे गए हैं। जबकि हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य इज्जत अल-रिश्क ने कहा है कि इजरायल गाजा पट्टी में सैन्य अभियान फिर से शुरू करने से पहले अपने बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए हमास के साथ युद्धविराम समझौते की मांग कर रहा है। अल-रिश्क ने अपने बयान में कहा कि इज़रायल अपने कैदियों को रिहा कराने के लिए एक अस्थाई समझौता चाहता है, ताकि उसके बाद युद्ध और विनाश फिर से शुरू किया जा सके। उन्होंने जोर दिया कि इज़रायल की ओर से अपने बंधकों को बलपूर्वक रिहा करने के प्रयास विफल हो गए हैं और प्रतिरोध के साथ वास्तविक समझौते का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गोलीबारी की स्थाई समाप्ति ही सुरक्षा की एकमात्र गारंटी है। उन्होंने इजरायल से फलस्तीनी लोगों का और रक्तपात तथा नरसंहार को रोकने का आह्वान किया और कहा कि हमास इजरायली सेना की पूर्ण वापसी तथा विस्थापित लोगों की उनके घरों में स्वतंत्र रूप से वापसी के लिए प्रतिबद्ध है।

### वेस्ट बैंक में इजरायल की गोलीबारी में दो फलस्तीनी मरे

**रामल्ला।** फस्लस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फलस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने सोमवार को चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि मारे गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुई है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशिदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फस्लस्तीनियों के एक समूह पर 'हमला' किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। इज़रायली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी जारी नहीं की है। फस्लस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गत सात अक्टूबर को गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद से, वेस्ट बैंक में इजरायलियों द्वारा 468 फलस्तीनियों को मार दिया गया है।

## आर्थिक तंगहाली में भी पाकिस्तान ने बढ़ाए परमाणु हथियार

### अमेरिकी अधिकारी ने किया खुलासा, भारत से विवाद के बीच न्यूक्लियर वेपन्स को माइर्नाइज किया

**वाशिंगटन, वार्ता**

**आर्थिक** संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखा है। इसका खुलासा अमेरिकी खुफिया अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने अमेरिकी कांग्रेस को ये जानकारी दी है। क्रूस के मुताबिक, पिछले साल भारत के साथ बढ़ते विवाद के बीच पाकिस्तान ने अपने न्यूक्लियर वेपन्स को माडर्नाइज किया।

उन्होंने ये भी बताया कि पाकिस्तान ने अपने न्यूक्लियर मैटिरियल और उसके कमांड और कंट्रोल की सिक्योरिटी को भी बढ़ाया है। अक्टूबर 2023 में, पाकिस्तान ने मध्यम दूरी की अबाबील बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया था, जिसकी रेंज 2200 किलोमीटर थी। अभी कुछ दिन पहले ही एक सीनियर परमाणु वैज्ञानिक और लेफ्टिनेंट जनरल किदवई ने भारत को धमकी दी थी। उन्होंने इस्लामाबाद के इंस्टीटयूट आफ स्ट्रैटजिक स्टडीज में अपने संबोधन के दौरान कहा था कि पाकिस्तान का परमाणू कार्यक्रम भारत पर केन्द्रित है। पाकिस्तान के न्यूक्लियर हथियार माडर्नाइज करने की जानकारी उस वक्त आई है, जब पाकिस्तान की नई बनी सरकार ने आईएमएफ से एक और बेल आउट पैकेज की मांग की है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब अभी वाशिंगटन में हैं। वो यहां अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से नए लोन पैकेज पर बात कर रहे हैं। इससे पहले अमेरिका के न्यूक्लियर वैज्ञानिकों ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि पाकिस्तान के पास फिलहाल 170 परमाणु हथियार हैं। जो 2025 तक 200 के पार जा सकते हैं। रिपोर्ट को '2023 पाकिस्तान न्यूक्लियर हैंडबुक' नाम दिया गया है। स्वीडन के थिंक टैंक एसआईपीआरआई ने मुताबिक दुनिया में 12512 परमाणु हथियार हैं। इनमें से 9576 ऐसे हैं, जो हमले के लिए तैयार है। पूरी दुनिया में चीन ने अपने परमाणु हथियारों का जखीरा तेजी से बढ़ाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के 90 प्रतिशत परमाणु हथियार रूस और अमेरिका के पास हैं। वहीं चीन और पाकिस्तान ने भारत के मुकाबले तेजी से अपने परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाई है। पूरी दुनिया में परमाणु हथियारों की रेस शुरू हो चुकी है।





- पाकिस्तान के पास फिलहाल 170 परमाणु हथियार हैं, जो 2025 तक बढ़कर 200 से ज्यादा हो जाएंगे

### पाकिस्तान में 293.94 रुपये प्रति लीटर बिक रहा पेट्रोल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 16 दिन बाद पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर से बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को पेट्रोल के दाम 4.53 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 293.94 पाकिस्तानी रुपये (भारतीय करेंसी में 87.91 रुपये) हो गए। वहीं हाई-स्पीड डीजल 8.14 रुपये बढ़कर 290.38 पाकिस्तानी रुपये हो गया। इसके अलावा केरोसिन आयल की कीमत में भी 6.69 रुपये की बढ़ोतरी हुई। इसका रेट अब 193.8 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पाकिस्तानी मीडिया 'जियो टीवी' के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल की कीमतें बढ़ाने की वजह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दाम में बढ़ोतरी है। दरअसल, ईरान-इजरायल के बीच टकराव की वजह से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं। पाकिस्तान सरकार हर 15 दिनों में ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती है। इस दौरान वैश्विक तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव और स्थानीय मुद्रा के एक्सचेंज रेट के आधार पर उन्हें बढ़ाती या घटाती है। इससे पहले 1 अप्रैल को पेट्रोल की कीमत में 9 रुपये बढ़ा दिए गए थे।

## कश्मीर में लगातार बारिश के कारण तापमान में गिरावट

**श्रीनगर, वार्ता**

- कुछ ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान ताजा हिमपात हुआ

**कश्मीर** घाटी में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने बताया कि मंगलवार से मौसम में सुधार होगा। प्रदेश में शनिवार से हो रही लगातार बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई, जबकि पर्यटक स्थल गुलमर्ग सहित कुछ ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान ताजा हिमपात हुआ। गुलमर्ग और सोनमर्ग के स्कीइंग रिसॉर्ट सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान ताजा हिमपात हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र, श्रीनगर ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 28.3 मिलीमीटर, काजीगुंड में 44.2 मिलीमीटर, पहलगाम में 39.0 मिलीमीटर, कुपवाड़ा में 28.6 मिलीमीटर, कोकेरनाग में 28.9 मिलीमीटर और गुलमर्ग में 32.8 मिलीमीटर बारिश हुई। प्रदेश में मंगलवार दोपहर बाद या शाम तक बादल छाये रहने और छिटपुट स्थानों पर गरज-चमक के साथ छीटें पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 17 अप्रैल को यहां मौसम शुष्क रहने के आसार व्यक्त किए गए हैं। प्रदेश में 18 और 19 अप्रैल को इस अवधि के दौरान गरज-चमक के साथ अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्का हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। प्रदेश में 20 अप्रैल को छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने के आसार हैं।



## 'मिस्टर एंड मिसेज माही' देखने को आलिया भट्ट एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ,राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टरएंडमिसेजमाही 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की और उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है।दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है, साथ ही जर्सी पर 7 नंबर भी लिखा हुआ है। पोस्टर को शेयर करते हुए जाह्नवी ने लिखा, 'जब तक वे एक-दूसरे से नहीं मिले, उन्हें नहीं पता था कि वे अपने सपनों का पीछा कर सकते हैं- रुमिस्टरएंडमिसेजमाही को 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में अपने प्यार और अपने सपनों को तलाशते हुए देखें!' -

### 'यशोदा का नंदलाला' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** काजल राघवानी और गौरव झा स्टारर फिल्म यशोदा का नंदलाला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मैड्ज़ मूवीज प्रेजेंट और वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी काजल राघवानी और गौरव झा स्टारर फिल्म यशोदा का नंदलाला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब और प्रतीक सिंह हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं। ट्रेलर इंटर 10 रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा कि हम जल्द ही फिल्म को रिलीज करेंगे। फिल्म बेहद अच्छी बनकर तैयार हुई है और ट्रेलर के बाद उम्मीद है कि लोगों में फिल्म के प्रति ललक और बढ़ेगी। प्रदीप सिंह ने कहा कि जल्द ही हम फिल्म के रिलीज का डेट अनाउंस करेंगे, लेकिन उससे पहले हम दर्शकों से आग्रह करेंगे कि वह ट्रेलर को देखें और लोगों को भी इसे देखने का आग्रह करें। उन्होंने बताया कि फिल्म यशोदा का नंदलाला आधुनिक युग की कहानी पर आधारित है, जिसमें गौरव झा, काजल राघवानी, रक्षा गुप्ता, ललित उपाध्याय, जे. नीलम, मुख्य भूमिका में हैं।

## जॉर्डन ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाई

**अम्मान।** जॉर्डन की वायु सेना ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। जॉर्डन समाचार एजेंसी ने मंगलवार को जॉर्डन के सशस्त्र बलों के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि यह निर्णय किसी भी पार्टी को किसी भी उद्देश्य के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने की जॉर्डन की दृढ़ स्थिति की पुष्टि करता है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि शनिवार रात को ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गॉर्ड कोर ने इजरायली क्षेत्रों में पहला सीधा तीन सौ से अधिक ड्रोन और मिसाइल हमला किया।


आवश्यकता है

घरेलू खाना बनाने के लिए एक अच्छे बावर्ची (कुक) की आवश्यकता है। महिला हो या पुरुष (महिला को प्राथमिकता दी जायेगी)। मांसाहारी व शाकाहारी हर तरह का खाना बनाने में निपुण हो। परिवार के लिए सुबह-शाम उत्तम भोजन बना सके।



सम्पर्क करें :- 9720007290